माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -180, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 16
माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 15

# राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए ,यूपी से सीखिए

- प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश और योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को दिया संदेश
- बोले, आपने जितना कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर बढ़ रहा

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतिक्षित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। यहां उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को यहां से सबक लेने का संदेश दिया।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा।

प्रधानमंत्री ने स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी उतना सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने खासकर इस बात को इंगित किया कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक पूरे विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग इस राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। मोदी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा इस दौरान उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ,मुख्यमंत्री योगी व राज्यपाल आनंदी बेन।

- रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी देखी





प्रदर्शनी में एक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

## रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

## योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' शब्दावली से की।

## जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

## कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।



## एक नजर

### ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केजरीवाल को ईडी ने छठी बार समन भेजा है।

### चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी अनुचित

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर तथा उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को 'सत्ता का दुरुपयोग' करार देते हुए कहा कि कोचर दंपती की गिरफ्तारी 'बिना सोचे समझे' और कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एनआर. बोरकर की खंडपीठ ने छह फरवरी को कोचर की गिरफ्तारी को अवैध ठहराया था।

### बुजुर्गों की देखभाल को आयोग का स्थिति पत्र

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल में सुधार पर एक स्थिति पत्र जारी किया है जिसमें उनके सम्मान, गरिमा और प्रतिष्ठापूर्ण जीवन पर जोर दिया गया है। नीति आयोग ने सोमवार को यहां बताया कि भारत में नागरिकों की देखभाल में सुधार करना : वरिष्ठ नागरिक देखभाल प्रतिमान की कल्पना शीर्षक से एक स्थिति पत्र जारी किया गया है। इस स्थिति पत्र को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद के. पॉल, सीईओ बी वी आर सुब्रमण्यम और सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव सौरभ गर्ग की उपस्थिति में जारी किया गया।

# एमएसपी की कानूनी गारंटी पर अड़े किसान



हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

चंडीगढ़, एजेंसी

- केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद लेंगे निर्णय

सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे, लेकिन उन्होंने तय किया है कि वे फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग से भी पीछे नहीं हटेंगे। एमएसपी पर किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति के बीच रविवार को बैठक हुई थी जिसके बाद केंद्र की ओर से किसान नेताओं को एमएसपी पर दालों व कपास की खरीद के लिए प्रस्ताव दिए गए थे।

'दिल्ली चलो' अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर डटे हुए हैं। शंभू सीमा पर संवाददाताओं से किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे। कहा कि किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। किसान नेताओं से बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि एनसीसीएफ और नेफेड जैसी सहकारी समितियां उन किसानों के साथ एक समझौता करेंगी जो तुअर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल या मक्का के खेती करते हैं ताकि उनकी फसल अगले पांच वर्षों के लिए एमएसपी पर खरीदी जा सके। फसल खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल भी तैयार किया जाएगा। गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया कि भारतीय कपास निगम पांच साल तक एमएसपी पर किसानों से कपास खरीदेगा।

### मांग न पूरी हुई तो 21 से दिल्ली चलो मार्च

किसान नेताओं ने कहा कि वे सोमवार और मंगलवार को सरकार के प्रस्ताव को लेकर चर्चा करेंगे और उसके बाद आगे का फैसला लेंगे। पंधेर ने अन्य मांगों के समाधान की उम्मीद भी जताई थी और कहा था कि 'दिल्ली चलो' मार्च फिलहाल रुका हुआ है, लेकिन अगर सभी मुद्दे नहीं सुलझे तो 21 फरवरी को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगा। गोयल ने रेखांकित किया कि किसानों की अन्य मांगें नीति-आधारित हैं और गहन चर्चा के बिना समाधान संभव नहीं है।

# सपा ने 11 और सीटों पर उम्मीदवार उतारे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लोकसभा चुनाव**

- मुख्तार के भाई अफजाल की गाजीपुर से उम्मीदवारी बनी चर्चा
- नीरज मौर्य आंवला, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप लड़ेंगे चुनाव

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को उप्र से 11 और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। इस सूची में दो नाम ऐसे हैं जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए। सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी बनाया है। मुजफ्फरनगर, रालोद के प्रभाव वाली सीटों में से एक है। ऐसे में अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते जुदा हैं। हरेंद्र मलिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों का बड़ा नेता माना जाता है। मलिक अल्पसंख्यक समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं।

अफजाल अंसारी के गाजीपुर से सपा के सिंबल पर लड़ने की चर्चा पहले से ही थी। हाल ही में अखिलेश ने उन्हें टिकट देने के संकेत दे दिए थे। संवादाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा था कि आप जैसा सोच रहे हैं वैसा ही है। साल 2016 में अफजाल की पार्टी कौमी एकता दल के सपा में विलय को लेकर ही अखिलेश नाराज हुए थे और अखिलेश का शिवपाल से पहली बार मनमुटाव भी शुरू हुआ था। अफजाल ने उस वक्त पत्रकारों से कौमी एकता दल के सपा में विलय का फैसला रद करने के लिए अखिलेश यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। सपा की लोकसभा उम्मीदवारों की इस दूसरी सूची में पीडीए की झलक भी दिख रही है। सूची में कई चेहरे पुराने हैं। गाजीपुर और मुजफ्फरनगर के अलावा सपा ने आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची में 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे।

# सुरक्षा गार्ड की पत्नी ने दो बेटियों का गला घोंटा

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

- अपने पेट में दरांती घोंपकर की जान देने की कोशिश

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मझरा खेमवाला में रविवार देर रात छह माह की गर्भवती मां ने अपनी दो बेटियों रोशनी (9) और महक (5) की गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने पेट में दरांती (हंसिया) घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया। देवर अमित उर्फ गुड्डू ने बंद कमरे में भाभी व भतीजियों को जगाने के लिए आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। खिड़की की जाली काटकर देखा तब घटना का पता चला।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव लच्छीवाला के मझरा खेमवाला निवासी अमर सिंह का बेटा अरविंद उत्तराखंड के पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडिको खेतान कंपनी में सुरक्षा गार्ड है। रविवार रात वह ड्यूटी पर था तभी उसकी पत्नी संतोष ने बेटी रोशनी व महक की हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी। उसने अपनी दोनों बेटियों के भविष्य की चिंता करते हुए उनकी हत्याकर दी। बाद में खुद जान देने की कोशिश की।

# यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल : मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**कल्किधाम**

- प्रधानमंत्री ने संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में किया कल्कि धाम का शिलान्यास
- मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।





प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।

## मोदी ने विकास के रोडमैप की ली जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदेश में औद्योगिक समेत विभिन्न सेक्टर्स में जारी विकास की बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि भी मौजूद रहे।

पीएम ने ऑल्ट स्वानटेक्स के टेक्सटाइल्स पवेलियन में जाकर ऐपरल व लेदर तकनीक से संबंधित स्लाइड्स देखी और चमड़ा व वस्त्रोद्योग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। ईटीएच एआई सेंटर में देश व उत्तर प्रदेश में एआई के बढ़ते परिदृश्य के बारे में जानकारी ली। एआई के बड़े हब के रूप में उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। ऐसे में लखनऊ में भी एआई सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स सेक्शन के स्टॉल भी लगे थे, जिसमें अडवांस इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स आर्म तथा ड्राइड रोबोट की जानकारी लेने आमजन भी पहुंचे।

### डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका का हुआ प्रदर्शन

डिफेंस सेक्टर से संबंधित लगे पवेलियन में भी पीएम ने जानकारी ली। यहां पर डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका आदि को भी प्रदर्शित किया गया था। डिफेंस सेक्टर का मुख्य आकर्षण एडवांस बुलेट प्रूफ मिलिट्री व्हीकल रहा। जिसके वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शनी में शोकेस किया गया था।

### 26 को योगी करेंगे एम्युनिशन फैसिलिटी का उद्घाटन

डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत क्रियान्वित हुई परियोजनाओं में में खासतौर पर साउथ एशिया के सबसे बड़े एम्युनिशन फैसिलिटी के बारे में जानकारी देते हुए अडाणी डिफेंस व एरोस्पेस के सीनियर मैनेजर, बिजनेस डपलपमेंट वरुण दुग्गल ने कहा कि 26 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन होगा। इस फैसिलिटी में 400 राउंड प्रति मिनट (छोटा कैलिबर) की एम्युनिशन का उत्पादन हो सकेगा।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के निवेश प्रस्तावों के प्रस्तुतिकरण को देखते प्रधानमंत्री मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य। अमृत विचार



लखनऊ आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी। अमृत विचार





ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में अन्य। अमृत विचार



प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

## देश का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा यूपी: योगी

### मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को दी सुरक्षित निवेश की गारंटी, कहा- सुरक्षा, सुशासन और विकास प्रदेश की पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ रिमोट दबाकर भूमिपूजन के मेगा शो में खासे उत्साहित नजर आए। योगी ने उद्यमियों को सुरक्षित निवेश की गांरटी देते हुए कहा कि उप्र अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। भारत का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा है।– यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है, न मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को जीबीसी-4 में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि

पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

**थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वाराणसी से हल्दिया तक यूपी पूर्वी बंदरगाह से जलमार्ग से जुड़ चुका है। उत्तर प्रदेश ने इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी का भी गठन किया है। ईज ऑफ बिजनेस और लीड्स रैंकिंग में हम अचीवर स्टेट हैं। यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है। न मैन पावर की कमी है और न विल पावर का अभाव है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि हर निवेशक यहां आना चाहता है। इसमें हर एक व्यक्ति की जवाबदेही है और पारदर्शिता है। हर निवेशक का सम्मान करता है। अब तो लोग कहने लग गए हैं कि सुरक्षित निवेश यानि उत्तर प्रदेश। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, शासन और प्रशासन के अधिकारी, प्रतिष्ठित निवेशक और उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

### यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा

योगी ने कहा कि वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्च्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि इन शब्दों को आत्मसात कर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 से अबतक हुए इन्वेस्टर्स समिट और जीबीसी की चर्चा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं आगे बढ़ीं।

▶▶ **यूपी में लैंड भी पर्याप्त, बिजली भी भरपूर, मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव**

### धरातल पर उतारने का उत्सव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10–12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। जीबीसी 4 में न केवल औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी बल्कि प्रदेश के 34 लाख से अधिक युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध करने का अद्भुत अवसर होगा।

## चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से लेकर प्रस्थान तक इंदिरागांधी प्रतिष्ठान और आसपास का एरिया छावनी में तब्दील नजर आया। पुलिस महकमे के आला अफसर और पुलिसकर्मी पूरे इलाके में मुस्तैद रहे। हर आने जाने वाले पर उनकी कड़ी नजर रही।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रधानमंत्री को शामिल होना था। इसके चलते उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस महकमा ने पहले से ही खाका खींच दिया था। 13 पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में करीब 33 सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी थी। रविवार सुबह से ही पुलिस कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात नजर आये। इसके अलावा पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर, जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि, जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल, सभी डीसीपी व एडीसीपी भी कार्यक्रम स्थल व आसपास लगातार मातहतों को निर्देशित करते रहे।



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुनते अतिथि। अमृत विचार



सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उद्यमी। अमृत विचार



इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग के किनारे बनाए गए मंच पर लोक नृत्य टेढ़िया की प्रस्तुति देते प्रयागराज के कलाकार। अमृत विचार

## पहले उद्योगपति से मिलने पर राजनेता की छवि होती थी खराब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4-0 के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था, जब जनप्रतिनिधियों व उद्योगपतियों की मुलाकात को बड़े संदेहास्पद दृष्टि से देखा जाता था। किसी भी जनप्रतिनिधि का उद्योगपतियों से मिलना राजनैतिक खतरे की घंटी से कम नहीं माना जाता था। माना जाता था कि राजनेता व उद्योगपतियों का गठजोड़ राष्ट्र के विकास के लिए अच्छा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने साफ नीयत से इस धारणा को पहले गुजरात में फिर देश में बदल कर विकसित भारत की नींव रखी है।

श्री सिंह ने कहा कि राजनेता और उद्योगपति साफ नीयत के साथ मिलकर काम करें तो राष्ट्र प्रगति करेगा। जब प्रधानमंत्री जी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, तबसे यह देश देख रहा है कि किस प्रकार उद्योगपतियों के साथ मिलकर गुजरात में वे बदलाव की ऐसी बयार लेकर आए हैं, जिसकी सुगंध भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में दूर-दूर तक फैली है। देश के अनेक राज्यों के साथ ही गैर भाजपा शासित राज्य भी विकास के गुजरात मॉडल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आपने उद्योगपतियों व राजनेताओं के बीच के संबंध को संकल्प व राजनीतिक शुचिता के माध्यम से देश के विकास की अनिवार्य शर्त बना दिया है। प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है।

▶▶ **रक्षा मंत्री ने कहा-मोदी ने बदली तस्वीर, अब राजनेता और उद्योगपति मिलकर कर रहे देश का विकास**

### मोदी को तीसरी ही नहीं चौथी बार भी पीएम बनने का जताया विश्वास

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना के साथ प्रगति कर रहा है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो खुद को अकेला नहीं पाता हो या किसी क्षेत्र में खुद को पीछे छूटा मानता हो। दस वर्ष में आपने भारत के विकास भवन की जो मजबूत नींव रखी है, उससे जनता को पूर्ण विश्वास है कि आपके तीसरे व चौथे कार्यकाल तक इस विकास भवन का शिखर आसमां की बुलंदियों को छुएगा।

### प्रदेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं योगी

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उप्र आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है। योगी आदित्यनाथ ने सात वर्षों में प्रदेश में इंवेस्टमेंट फ्रेंडली इनवायरमेंट क्रिएट करने की दिशा में जो प्रयास किए हैं, उसकी परिणीति है कि आज प्रदेश में यह जीबीसी हो रही है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। यह जीसीबी निवेश लाने की दिशा में पॉथ ब्रेकिंग सेरेमनी साबित होगी।

## स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव: भूपेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में 10 लाख करोड़ से ज़्यादा की 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतारी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्यमशीलता, स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव है।

कहा कि इसके माध्यम से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के भव्य आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 33.50 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन भी सुनिश्चित करेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावी शासकीय सुधारों, बेहतर कानून-व्यवस्था, प्रगतिशील नीतियों से चालित औद्योगिक विकास पर बल देते हुए अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड, बुनियादी ढांचे, विकास के एजेंडे को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है, जिसमें हवाई अड्डे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल, औद्योगिक गलियारे, औद्योगिक पार्क आदि शामिल हैं।

उन्होंने कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए अनुबंधों को धरातल पर उतारकर हमने यह साबित भी किया है कि हम केवल वादा करने वाले दल नहीं हैं, भाजपा जो कहती है वो करती है।

## उद्यम प्रदेश के साथ योगी को औद्योगिकरण के महागुरु का भी तमगा

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** किसी योगी के अपने तपोबल से महायोगी बनने की तमाम कहानियां है, मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तम से उद्यम का माहौल बनाकर औद्योगीकरण के महागुरु होने की उपाधि पर हासिल कर ली। अवसर था ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन कर देश-दुनिया को यूपी का दम बता रहे थे। वे योगी की क्षमता के इतने कायल हो उठे कि महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरू बनने की क्षमता का सर्टिफिकेट देने से नहीं चुके।

यही फरवरी महीना था, जब पिछले साल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कर्मयोगी की उपाधि दी, लेकिन मुख्यमंत्री की तारीफ में खामोश रहे। अच्छे अभिभावक का यही बड़ा गुण होता है कि परीक्षा की तैयारी में मेहनत के बजाय परिणाम आने पर गौरवान्वित महसूस करता है।

ऐसा ही दृश्य सजीव हुआ प्रधानमंत्री को संबोधन के लिए छोटे-बड़े उद्योगपतियों के लिए बने खास स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर हाल में। मुख्यमंत्री के चेहरे पर प्रदेश को उद्यम प्रदेश की पहचान दिलाने की रात-दिन तैयारी के बाद सोमवार को परीक्षा देने की थकान जरूर थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने जब उनकी एक साल ही नहीं, बल्कि सात साल की मेहनत के परिणाम सुनाने शुरू किए तो एक परीक्षार्थी की तरह मुख्यमंत्री योगी आगे की चुनौतियों के लिए और दृढ़ प्रतिज्ञ दिख रहे थे। हाल में तालियों की गड़गड़ाहट उनका जोश बढ़ा रही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक-एक शब्द योगी की कर्मनिष्ठता की मिशाल दे रहा था। राजनीति के जानकार कहते हैं कि यह पहली बार था, जब मोदी ने योगी की इतनी जबरदस्त तारीफ तथ्यों के साथ किसी मंच से की हो।

शुरूआत में ही मोदी बोले कि 'मैं योगी जी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दल से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए।'

मोदी ने इससे आगे देश में भाजपा शासित अपने मुख्यमंत्रियों समेत औरों को भी सलाह दे दी कि देश के अन्य राज्यों को निवेश कैसे धरातल पर उतरते हैं, इसे लेकर उत्तर प्रदेश से सीखना चाहिए। साफ है कि योगी को औद्योगिकरण का महागुरू बनने का प्रधानमंत्री की ओर से यह पहला सर्टिफिकेट यूं ही नहीं मिला है। खुद मोदी अन्य राज्यों को चैलेंज देते है कि आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा।

▶▶ **योगी में महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरु बनने की क्षमता**

▶▶ **14,619 परियोजनाओं का एक साथ भूमि पूजन कर यूपी ने दिखाया दम**

### योगी की सात साल की परीक्षा का यह भी रहा परिणाम

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सात साल की सरकार की परीक्षा का परिणाम सुनाया। इसमें पहले का दृश्य गिनाया कि कैसे चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी होती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं। बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में न केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। तब की सरकारों की सोच थी कि देश के नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ। उन्हें हर मूलभूत सुविधा के लिए तरसा के रखो।

## ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है यूपी: नंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लखनऊ:** प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जीसीबी 4.0 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री समेत समस्त अतिथियों, आगंतुकों व निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं।

प्रदेश की यह चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का स्वर्णिम आयोजन भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुनहरा बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास की यात्रा की गाड़ी को दोगुनी रफ्तार प्रदान कर रहे हैं। एक पहिया विकास का है तो दूसरा विरासत का। अभी 22 जनवरी को पूरी दुनिया ने भारतीय संस्कृति के उत्थान का महापर्व देखा है और आज 19 फरवरी को औद्योगिक प्रगति का महाकुंभ संपन्न हो रहा है। नंदी ने कहा कि उद्योग की स्थापना व निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता होती है विश्वसनीयता। जब कथनी व करनी एक हो, तभी निवेशकों का भरोसा अर्जित किया जा सकता है।

▶▶ **सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास को दे रहे दोगुनी रफ्तार**





ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, उप कुलाधिपति डॉ. लता अग्रवाल और हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित जायसवाल। अमृत विचार

## एयरपोर्ट पर रहा चार्टर्ड विमानों का जमावड़ा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए आए देश के दिग्गज उद्यमियों के चार्टर्ड विमानों का चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जमावड़ा रहा। इसके अलावा सैकड़ों उद्यमी साधारण उड़ानें से एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यहां बनाए गये वीवीआईपी लाउंज में सुबह का नाश्ता करने के बाद कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। इस दौरान उद्यमियों ने सांस्कृतिक पंडालों के पास रुककर उनका आनंद उठाया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुतबिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शामिल होने के लिए अपने चार्टर्ड विमान से यहां पहुंचने वालों में अड़ानी ग्रुप के करन अडानी, हिंदुजा समूह के प्रकाश हिदुजा, रविकांत जयपुरिया, जीन मेहता, अनिल सिंह, माधव कृष्ण सिंघानिया, युसूफ अली शामिल है। जबकि सामान्य उड़ानां से आने वालों में हल्दीराम ग्रुप के संजय सिंघानियां, बीकानेर ग्रुप के सुरेश कुमार गोयल व भांगुर सीमेंट गुरप के एचएन भांगुर सहित सैकड़ों उद्यमी शामिल है। वहीं चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आगमन हाल के बाहर दो सांस्कृतिक पंडाल लगाए गये थे। एयरपोर्ट से निकलते ही इन उद्यमियों ने सांस्कृतिक पड़ाल के पास रूककर अपना मनोरंजन करने के साथ ही कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जबकि तीसरा एयरपोर्ट महानिदेशालय के सामने व चौथा एयरपोर्ट से शहीद पथ को जोड़ने वाले फ्लावर पर तथा पांचवां शहीदों की मूर्ति के सामने है।

## एक नजर

### तीन तहसीलदारों की तैनाती में किया गया फेरबदल

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी ने तीन तहसीलदारों की तैनाती में फेरबदल किया है। डीएम आलोक सिंह ने बताया कि अकबरपुर तहसीलदार रणविजय सिंह को डेरापुर तहसील में तैनाती दी गई है। इसी तरह डेरापुर तहसीलदार प्रिया देवी को मैथा तहसीलदार और मैथा तहसीलदार पवन कुमार को अकबरपुर का तहसीलदार बनाया गया है।

### अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**कानपुर देहात।** अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश आवेदन की तारीख बढ़ाकर 29 फरवरी कर दी गई है। सहायक श्रमायुक्त अवधेश कुमार ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय नरूआ बिल्हौर में कक्षा में छह व नौ में 140-140 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक छात्र-छात्राएं तय तारीख में शांत पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### गालीगलौज का वीडियो वायरल होने पर केस दर्ज

**सिकंदरा।** रसधान कस्बे के जरौली चौराहे पर एक युवक के साथ गाली गलौज मारपीट करने व जातिसूचक शब्द प्रयोग पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि प्रशांत कटियार उर्फ लालू व धर्मेंद्र कठेरिया निवासी खालागांव थाना डेरापुर ने शिवम कुमार गौतम निवासी खालागांव को रसधान कस्बा के जरौली चौराहे पर गालीगलौज व मारपीट करने के साथ गालियां दी थी। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सर्प दंश से युवक की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**राजपुर।** सांप काटने से खेत पर काम कर रहे किसान की हालत बिगड़ गई। कमलपुर गांव निवासी दिलीप कुमार (24) ने बताया कि सोमवार को वह खेत पर सरसों की फसल काटने गया था। फसल काटकर ट्रैक्टर ट्राली पर फसल लाद रहा था, तभी उसे सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर शिवकुमार ने इलाज के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### जहर खाने से किशोरी की हालत बिगड़ी

**रसूलाबाद।** विवाद के बाद किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पिटुरा निवासी उमेश सिंह की पुत्री भूरी ने सोमवार को घर में कहासुनी के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उपचार के लिए सीएचसी ले गए।

### अधेड़ ने गटकी डाई, घर वाले अस्पताल ले गए

**रसूलाबाद।** डाई पीने से अधेड़ की हालत बिगड़ गई। सिसाही गांव निवासी हरपाल ने सोमवार को डाई पी ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां ईएमओ डॉ. सौरभ शाक्य ने उपचार किया।

### अकबरपुर आईटीआई में रोजगार मेला कल

**कानपुर देहात।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अकबरपुर में 21 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एनडब्लूएफपी लिमिटेड रनियां, फ्रंटियर एलॉय स्टील लिमिटेड समेत अन्य अधिष्ठान प्रतिभाग करेंगे। कंपनियों में आईटीआई पास आउट अभ्यर्थी फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, एवं अन्य व्यवसाय के पास आउट प्रतिभाग कर सकते हैं, जिसमें 8050 से 10 हजार रुपये प्रति माह का वेतन निर्धारित है। 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

# जिले में लगेंगे 118 उद्यम, मिलेगा रोजगार

## माती के ईको पार्क में जिला स्तरीय ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने की शुरुआत


संबोधित करती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनते अधिकारी। अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद डीएम आलोक सिंह और उद्यमी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के बाद सोमवार को ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी 4.0 का माती ईको पार्क में आयोजन किया गया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि आज जनपद में विभिन्न विभागों के अंतर्गत 4629.34 करोड़ के 118 उद्यमों की स्थापना का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से 9935 लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास से प्रदेश आर्थिक विकास के समस्त क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जी के इस संबोधन में युवाओं के अंदर नया उमंग और जोश भर दिया कि प्रदेश में निवेश के नए-नए अवसर खुल रहे है, जिसमें युवाओं की प्रतिभा के साथ न केवल न्याय किया जा सकेगा। बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे। निवेशकों के अंदर जो उत्साह दिखाई दे रहा है। वैसा उत्साह कभी देखने को नहीं मिला है। यह समय नए उद्यम का है। चुनौतियां है पर उनसे पार पाते हुए हमने रास्ते तलाशे हैं। उसी का परिणाम है कि आज ज्यादा से ज्यादा निवेशक यहां निवेश करना चाहते है।

राज्यमंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास ने निवेशकों के लिए नए दरवाजे खोले हैं। अब प्रदेश में आधार भूत संरचना, संचार, उद्यम के बेहतर त्रिकोण से प्रदेश विकास की नई इबारत लिखने को उत्सुक है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संजीव संबोधन के साथ उत्तर प्रदेश के विकास यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म को भी देखा और सुना। इस मौके पर जिलाधिकारी आलोक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, एडीएम न्यायिक अमित राठौर, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, जीएमडीआईसी मो. साउद, उद्यमी आदि आदि उपस्थित रहे।

# दुराचार में आरोपी दोषी करार, 22 को होगी सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कानपुर नगर जनपद के साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में साढ़े तीन साल पहले हुई थी घटना

**अमृत विचार:** साढ़ क्षेत्र के एक गांव में करीब साढ़े तीन साल पहले शौच करघर वापस जा रही महिला के साथ उसी गांव के युवक ने जबरन दुष्कर्म किया था। मामले में विशेष न्यायालय एससी/एसटी एक्ट की अदालत ने शनिवार को अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया है। अब सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 22 फरवरी की तारीख नियत की है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि कानपुर नगर के साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति की महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 14 अगस्त 2020 की शाम वह खेत से शौच क्रिया कर घर की ओर वापस लौट रही थी। तभी गांव निवासी हलीम ने उसे रास्ते में दबोच लिया और अपने गमछे से उसका मुंह बंद कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था।

उसके शोर मचाने पर ननद दौड़ कर मौके पर आई तो हलीम किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया था। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय एससी/एस टी एक्ट रजत सिन्हा की अदालत में चल रही थी। शनिवार को अदालत ने इस मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार दिया।

# 15 मिनट पहले पहुंचेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- एक बार फिर टाइम एंड मोशन स्टडी आदेश का निकला जिन्न

**अमृत विचार:** निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिषदीय विद्यालयों के गुरुजी को टाइम एंड मोशन स्टडी के नियम में बांधा गया है। कक्षा में शिक्षण कार्यों और बच्चों के साथ सीखने-सिखाने के लिए टाइम एंड मोशन स्टडी का पालन करना होगा। शैक्षिक समय में स्कूल छोड़ा तो कार्रवाई की तलवार कभी भी गिर सकती है। टाइम एंड मोशन स्टडी में प्राप्त विश्लेषण के आधार पर बेहतर शैक्षिक वातावरण बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के लिए निर्धारित अवधि में कोई शिक्षक स्कूल से बाहर नहीं रहेगा। शिक्षक स्कूल शुरु होने से 15 मिनट पहले विद्यालय पहुंचेंगे और छुट्टी होने के बाद 30 मिनट तक स्कूल में उपस्थित रहकर पंजिका व अन्य अभिलेख अपडेट करेंगे। अगले दिन की पढ़ाई की रूपरेखा तैयार करके जाएंगे। स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ये निर्देश जारी किए हैं कि साप्ताहिक कैलेंडर का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनश्चिति किया जाए। यदि शैक्षिक कैलेंडर में निर्धारित समय सारिणी का अनुपालन सुनश्चिति नहीं किया जा सका है तो इसकी प्रतिपूर्ति के लिए अतिरिक्त क्लास की व्यवस्था की जाएगी।

### ब्लॉक स्तर पर नहीं होंगे प्रशिक्षणः बीएसए

शिक्षकों को राज्य परियोजना कार्यालय और एससीईआरटी के प्रशिक्षणों में शामिल होना होगा। जिला या विकासखंड स्तर पर बीएसए या खंड शिक्षा अधिकारी किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित नहीं करेंगे। अनाधिकृत प्रशिक्षण आयोजित करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि महानिदेशक के निर्देशों का पालन करने के लिए सभी बीईओ व प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया जा रहा है।

इसके अलावा स्कूल में पढ़ाई की अवधि में रैली, प्रभात फेरी, मानव श्रृंखला और गोष्ठी का आयोजन नहीं होगा। महानिदेशक के दिशा-निर्देशों के मुताबिक टाइम एंड मोशन स्टडी के आधार पर विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों के लिए समय अवधि एवं कार्य निर्धारण को लेकर की जा रही कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। ऐसे में बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने जनपद में इनका अनुपालन सुनश्चिति कराएं। उन्होंने स्कूलों में पढ़ाई के घंटे समेत सभी शैक्षणिक कार्यों के लिए निर्धारित समय-सारिणी के पालन के संबंध में रिपोर्ट भी मांगी है।

शासनादेश में प्रत्येक शैक्षिक सत्र में 240 शिक्षण दिवस का संचालन अनिवार्य किया गया है। निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, डीबीटी एवं अन्य किसी भी सामग्री के वितरण का कार्य विद्यालय अवधि के बाद ही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षकों से हाउस होल्ड सर्वे भी नहीं कराया जाएगा। शिक्षकों के गैरहाजिर मिलने पर वेतन कटेगा।

# मुसीबत का सामना करने की सीख देता सुदामा चरित्र

संवाददाता, रसूलाबाद


कथा सुनाते ललित नारायण त्रिवेदी।

**अमृत विचार:** रहीम नगर पीपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन सोमवार को कथावाचक पंडित ललित नारायण त्रिवेदी ने कंस वध, सुदामा चरित्र व सुखदेव विदाई का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। कथावाचक ने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है।

कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। कथा वाचक कैलाश राजोरिया ने कहा कि कथा श्रवण से मन व आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। सुदामा चरित्र के प्रसंग में कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वही है जो सही दिशा दे और मित्र की गलती पर उसे रोके।

## सार-संक्षेप

### लालपुर स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव की मांग

**कानपुर देहात:** जिला मुख्यालय माती के नजदीक स्थित लालपुर रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव बहाल करने की मांग ग्रामीणों ने रेलमंत्री से की है। उन्होंने सौतेलेपन का आरोप लगाते हुए कोरोना काल के समय से बंद की गई ट्रेनों का ठहराव अन्य स्टेशनों पर करने की बात कही है, जबकि लालपुर स्टेशन पर अभी तक स्टॉपेज नहीं हो सका है। ग्रामीण राकेश चंद्र गुप्ता समेत अन्य ग्रामीणों ने रेलमंत्री को भेजे प्रार्थना पत्र में बताया कि माती जिला मुख्यालय के सबसे पास लालपुर रेलवे स्टेशन है। ग्रामीणों की मांग पर यहां साबरमती व बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव पहले होता था, लेकिन कोरोना काल में ट्रेनों का लालपुर स्टेशन स्टॉपेज बंद कर दिया गया था। इसके बाद पुखरायां, झींझक, रूरा समेत अन्य स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव फिर से शुरू कर दिया गया है, लेकिन लालपुर रेलवे स्टेशन पर पर ट्रेनों का ठहराव अब तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे जिला मुख्यालय समेत आसपास के सैकड़ों गांव के लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने रेलमंत्री से लालपुर स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज फिर से शुरू कराए जाने की मांग की है, जिससे लोगों को लाभ मिल सके।

### आलू लदी ट्राली और डंपर में भिड़ंत, चालक घायल

**मंगलपुर।** कस्बे में आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली व डंपर की भिड़ंत हो गई। हादसे में डंपर चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ट्रैक्टर ट्राली पलटने से आलू की बोरियां सड़क पर बिखर गई, जिसके कारण यातायात कुछ देर के लिए बाधित रहा। सोमवार को औरैया जनपद के दिबियापुर क्षेत्र से एक ट्रैक्टर ट्राली आलू लादकर मंगलपुर कस्बे होते हुए मंडी जा रहा था। इसी बीच एक डंपर मौरंग लादकर मंगलपुर कस्बे से होकर झींझक जा रहा था। दोनों वाहनों की मंगलपुर कस्बे में भिड़ंत हो गई। हादसे में इंद्रजीत उर्फ भूरा नाम का एक व्यक्ति घायल हो गया। वह डंपर चालक बताया जा रहा है। लोगों की मदद से उसे पास के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं भिड़ंत में ट्रैक्टर की ट्राली पलटने से बोरियों में भरा आलू सड़क पर बिखर गया, जिसके कारण यातायात प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आलू को सड़क से हटवाया और दोनों वाहनों को किनारे कराकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

# सड़क निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन


सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन करते जिला पंचायत सदस्य अंकित यादव।

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** विषधन मार्ग से न्योराज गांव तक संपर्क मार्ग के डामरीकरण निर्माण के लिए सोमवार को बिरुहन जिला पंचायत सदस्य ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

जिला पंचायत सदस्य अंकित यादव ने बताया कि रसूलाबाद विषधन मार्ग से न्योराज गांव तक पांच सौ मीटर सड़क का डामरीकरण होगा। जिसमें करीब 17 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके बनने से न्योराज गांव के लिए जाने का रास्ता सुविधाजनक हो जाएगा और हजारों क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी। कहा कि उनका उद्देश्य है कि बिरुहन जिला पंचायत क्षेत्र में सर्वाधिक विकास कार्य हो। जिससे क्षेत्र का प्रत्येक गांव विकसित हो। सड़क का निर्माण शुरू होने पर क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष जताया है। इस मौके पर कपिल यादव, गौरव यादव, धर्मेंद्र, डॉ संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, टिंकू, विजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, दीपू, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

# तालाब के पास गड्ढे में मिला शव

संवाददाता, शिवली


अमित।

**अमृत विचार:** नहरीबरी में खेलते समय गायब हुए मासूम का शव तीसरे दिन तालाब के पास बने एक पानी के गड्ढे मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर छानबीन की।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के रास्तपुर गांव के मजरा नहरीबरी जोगीडेरा में झपटानाथ का ढाई वर्षीय पुत्र अमित शनिवार को खेलते समय अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने आस-पड़ोस में उसकी तलाश की थी। लेकिन मासूम का कहीं पता नहीं चल सका था। परिजनों ने मासूम के तालाब में डूबने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रविवार को पंपिंग सेट लगाकर तालाब का पानी निकलवाया था। लेकिन पता नहीं चल सका था।


मासूम की मौत पर गमगीन परिजन। अमृत विचार

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की हुई पुष्टि

शनिवार की शाम को डूबे मासूम का शव तीसरे दिन सोमवार को तालब के पास बने एक पानी के गड्ढे में मिला। जिसको लेकर ग्रामीणों में चर्चाएं रही कि गड्ढे में पानी ज्यादा पानी भी नहीं भरा था और डूबने के बाद शव उतराकर ऊपर क्यों नहीं आया। देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का डूबना बताया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चर्चाओं पर विराम लग गया है।

तालाब में मासूम के न मिलने पर आसपास तलाश की गई तो तो मासूम का शव बेरी के पेड़ से करीब पचास मीटर दूर तालाब किनारे एक गड्ढे में पड़ा मिला। जानकारी पर मासूम की मां निशा, पिता झपटानाथ आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बाघपुर चौकी प्रभारी कालीचरण ने शव को गड्ढे से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया की खेलते समय बच्चे के पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत की संभावना प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारण पता चल सकेगा।

# पांच शातिर गिरफ्तार प्लास्टिक दाना मिला

संवाददाता, रनियां

- कानपुर नगर के किदवई नगर क्षेत्र से पकड़े गए आरोपी
- पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त की गई डीसीएम बरामद की

**अमृत विचार:** रनियां थाना पुलिस व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर चोरी करने वाले पांच शातिर अभियुक्तों को पकड़ा है। उनके पास से चोरी किए गए करीब 15 लाख 65 हजार रुपये कीमत का प्लास्टिक दाना व घटना में प्रयुक्त डीसीएम भी बरामद कर ली गई है।

जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के चलते रनियां थाना में दर्ज चोरी की घटना के मामले में तेजी से कार्य करते हुए सफलता हासिल की गई है। रविवार को थाना रनियां पुलिस ने आनंद यादव उर्फ भूरा निवासी ग्राम हृदयपुर थाना गजनेर, सुमित यादव निवासी भगवंतपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर, रोहित यादव उर्फ सिंघम उर्फ ऋषभ निवासी ग्राम हृदयपुर थाना गजनेर, वीरबहादुर यादव उर्फ मंटू यादव निवासी हृदयपुर थाना गजनेर व अंकित गुप्ता निवासी किदवईनगर थाना जूही जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी को चोरी किए गए प्लास्टिक दाना जिसकी कीमत लगभग 15 लाख 65 हजार रुपये व एक डीसीएम के साथ किदवई नगर जनपद कानपुर नगर से पकड़ा गया है। सीओ तनु उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा जाएग। साथ ही घटना में प्रयुक्त डीसीएम को एमवी एक्ट के तहत सीज किया है। उद्यमी रोहित बृजपुरिया ने पुलिस टीम का सम्मान करने की बात कही है।

गोद भराई

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने का किया आह्वान

# ब्लॉक स्तरीय आयुष्मान मेले में मरीजों की उमड़ी भीड़

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार:** पीएचसी में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय आयुष्मान भारत मेले का का आयोजन किया गया। इस दौरान एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाओं का लाभ दिया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राकेश कटियार ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया गया। मेले में कुष्ठ व फाइलेरिया के दस मरीजों को स्वास्थ्य किट वितरित की गई। साथ ही दस लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा पांच गर्भवतियों की गोद भराई रस्म भी की गई।

सोमवार को राजपुर पीएचसी में ब्लॉक स्तरीय आयुष्मान मेले का आयोजन स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर अरुणेंद्र प्रताप सिंह की


डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान को मोमेंटो देते राजपुर पीएचसी प्रभारी।

मौजूदगी में किया गया। इसमें विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से अलग-अलग स्टॉल लगाकर मरीजों की जांच व परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य मेले में 547 मरीजों लाभांवित हुए। इस दौरान 89 मरीजों की ब्लड जांच, 12 मरीजों की मलेरिया और नौ मरीजों का क्षय रोग जांच के लिए सैंपल लिया गया। मेले में कृषि, बाल विकास, शिक्षा, विकास समेत कई विभागों की स्टॉल भी लगाकर सरकार की चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

मेले में गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद मिश्रा ने कहा कि शासन की नीतियों से आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। सीएमओ डॉ. एके सिंह ने जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना के अलावा आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी। बताया कि राजपुर ब्लॉक क्षेत्र में 12 हजार दो सौ गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य है। जिसके सापेक्ष आठ हजार गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से गोल्डन कार्ड बनवाने की अपील की।

कार्यक्रम में एसडीएम सिकंदरा शिखा संखवार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बंशलाल कटियार, फूल चंद कठेरिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार, डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान, जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा.राजकिशोर, डॉ शिवकुमार, डा.शिव विनायक त्रिपाठी, डॉ. सना कौशर, अजय शुक्ला, सभासद आकाश कुमार, प्रदीप सिंह, अजीत कटियार रहे।

### टीवी मुक्त भारत अभियान पर जोर

स्वास्थ्य मेले में भारत मुक्त टीवी अभियान पर जोर दिया गया। सीएमओ डाक्टर एके सिहं ने बताया कि 2025 में देश को टीवी रोग से मुक्त करने के लिए शासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। मेले में क्षेत्र के 51 टीवी रोगियों को जनप्रतिनिधियों ने गोद लेकर उनकी देखभाल का जिम्मा लिया। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक बृजेश दीक्षित ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में कुल 250 टीवी रोग के मरीज चिंहित हैं। जिनमें 12 मरीज एमडीआर है। सभी मरीजों को समय से उपचार किया जा रहा है। मरीजों के बैंक खातों में प्रत्येक महीने 500 रुपये की धनराशि भरण पोषण के लिए दी जा रही है।

# पहिए में फंस 50 मीटर घिसटी महिला की मौत

संवाददाता, रनियां

- रनियां पड़ाव में में हुआ हादसा पति भी गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र के रनियां पड़ाव पर बने अवैध कट के सामने रोड पार करते समय दंपति को टैंक सफाई करने वाले ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस दौरान महिला करीब 50 मीटर घिसटती चली गई। हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि पति का इलाज चल रहा है।


सरोजनी।

रनियां नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 शिवपुरी निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ नीलू कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता जयकरन गौतम व मां सरोजनी देवी (52) निजी कार्य से अकबरपुर जाने के लिए रनियां पड़ाव में सवारी का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान कानपुर से इटावा की ओर जाने वाले लेन पर सीवर टैंक की सफाई करने वाले ट्रैक्टर ने दोनों को कुचल दिया। हादसे में उनकी मां सरोजनी की साड़ी ट्रैक्टर के पहिए में फंस गई और वह करीब 50 मीटर दूर तक घिसटते हुए चली गई। पुलिस ने घायल दंपति को जिला अस्पताल भेजा, जहां ईएमओ ने सरोजनी देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि जयकरन का इलाज चल रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर व चालक को हिरासत में ले लिया है।

### फर्जी एनटी बने युवक की जमानत मंजूर

**कानपुर देहात।** अकबरपुर तहसील में करीब दो महीने पहले फर्जी नायब तहसीलदार बनकर नियुक्ति लेने के मामले में आरोपी युवक की अदालत ने जमानत अर्जी सशर्त जमानत मंजूर कर ली है।

नायब तहसीलदार रवींद्र कुमार मिश्रा ने फतेहपुर के रामनगर क्षेत्र के ढकौली निवासी रोहित मिश्रा के खिलाफ अकबरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि 4 जनवरी 2023 को रोहित मिश्रा तहसील ने आकर कहा कि उसका पीसीएस 2022 में नायब तहसीलदार के पद पर चयन हुआ है। उसकी डीएम से मुलाकात नहीं हो पाई है। रोहित मिश्रा को नियुक्ति पत्र दिखाने को कहा तो वह आनाकानी करने लगा। गहनता से जांच की गई तो मालूम हुआ कि उसका चयन नहीं हुआ है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसे जेल भेज दिया था।

# जाजमऊ में सोलर पॉवर प्लांट, पालिका में स्टेडियम

## ❍ नगर निगम सदन में पांच प्रमुख प्रस्ताव पास ❍ परेड मल्टीलेवल कार पार्किंग के बगल में बनेगी सब्जी और फल मंडी

**शहर के विकास की राह**

- सदन ने राम मंदिर को लेकर सरकार का धन्यवाद प्रस्ताव भी रखा
- एक सप्ताह में सभी पार्षदों को मिलेंगी 14-14 लाइटें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ में सीवरेज फॉर्म की 1253 एकड़ भूमि पर नगर निगम सोलर पॉवर प्लांट लगाएगा जिससे 36 एमएलडी सीईटीपी को चलाया जायेगा। अभी नगर निगम प्लांट को सुचारू चलाने के लिये बिजली के 50 फीसदी भार का वहन करता है। सोलर प्लांट लगने के बाद नगर निगम के ऊपर यह भार कम हो जायेगा। सोमवार को हुये नगर निगम सदन में नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने कुल चार प्रस्ताव पेश किये। जिसमें सोलर पॉवर प्लांट समेत पालिका स्टेडियम में फ्लड लाइट युक्त क्रिकेट स्टेडियम, परेड में सब्जी व फल मार्केट के साथ ही स्वरूप नगर में महिला मार्केट निर्माण का प्रस्ताव पेश किया गया। प्रस्ताव पर सदन की सैद्धांतिक सहमति के बाद शासन की अनुमति के लिये भेजने की तैयारी शुरू हो गई है।

महापौर प्रमिला पांडेय ने सोमवार को 26 अगस्त 2023 और 9 अक्टूबर 2023 को पूर्व सदन में दिये गये निर्देश और प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही से पार्षदों को अवगत कराने के लिये सदन को बुलाया था। अपर नगर आयुक्त मो. आवेश ने सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुये बताया कि पिछले सदनों में कुल 27 प्रस्तावों को अनुमोदन के लिये रखा गया जिसमें से 13 को आगे बढ़ाया गया। इसमें गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट, आंधी-पानी में पेड़ों के कटान के लिये टीम की स्वीकृति, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की आकस्मिक दुर्घटना में मौत पर 5 लाख बीमा आदि के प्रस्ताव को आगे बढ़ाया गया। इसके तुरंत बाद सदन ने राम मंदिर को लेकर सरकार का धन्यवाद प्रस्ताव भी रखा गया। इसके बाद नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सदन के मंच से नये प्रस्तावों को रखा, जिसे सदन ने स्वीकृति दे दी।



महापौर से भिड़ रहे भाजपा पार्षद हरि स्वरूप को रोकने की कोशिश करते पार्षद नवीन पंडित। अमृत विचार

### पार्षदों की शिकायत प्रतिदिन सुनेंगे नोडल अधिकारी

वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने पार्षदों की शिकायत पर कोई ध्यान न देने की बात कही। इस पर नगर आयुक्त शिवशरणप्पा ने अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कुछ अधिकारी सीयूजी नंबर भी बंद रखते हैं। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को पार्षदों की शिकायत सुनने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया, और कहा कि कोई भी अधिकारी अपनो फोन अब बंद नहीं रखेगा।

### स्वरूप नगर में महिला मार्केट और काम्प्लेक्स

स्वरूप नगर में अब नगर निगम अपने संसाधनों से महिला मार्केट व काम्प्लेक्स का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को सदन ने सोमवार को सैद्धांतिक सहमति दे दी। नगर आयुक्त ने बताया कि अब इस प्रस्ताव को शासन से अनुमति लेने के लिये भेजा जायेगा। बता दें कि इससे पहले महिला मार्केट का निर्माण म्यूनिसिपल बांड से एकत्र किये जाने वाले पैसे से होना था। लेकिन, बांड के कैंसिल होने के बाद निर्माण का रास्ता बंद हो गया। इस योजना में करीब 100 करोड़ खर्च होंगे।

### भाजपा पार्षद महापौर से भिड़ा

सदन के सामने अपनी बात रखने को लेकर भाजपा पार्षद महापौर से भिड़ गया। पार्षद हरी स्वरूप तिवारी ने विकास कार्य ने होने को लेकर नाराजगी जताई। महापौर ने चुप रहने को कहा, लेकिन पार्षद बोलने के लिए अड़ गये। इस पर महापौर ने उसे सदन से बाहर जाने को कहा। पार्षद जाने लगा तो नेता सदन ने उसे गले लगाकर बैठा दिया।

**27** प्रस्तावों को अनुमोदन के लिये रखा गया

**1253** एकड़ भूमि पर सोलर पॉवर प्लांट

**36** एमएलडी सीईटीपी को चलाया जायेगा

**50** फीसदी बिजली भार कम हो जाएगा

**100** करोड़ से बनेगा महिला मार्केट

### पालिका स्टेडियम में फ्लडलाइट युक्त क्रिकेट मैदान बनेगा

नगर निगम पालिका स्टेडियम में फ्लड युक्त क्रिकेट मैदान बनाएगा। जिसमें छोटी लीग व अन्य तरह के खेल हो सकेंगे। मैदान के बनने के बाद शहर को एक और उच्च गुणवत्ता का स्टेडियम मिल जायेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम परेड मल्टीलेवल कार पार्किंग के बगल में खाली जमीन पर सब्जी और फल मंडी का निर्माण करेगा। जिससे आम लोगों को एक ही जगह सामान मिल सके। सदन ने इस कार्य की अनुमति दे दी है।



नगर निगम सदन में निर्देश देतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

### यह भी मुद्दे उठे

- पार्षद पवन गुप्ता द्वारा पूर्व स्वतंत्रता सेनानी के गृहकर के मुद्दे को उठाया गया, जिसपर महापौर ने कहा कि हम सिर्फ गृहकर में छूट दे सकते हैं।
- पुनरक्षित बजट और मूल बजट को नियमानुसार सदन में पास करने के लिये फिर से सदन बुलाया जायेगा।
- पार्षद धीरेंद्र त्रिपाठी ने त्वरित कार्य के लिये 10 हजार रुपये की पॉवर अधिकारियों को देने की अनुमति देने की मांग की
- टेबल प्रस्ताव पर कार्यवाही की जानकारी पार्षदों को देने की मांग की गई



अपनी बात रखते पार्षद मोनू गुप्ता। अमृत विचार

### फर्जी दाखिल खारिज की शिकायत पर जांच

पार्षद आकर्ष बाजपेई ने सदन में कहा कि नगर निगम के पंचशाला में खेल कर मंदिर और हिंदू ट्रस्ट की जमीनों का फर्जी तरीके से दाखिल खारिज किया जा रहा है। इसपर महापौर ने जांच के आदेश दिए और संपत्ति अधिकारी अनिरुद्ध सिंह को कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई किसी की भी जमीन पर फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार न हो सकें इसकी निगरानी की जाए।



नगर निगम सदन में मौजूद रहे सभी पार्षद। अमृत विचार

## बाबूपुरवा में बनेगा ऑडिटोरियम

**कानपुर।** दक्षिण के लोगों को अब जल्द ही ऑडिटोरियम मिलेगा। जिसमें छोटे कार्यक्रम के साथ ही मीटिंग व अन्य समारोह आयोजित हो सकेंगे। भाजपा दल के पार्षद नवीन पंडित की ओर से बाबूपुरवा स्थित बीएन भल्ला अस्पताल में ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव दिया गया। जिसे सदन ने सहमति दे दी।

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि प्रमिला सभागार की तर्ज पर ही यह ऑडिटोरियम बनेगा। जिससे दक्षिण क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। यहां की एक हजार लोगों की क्षमता होगी।

### पार्षदों को मिली सौगात

महापौर प्रमिला पांडेय ने सोमवार को सदन में कहा कि पार्षद कोटे के 20 लाख के कार्य वार्ड में कराए जा चुके हैं, कुछ हो रहे हैं। बाकी 5-5 लाख के कार्य जल्द कराए जाएंगे। वहीं कहा कि 2 करोड़ रुपये से 14-14 स्ट्रीट लाइट और लगाई जाएंगी। अधिशाषी अभियन्ता लाइटिंग आरके पाल के रिटायर होने से लाइटिंग का काम प्रभावित था। नगर निगम ने उन्हें एक साल का एक्सटेंशन दिया है। यह बात सुनकर पार्षद गदगद हो गये। कंबल लेकर प्रदर्शन करने नगर निगम पहुंची वार्ड 14 की पार्षद भी शांत बैठी रहीं और चुपचाप चली गईं। वहीं, भाजपा, सपा और कांग्रेस के साथ ही निर्दलीय पार्षदों में एक-दो को छोड़कर सभी चुप्पी साधे रहे।

### एक नजर

#### मां ने डांटा तो जहर खाकर जान दी

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में मर्दनखेड़ा मेहरबान सिंह पुरवा निवासी 17 वर्षीय रजिया को मां आसमां ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर उसने रविवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

#### कार ने युवक को रौंदा

**कानपुर।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पीओपी कर्मी को रौंद दिया था। हैलट में एक माह बाद मौत हो गई। ग्वालटोली निवासी 47 वर्षीय मनीष कुमार पीओपी कर्मी थे। परिजनों ने बताया कि 15 जनवरी को परमट चौराहे पर कार चालक रौंदते हुए भाग निकला था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार को इलाज के दौरान मनीष की हैलट में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई बब्लू की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

#### कैमरे लगाने के लिए जागरूक किया

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने चकेरी थानाक्षेत्र में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में वार्ता की गई। इस दौरान ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा कैमरा लगवाने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक चकेरी के साथ थानाक्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थानों पर गश्त की।

## गैस गीजर लीक, शिक्षिका की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आवास विकास केशवपुरम में हादसा, दरवाजा तोड़कर निकाला शव

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में बाथरूम में गैस गीजर में लीकेज से एक शिक्षिका की मौत हो गई। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया जहां शिक्षिका अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से उन्नाव के रघुवीरखेड़ा तकिया के रहने वाले आवास विकास केशवपुरम निवासी संतोष यादव का गड़रियनपुरवा में ट्रक बॉडी का काम है। उन्होंने बताया कि उनकी 26 वर्षीय बेटी



अमिता यादव।

अमिता यादव का तीन महीने पहले बिहार की शिक्षक भर्ती में चयन हुआ था। 12 फरवरी को चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए वह 11 फरवरी को घर आ गई थी। उन्नाव से शादी से घर लौटने के बाद 16 फरवरी की शाम नहाने के लिए बाथरूम में गई, लेकिन बाहर नहीं निकली। काफी देर तक बाथरूम से कोई आवाज नहीं आने पर मां ललिता यादव ने आवाज दी, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद अमिता के पिता संतोष और छोटे भाई अमन यादव को जानकारी दी। दरवाजा तोड़ा तो वह बाथरूम में अचेत पड़ी हुईं थी। परिवार के लोगों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने हैलट के लिए रेफर कर दिया। वहां रविवार देर रात शिक्षिका अमिता की सांसें थम गईं। पिता संतोष ने बताया कि बेटी को निकालते समय बाथरूम में धुआं जैसे भरा हुआ था। रावतपुर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने बताया कि बाथरूम में गीजर की गैस लीकेज से मौत होने की बात कही जा रही है।

### घर में है गैस गीजर तो बरतें सावधानियां

- गीजर से पानी जब गर्म हो जाए तो उसे बंद कर दें।
- गीजर को कंपनी के इंजीनियर से लगवाएं, खुद न कोशिश करें।
- आईएसआई मार्का वाला ही गीजर खरीदें, लोकल कतई न लें।
- देर तक गीजर चालू रहने से ज्यादा गर्म हो जाता है, जिससे फट सकता है।
- बॉयलर पर ज्यादा दबाव पड़ता है, जिससे लीकेज हो सकता है।
- बाथरूम में गैस गीजर होने पर वेंटीलेशन न होने से दम घुट सकता है।
- गैस गीजर ऐसी जगह लगवाएं, जहां खुली जगह और हवा हो।
- गीजर के स्विच की ऊंचाई इतनी होनी चाहिए कि बच्चों के हाथ आसानी से न पहुंच सके।
- बाथरूम का दरवाजा बंद करने से पहले बाल्टी में गर्म पानी भर लें।

## देवर पर गलत करने का आरोप

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में एक महिला ने पति पर दूसरी शादी कर लेने और देवर पर गलत काम करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौबेपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी वर्ष 2008 में राजापुरवा के ट्रक मैकेनिक में हुई थी। ससुरालीजन दहेज की मांग कर उसे परेशान करते थे। आरोप है कि पति ने दूसरी महिला से शादी कर ली। महिला ने बताया कि नौ फरवरी की रात को देवर कमरे में घुस आया और गलत काम करने का प्रयास किया।

## दो पर चाकू से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में मामूली विवाद में कार चालक और उसकी भांजी पर चाकुओं से हमला कर लहूलुहान कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांधीग्राम निवासिनी रिचा श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि रविवार रात वह अपने जीजा देवेंद्र सिंह और भांजे व भांजी के साथ रामादेवी चौराहे पर कार किनारे कर खड़ी थी। तभी एक युवक आया और कार का दरवाजा खोलने का प्रयास करने लगा। जिस पर देवेंद्र ने उसे मना किया तो कुछ देर बाद आरोपी युवक फिर से आया और देवेंद्र के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। बीच बचाव करने पर आरोपी ने उनकी भांजी पर भी चाकू से हमला कर दिया। घायल अवस्था में देवेंद्र को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना के बाद आरोपी युवक मौके से भाग निकला।

इसके बाद रिचा ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## हत्या के प्रयास में पांच वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपर सत्र न्यायाधीश 14 की कोर्ट का फैसला

**अमृत विचार।** इलेक्ट्रानिक कारोबारी के गले में रस्सी कस कर पिटाई के बाद मरा समझ कर नहर में फेंकने वाले युवक को कोर्ट ने दोषी ठहराया। कोर्ट ने हत्या के प्रयास के मामले में दोषी युवक को पांच साल का कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। दोषी वर्ष 2006 में कारोबारी को झांसे में लेकर सेन गांव स्थित नहर ले गया था। गुजैनी जी ब्लॉक निवासी अशोक कुमार तिवारी के बेटे नितिन तिवारी की बिजली की दुकान थी। 11 जून 2006 को दुकान में नितिन बैठा था, तभी मोहल्ले में ही रहने वाला विनोद अपने एक साथी के साथ दुकान गया था। नितिन को साथ ले गया था। सेन गांव स्थित नहर के पास पास पहुंचने पर विनोद ने साथी के साथ मिलकर गले में रस्सी बांध कर उसकी जमकर पिटाई की और मरा समझ कर नहर में फेंक कर फरार हो गए थे। काफी देर बाद होश आने पर नितिन ने गांव के प्रधान को घटना की जानकारी दी थी। परिजनों ने बिधनू थाने में कल्याणीपुरवा, बिधनू निवासी विनोद व उसके साथी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला अपर सत्र न्यायाधीश 14 दीपाली सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट ने सजा सुना दी।

**सख्ती** बैराज के दोनों तरफ बैरियर लगाकर सड़क पर तैनात रहे पुलिसकर्मी, वाहन सवारों को रोका-जांचा

## हादसे में कारोबारी की मौत के बाद गंगा बैराज पर चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक स्कूटी पर नशे में धुत तीन युवक पकड़े गए

**अमृत विचार।** गंगाबैराज से बिठूर मार्ग पर तेज रफ्तार कार से स्टंट करने में नाबालिग ने दवा कारोबारी निकेश तलाटी को कुचल दिया था। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई थी। स्टंट के खेल में पूर्व में भी कोई बेगुनाहों की जान जा चुकी है। लेकिन स्टंट से मौत का खेल नहीं थम रहा है। हादसे के तीसरे दिन बाद पुलिस कुंभकरणीय नींद से जागी और ग्राउंड चेकिंग शुरू की। इस दौरान वाहन सवारों में हड़कंप मचा रहा।

कुछ दिन पहले गंगा बैराज पर सब इंस्पेक्टर से उलझती हुई एक युवती का भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बिना हेलमेट स्कूटी चला रही युवती ने रोकने पर सब इंस्पेक्टर से अभद्रता कर झापड़ मार दिया था। आज तक वह पकड़ी नहीं जा सकी है। आए दिन गंगा बैराज पर अनियंत्रित गति की वजह से लोगों को तो जान से हाथ धोना पड़ता है, साथ ही लॉ एंड ऑर्डर की परेशानी भी होती है। इस परेशानी से मुक्ति दिलाने का काम कमिश्नरेट पुलिस ने शुरू कर दिया है। डीसीपी सेंट्रल आरके गौतम ने बताया कि नवाबगंज और कोहना थाने को अतिरिक्त पुलिस फोर्स दिया गया है। गंगा बैराज पर बैरियर लगा दिए गए हैं। सोमवार शाम एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार के नेतृत्व में कोहना और नवाबगंज थाने की पुलिस ने एक साथ ग्राउंड चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस का मोनोग्राम लगी स्कूटी को रोका गया तो तीनों सवारों की जांच करने में तीनों शराब के नशे में मिले। वहीं तलाशी लेने पर बियर और शराब की पैकेट भी मिले।

पूछताछ में तीनों ने शराब पीने और ले जाने की बात बताई। तीनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं एक स्कूटी पर तीन महिलाओं और एक पुरुष को रोककर हिदायत दी गई। शाम सवा चार बजे से शुरू हुई चेकिंग साढ़े सात बजे तक चली। नियम तोड़ने वाले बीच पुल से ही गलत साइड भागकर पुलिस से बचते नजर आए।



स्कूटी सवार को बिना हेलमेट और बियर के साथ पकड़ा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मै कहकशा बानो पुत्री अब्दुल हफीज सिद्दीकी, निवासी- कहला,मलिहाबाद, मेरे पासपोर्ट जिसका नंबर N2686362 पर त्रुटिवश मेरा नाम KAHKASHAM BANO दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम KAHKASHA BANO है जो कि सभी दस्तावेजों में दर्ज है आज से मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **श्याम बदन गिरि पुत्र रमाकान्त गिरि, निवासी- ग्राम-परसौनी बुर्जुग, थाना-तराया सुजान, जिला-कुशीनगर,** मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अंकुश गिरि है। परन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश कुनाल व जन्मतिथि- 06.10.2007 दर्ज हो गयी थी। अंकुश गिरि व कुनाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे पुत्र के है यदि भविष्य में नाम व जन्मतिथि के संबंध में कोई बात होती है तो उसके लिए मै पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका सही नाम अंकुश गिरि व सही जन्मतिथि 06.10.2008 अंकित किया जाय।

**सूचना**
मैं **विरेन्द्र कुमार पुत्र कपिल देव महतो, निवासी- गहरू रोड, स्कूटर इण्डिया गेट नं-2 गौरी, सरोजनी नगर लखनऊ** एतद्वारा घोषणा करता हूँ कि मैने एक प्लाट क्षे0 822.800 वर्गफीट स्थित गाटा सं0-1009अ व 1009 ब ग्राम गहरू परगना बिजनौर, तह0 सरोजरनी नगर लखनऊ को जरिये बैनामा दिनांक 21-10-2009 को सन्दीप कुमार से क्रय किया था जो कि उपनिबन्धक कार्यालय लखनऊ में दिनांक 21-10-2009 को बही सं0 1 जिल्द सं0-5235 प्रष्ठ सं0- 243-280 कमांक 9790 पर दर्ज है। उक्त सम्पत्ति का मूल विक्रय पत्र जो कि मेरे बैग में था वह दिनांक 23.02.2010 को अमौसी के पास कानपुर रोड, लखनऊ में कही बैग गिर जाने के कारण खो गया था जिसकी सूचना मैने दिनांक 28/02/2010 को थाना सरोजनी नगर लखनऊ में दर्ज करायी थी।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र कवीन्द्र मोहन तिवारी, आर्मी नं.-JC543372F रैंक नायब सूबेदार के सैन्य अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम राधा कृष्ण पुजारी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम राधा कृष्ण है। अतः मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेखों में भी राधा कृष्ण दर्ज किया जाये। **-राधा कृष्ण, ग्राम-मरसोली, पोस्ट-शिलिग, जिला-पिथौरागढ़, 262501 उत्तराखण्ड**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **श्रीमती सीमा पत्नी नन्हेंलाल, निवासी- शहवाजपुर, पो0- परीदपुर कट्टर परगना व तहसील बांगरमऊ, जनपद-उन्नाव,** मेरी पालिसी संख्या- 224457686 दिनांक 28-12-2011ई में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी नन्हें लाल अंकित है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम सीमा पत्नी नन्हें लाल है। शान्ती देवी व सीमा देवी पत्नी नन्हें लाल जोकि एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी पॉलिसी में मेरा नाम संशोधित कर सही नाम सीमा अंकित किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्वर्गीय लटूरी लाल के आधार कार्ड में जन्मतिथि 01-01-1966 लिखी है जो की गलत है। मेरी वास्तविक जन्मतिथि 1 जुलाई 1953 दर्ज की जाए जो कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड के मुताबिक सही है। **-श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्व. हवलदार लटूरी लाल, नगला भदई, पोस्ट ईशम पुर, तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज**

**कार्यालय- मार्ग प्रकाश विभाग**
**नगर निगम कानपुर**

**अति अल्पकालीन सा0 निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत विद्युत सामग्री क्रय एवं टैम्प्रेरी कार्य हेतु जनरल सप्लायरों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुसार 03 कार्य हेतु अति अल्पकालीन सामान्य निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की बेवसाइट www://kmc.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 20.02.2024 दोपहर 3:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 20.02.2024 सायं 4: 00 बजे |
| कार्य की संख्या | 03 |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

Ro no 383
प्रभारी अभियन्ता (विद्युत) नगर निगम कानपुर
नगर आयुक्त नगर निगम कानपुर

# पुलिस भर्ती परीक्षा से अच्छा कारोबार होने से खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** दोआबा में 21 परीक्षा केंद्रों पर दो दिनों तक चली पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान करीब 44000 अभ्यर्थियों का आवागमन रहा। दो दिनों में चार पालियों में हुई इस परीक्षा के दौरान न सिर्फ जिले बल्कि आसपास के राज्यों से भी परीक्षार्थी यहां आए थे। प्रति पाली 10896 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। अभ्यर्थी बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से यहां परीक्षा देने पहुंचे थे। इसके अलावा दिल्ली व हरियाणा के छात्र भी परीक्षा में शामिल हुए। बड़ी संख्या में छात्रों और उनके साथ आने वाले अभिभावक व साथियों के चलते जिले में दो दिनों में करीब 50 हजार लोगों की आवाजाही से 1.6 करोड़ से अधिक का अतिरिक्त व्यापार हुआ है। इनमें विशेष तौर पर होटल खर्च के साथ ही खाने-पीने के सामान पर भी लोगों ने खर्च किया जबकि इसके अलावा पेट्रोल, डीजल जैसी जरूरत के लिए भी लोगों ने पैसे खर्च किए।

**छोटे-बड़े होटल बुक रहे:** शहर के छोटे-बड़े होटल इस दौरान दो दिनों तक बुक रहे। होटल वालों ने भी अपनी मर्जी से बुकिंग कर पैसे वसूल किया। हालांकि प्रशासन की ओर से जिन रैन बसेरा आदि की व्यवस्था की गई थी वहां कम संख्या में लोग पहुंचे। सुबह से शाम तक पिछले दो दिनों से शहर के सार्वजनिक स्थान व अन्य जगहों पर लगने वाले चाट पकौड़ी के ठेले व समोसे टिक्की की दुकान से लेकर होटल तक में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही थी।

● दो दिन की परीक्षा से शहर में चमका कारोबार

**21** परीक्षा केंद्रों पर दो दिनों तक चली पुलिस भर्ती परीक्षा

**1.6** करोड़ से अधिक का अतिरिक्त व्यापार हुआ

● परीक्षा से रोडवेज और रेलवे का भी बढ़ा व्यवसाय

**44** हजार अभ्यर्थियों का जनपद में आवागमन रहा

**1.0** करोड़ का पेट्रोल, डीजल व अन्य ईंधन बिका

### रोडवेज और रेलवे को अच्छा मुनाफा

जिले में 21 परीक्षा केंद्र पर 44000 परीक्षार्थियों को दो दिनों में चार पाली में परीक्षा देनी थी। ऐसे में अलग-अलग जगह से आने वाले परीक्षार्थियों के साथ ही बड़ी संख्या में लोकल केंद्र होने पर जिले के ही परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे थे लेकिन इसके बावजूद दो दिनों की परीक्षा के लिए एक दिन पहले और एक दिन बाद तक आवाजाही के चलते रोडवेज व रेलवे को भी बड़ा मुनाफा हुआ।

### पेट्रोल व डीजल पर भी बढ़ा खर्च

परीक्षा के लिए जो छात्र जिले के ही धाता, खखरेरु, हथगाम, खागा, जहानाबाद, बकेवर, औंग, बहुआ, असोथर समेत अन्य कस्बे से आए थे वह बड़ी संख्या में बाइक अथवा कार के जरिए परीक्षा केंद्र तक पहुंचे। ऐसे में पिछले दो दिनों से पेट्रोल व डीजल की खपत भी जिले में बढ़ गई, हालांकि शहर क्षेत्र में पेट्रोल डीजल की मांग अधिक रहने के चलते जिले के अन्य पेट्रोल पंप पर कुछ खास रौनक नजर नहीं आई, जबकि शहर के ही छह प्रमुख पेट्रोल पंप पर दिन भर लोगों की भीड़ नजर आई। अनुमान के मुताबिक पिछले दो दिनों में 1.0 करोड़ का पेट्रोल, डीजल व अन्य ईंधन अतिरिक्त खरीदा गया है।

### खूब दौड़े ऑटो और ई-रिक्शा

दो दिनों से ई-रिक्शा, ऑटो ड्राइवर भी काफी खुश थे। जो 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे उनमें से कुछ केंद्र शहर के बीच में जबकि बाकी कुछ दूरी पर थे। ऐसे में दूर-दूर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए इन्हीं संसाधनों का प्रयोग जरूरी बन गया इसलिए बड़ी संख्या में लोग ऑटो, ई-रिक्शा जैसी व्यवस्थाओं पर निर्भर रहे।

# पिता की डांट के बाद बेटे ने की खुदकुशी

संवाददाता फतेहपुर

● शराब पीकर घर पहुंचने पर हुआ था विवाद

● पत्नी-बच्चों के साथ कर रहा था गाली-गलौज



पोस्टमार्टम हाउस में गुमसुम खड़े परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शराब पीकर घर पहुंचे युवक ने पत्नी और बच्चों को गाली देना शुरू कर दिया। युवक के पिता ने इस पर डांट फटकार लगाई तो रात में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह चौकी क्षेत्र के शाह कस्बे के रहने वाले धुन्नी का 35 वर्षीय पुत्र केशन मजदूरी करता था। रोज शाम को शराब पीकर घर जाकर गाली गलौज करता था। रविवार रात भी शराब पीकर घर गया और पत्नी और बच्चों के साथ गाली गलौज करने लगा। पिता ने डांट लगाई तो कमरे में जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब पत्नी ने कमरे में पति का शव फांसी पर लटका देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता धुन्नी ने बताया कि बेटा शराब पीने का आदी था। बीते दिन शाम को शराब पीकर आया और खाना खाने को लेकर पत्नी व बच्चों से गाली गलौज करने लगा। जब मैंने मना किया तो रात में कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही होगी।

## एक नजर

### यमुना में डूब रहे बुजुर्ग को बचाया गया

**किशनपुर।** किशनपुर पुलिस को सोमवार को सूचना मिली कि दादों यमुना पुल से एक बुजुर्ग व्यक्ति के नदी में गिर गया है। जानकारी होते ही स्थानीय पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय नाविक के सहयोग से डूबते बुजुर्ग को सकुशल बाहर निकाल लिया। बुजुर्ग से नाम पता पूछने पर अपनी पहचान प्रेम सिंह (रिटायर्ड शिक्षक) पुत्र ठाकुर सिंह निवासी रामनगर थाना खागा के रूप में बताई। पुलिस ने प्राथमिक उपचार कराते हुए परिजनों को सूचना देकर उनके सुपुर्द कर दिया।

### महिला का बैग तलाश कर किया सुपुर्द

**फतेहपुर।** हुसेनगंज क्षेत्र के भादर गांव के प्रधान अजय पटेल ने पुलिस को सूचना दी थी कि कुल्लड का पुरवा मजरे भदसरी गांव निवासी सीमा देवी पत्नी राजू सिंह की परीक्षा शहर में थी। परीक्षा देकर वापस लौटते समय आटो से उतरते समय वह अपना बैग आटो में ही छोड़ दिया है। सूचना के आधार पर थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आटो की पहचान कर महिला का बैग जिसमें दो हजार रुपये, आधार कार्ड व शैक्षणिक कागजात थे। बरामद कर महिला के सुपुर्द किया।

### आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** राधानगर पुलिस ने बिन्दकी कोतवाली के गौरी गांव निवासी गुड्डू गिहार पुत्र रमेश गिहार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

### ममेरा भाई पत्नी को ले गया, रिपोर्ट

**असोथर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में फुफेरे भाई की पत्नी को ममेरा भाई बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित पति ने पुलिस से लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी को उसका ममेरा भाई रिंकू पासवान वेलेंटाइन डे पर अपने साथ ले गया। पीड़ित पति ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने एनसीआर दर्ज की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के चक मोहद्दिनपुर गांव निवासी अनिल बाजार करने बिंदकी आया था। बाजार कर वापस जाते समय ललौली रोड स्थित स्टेट बैंक के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया।

# नाबालिगों के हाथ में ई-रिक्शा, ऑटो की स्टेयरिंग

## ई-रिक्शों ने बिगाड़ी शहर की यातायात व्यवस्था, हवा से बातें करने वाली स्पीड में दौड़ा रहे ई-रिक्शा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सड़क पर निकल रहे हैं तो होशियार रहिए। मुख्यालय सहित बिन्दकी, खागा, कानपुर हाईवे सहित सभी जगहों पर सड़क पर वाहन लेकर फर्राटा भर रहे नाबालिग कभी भी आपको अपनी चपेट में लेकर हताहत कर सकते हैं। मार्गों पर इनकी रफ्तार हवा से बातें करने वाली होती हैं। बाइक और कार ही नहीं ऑटो और ई-रिक्शा का संचालन भी बड़े पैमाने पर नाबालिग कर रहे हैं। नियमानुसार यह गलत है। इनके पास न तो लाइसेंस है और न ही वाहन चलाने की परिपक्वता। ऐसे में दुर्घटना होने का भय रहता है।

जिले की सड़कों पर यातायात नियमों का उल्लंघन कैसे होता है, यह बखूबी देखा जा सकता है। खासकर तब जब विद्यालय खुले हों। नियम के कानूनों की बात करें तो ड्राइविंग लाइसेंस न होने पर ढाई हजार और दुर्घटना की स्थिति में 25 हजार रुपये तक जुर्माने का नियम हैं लेकिन कई बार ट्रिपलिंग करते 12 से 14 वर्ष के यह बच्चे देखे जाते हैं। बीच बीच में इनके खिलाफ कार्रवाई भी होती है इसके बाद भी असर नहीं दिख रहा। नगर के मैदानों और ग्रामीण क्षेत्रों की सुनसान सड़कों के किनारे तो अक्सर अभिभावक खुद अपने हाथों से कार के स्टेयरिंग तक इनके हाथों में थमा देते हैं। यही नहीं, नगर में छोटे-छोटे बच्चे भी ई-रिक्शा चलाते हुए आसानी से नजर आ जाएंगे। जो अपनी और उसमें बैठने वाली सवारियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। शहर में स्थित कई बड़े स्कूलों में सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी दो पहिया वाहनों पर आते हैं।



कुछ इस तरह दिखते सड़को पर ई-रिक्शा। अमृत विचार

### जिले की सभी सड़कों पर दौड़ रहे ई-रिक्शा

वैसे तो जनपद में सरकारी दस्तावेजों में ई-रिक्शा की संख्या करीब 2100 और टेंपो टैक्सी की संख्या करीब 900 है पर इनकी संख्या जनपद में 10 हज़ार के आसपास है और मानको की अनदेखी करके यह ई-रिक्शा व ऑटो सड़कों पर बेधड़क दौड़ रहे हैं।

### ई-रिक्शों ने बिगाड़ी यातायात व्यवस्था

शहर में लोग रोजाना जाम के झाम से जूझते हैं। इसको लेकर की गई अब तक की सभी कवायदें फेल साबित हुई हैं। रोजाना लगने वाले जाम का मुख्य कारण मनमाने तरीके से ई-रिक्शा का संचालन है। नगर का प्रमुख जगह रेलवे स्टेशन बन चुका है। यहां यातायात पुलिस मौजूद भी रहती हैं। फिर चारों तरफ सड़क पर ही बेतरतीब तरीके खड़ी कर ई-रिक्शा चालक सवारियों को बैठाने का काम करते हैं। यही कारण है कि जाम लग जाता है। एक यातायात व्यवस्था भी अब नगर में ध्वस्त हो चुकी है। वहीं रोज लगने वाला जाम आमजन के लिए सिरदर्द बन गए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि स्टेशन के बाहर पुलिस मौजूद रहती हैं। ताकि स्टेशन से बाहर निकलने वाले लोगों की सुरक्षा की जा सके और स्टेशन के बाहर बेतरतीब ई-रिक्शा चालकों पर अंकुश लगाया जा सके। लेकिन यातायात पुलिस इन दिनों केवल शोपीस बनकर रह गया है। कारण कि सुबह शाम को छोड़ पूरे दिन पुलिसकर्मी दूर-दूर तक नहीं दिखते हैं। जिसका नतीजा है कि रेलवे स्टेशन के सामने ई-रिक्शा वालों ने स्टैंड बना रखा है। अगर किसी राहगीर ने ई-रिक्शा चालकों को हटाने के लिए कुछ बोल दिया तो वह मारपीट पर उतारु हो जाते हैं।

नाबालिग यदि वाहन चला रहे तो वह यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसे लेकर अभियान चलाया जाएगा। ताकि उन पर अंकुश लग सके। इसके साथ ही अभिभावकों से भी यह अपील है कि वह अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें।

–अजय कुमार सिंह, यातायात प्रभारी

## सार-संक्षेप

### ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत में चालक की मौत

**फतेहपुर।** सोमवार को तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद घंटों सड़क जाम रही। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुकेती गांव के पास तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक बसंतलाल निवासी मध्य प्रदेश के मैहर की मौके पर मौत हो गई। दूसरे ट्रक चालक को मामूली चोट आयी है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे चालक के शव को बाहर निकालकर कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दोनों ट्रकों के टक्कर बाद फतेहपुर से बबेरुर मार्ग करीब दो घंटे तक जाम रहा। जेसीबी मशीन से पुलिस ने दोनों ट्रकों को सड़क से हटाकर किनारे खड़ा कराया। इस दौरान वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। थाना प्रभारी विंनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि दो ट्रकों के टक्कर में एक ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। जो कि मध्य प्रदेश के मैहर का रहने वाला था। ट्रक में सामान लादकर जा रहा था। तभी हादसे में मौत हो गई।

### कर्ज में डूबे किसान ने फांसी लगा कर दी जान



शिवदास लोधी।

**थरियांव।** बड़ी बेटी की शादी में बैंक में से लिया ऋण वापस नहीं दे पाने से परेशान एक व्यक्ति ने सोमवार भोरपहर फांसी लगाकर जान दी। सुबह जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने शाम तक मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। थाना क्षेत्र के दिमांगरपुर मजरे रामपुर थरियांव निवासी शिवदास लोधी गांव में खेती किसानी करते थे। परिजनों ने बताया कि सुबह कमरे के छत के कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। मृतक की पत्नी राजकली ने बताया कि बड़ी बेटी सुनैना की शादी के लिए पांच साल पहले किसान क्रेडिट कार्ड से तीन लाख का कर्ज लिया था। पांच साल पूरे हो जाने के बाद भी ऋण वापस नहीं कर सका और छोटी बेटी की शादी करने का समय आ गया था। जिस कारण पति परेशान रहते थे। सोमवार सुबह जब वह देर तक कमरे से नहीं निकले तो परिजनों ने जाकर देखा तो उनका शव फंदे से लटक रहा था। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बताया कि दो बेटियों के अलावा एक पुत्र है जो मुंबई में रहता है। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

### युवक ने आत्महत्या करने का किया प्रयास

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के बकोली गांव निवासी सोनू को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। जिससे वह क्षुब्ध हो गया और घर में रखी हुई दवा को खाकर जान देने का प्रयास किया। दवा का जब असर हुआ तब परिजनों को जानकारी हुई तुरन्त परिजनों ने घटना की सूचना एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स युवक को अचेतावस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के महादेव टोला गांव निवासी अभिमन्यु की पत्नी शुमन देवी ने राधानगर थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव अपने मायके में जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजनों को जानकारी हुई तो घर में हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत में उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

### बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, एक रेफर

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के आदमपुर मजरे शमशेदपुर गांव निवासी हरिलाल का पुत्र सभाजीत व गांव निवासी प्रेम शंकर का पुत्र रमाकांत और उसी गांव के अशोक का पुत्र बउवन एक ही बाइक पर सवार होकर कही किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गांव के बाहर निकली तभी सामने से आई दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों में सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने दूसरी बाइक सवार युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसको कानपुर रेफर दिया।

### शादी के बाद युवती का अश्लील वीडियो किया वायरल

**फतेहपुर।** शादी के चंद दिन बाद युवती की आपत्तिजनक फोटो, वीडियो बनाकर युवक ने वायरल कर दी। मामले में पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली एक युवती की शादी छह फरवरी को ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई है। युवती के पिता का आरोप है कि शादी के बाद ही पुत्री के मोबाइल पर उसके गांव के सुशील कुमार यादव ने फोन करना चालू कर दिया। अश्लील बातें करने लगा। पुत्री की फोटो से छेड़छाड़ कर अश्लील वीडियो बनाए। पुत्री और रिश्तेदारों के मोबाइल पर वीडियो भेज दिया। आरोपी सुशील अपराधिक किस्म का है। उसकी हरकत से पुत्री का वैवाहिक जीवन बर्बादी के कगार पर आ गया है। आरोपी का पिता नैनी जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। मना करने पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# एसडीम से भाकियू टिकैत गुट के लोगों ने की मंत्रणा

संवाददाता, बिंदकी, फतेहपुर

● 19 सूत्री मांगों को लेकर बिंदुवार की गई चर्चा

**अमृत विचार।** तहसील के सभागार कक्ष में एसडीएम ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं के साथ 19 सूत्री मांगों को लेकर बिंदुवार विस्तार से चर्चा की। एसडीएम यूनियन के लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं को गंभीरता से हल करने का काम किया जाएगा।

सोमवार को कस्बे के तहसील के सभागार कक्ष में एसडीएम अनिल कुमार यादव ने भाकियू टिकैत गुट के लोगों के साथ एक बैठक की बैठक में पिछले दिनों 19 सूत्री मांगों को लेकर यूनियन द्वारा किए गए बैठक प्रदर्शन और चक्का जाम को लेकर चर्चा की गई सभी 19 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित विभाग तथा अधिकारियों से एसडीएम ने वार्ता भी किया तथा समस्या हल करने को कहा यूनियन की मांग थी की 14 वर्ष से महज 100 मी अधूरे पड़े बिंदकी बाईपास को जल्द बनवाया जाए। आवारा पशुओं तथा बंदरों से निजात दिलाने की मांग भी की गई। फर्जी धान खरीद की जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। व्यापारियों द्वारा धान तथा गेहूं की खरीद में टीडीएस काटने व सिक्स आर न देने की शिकायत भी की गई। इसके अलावा काशीराम कॉलोनी में बंद पड़े आवासों को पात्र लोगों को आवंटित करने की मांग की गई। उप जिलाधिकारी अनिल कुमार यादव ने सभी समस्याएं हल करने का आश्वासन दिया। तहसीलदार अचिलेश कुमार के अलावा भारतीय किसान यूनियन के प्रयागराज मंडल उपाध्यक्ष राम सहाय पटेल जिला अध्यक्ष अशोक उत्तम जिला महासचिव नवल सिंह पटेल जिला प्रवक्ता दिनेश कुमार शुक्ला देवनारायण पटेल जय सिंह यादव यदुनंदन आर्य कप्तान सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी की जमीन पर हो रहा कब्जा

संवाददाता, खागा फतेहपुर

● ग्रामीणों ने कहा गांव का मुख्य मार्ग हो रहा अवरुद्ध

● दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

**अमृत विचार।** खखरेरु थाना क्षेत्र के कुल्ली मानुपुर गांव किनारे पीडब्ल्यूडी की ज़मीन पर हो रहा अवैध कब्जा को लेकर ग्रामीणों ने खागा एसडीएम व स्थानीय थाना में लिखित शिकायती पत्र दिया है। जिसमें बताया गया कि मानुपुर गांव का एक दबंग किस्म का व्यक्ति जबरन सड़क किनारे कब्जा करके गांव का ही मुख्य मार्ग को पूरी तरह बंद करने के फिराक में है। मार्ग बंद होने से कई तरह की समस्या बढ़ सकती है।

ग्रामवासियों में मनोज सिंह, छेदी लाल सिंह, अमर सिंह, अमृत लाल सिंह, पंकज कुमार, मुकेश सिंह, आशीष कुमार, राजू सिंह समेत दो दर्जन लोगों ने खागा एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य को लिखित शिकायती पत्र देते हुए मांग की है। कुल्ली ग्राम पंचायत गांव मानुपुर निवासी राजकुमार पुत्र संगम लाल ने सीसी रोड को क्षतिग्रस्त कर पीडब्ल्यूडी की ज़मीन पर अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने ज़ब इसका विरोध किया तो राज कुमार पूरी तरह से विवाद करने पर आमादा है। इन्होंने यह भी बताया कि इसी मार्ग से हम ग्रामीणों का आवागमन हर रोज होता है। कई तरह की सरकारी सुविधाएं ली जाती हैं। जैसे प्राथमिक विद्यालय, सरकारी अस्पताल, पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र व वर्तमान में बन रहीं निर्माणाधीन जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी जाने का साधन है। यदि अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया तो चार पहिया वाहन जैसे ट्रक बस सरकारी एम्बुलेंस पहुंचने में मार्ग पूरी तरह बाधित रहेगा। इसी को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को अभिलंब रोकने की मांग की है तथा खागा एसडीएम व खखरेरु थाना में शिकायत पत्र देकर गुहार लगाई है।

मामले को लेकर खागा एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य ने बताया कि जांच कर उचित कार्यवाई की जाएगी।



मुख्य मार्ग पर हो रहा अवैध कब्जा। अमृत विचार

**बदला मौसम** | 21-22 को ओलावृष्टि व बारिश होने की आशंका से घबराए किसान

# मौसम का मिजाज देख किसान आशंकित

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज एकदम से बदल गया है। तल्ख धूप के साथ बारिश की आशंका से किसान परेशान हैं। तेज धूप से जहां गेहूं की फसल कमजोर होने की आशंका है, वहीं बारिश की संभावना से लाही चना व आलू किसान डरे हुए है।

मौसम के मिजाज ने गर्मी का अहसास करा दिया है। सोमवार को फिर एक बार तेज धूप फरवरी माह में ही गर्मी का अहसास कराती नजर आई। लोग स्वेटर व इनर तक छोड़कर ही घरों से निकलने को विवश हुये। दिन में मौसम का पारा चढ़ा नजर आया। दिन में तापमान अभी से 28 डिग्री तक पहुंचने से गेहूं किसान भी खासे चिंतित नजर आये। किसानों की मानें तो अभी गेहूं की फसल में बाली निकल रही है। वहीं अभी फरवरी भी खत्म नहीं हुई है। ऐसे हालात में अगर तापमान इसी तरह रहा तो गेहूं का दाना पतला हो जायेगा और उत्पादन प्रभावित होगा। हालांकि रात का तापमान 8.6 डिग्री सामान्य से कम रहने के कारण अभी फसल को नुकसान शुरु नहीं हुआ है, लेकिन अचानक गर्मी आने से किसान भी दंग हैं। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग की ओर से 20 व 21 फरवरी को आसमान पर बादल छाये रहने के साथ ही बारिश और ओला वृष्टि की संभावना जताई गई है। ओलावृष्टि की आशंका किसानों को डरा रही है। वहीं बारिश से भी इस वक्त लाही और आलू के साथ चने की फसल को नुकसान माना जा रहा है। किसानों ने कहा कि अगर बारिश हुई तो गेहूं को तो फायदा होगा, लेकिन कटाई पर लगी लाही सरसो व आलू को नुकसान होगा। वहीं ओला गिरने पर सभी फसलें प्रभावित होगीं।



● काटने को खड़ी फसल पर हो सकती है कुदरत की मार

### मौसम का बदलाव, बढ़ा रहा बीमारियां

सर्दी और गर्मी के बीच मौसम का बदलाव लोगों में बीमारी बढ़ा रहा है। सेहत के लिहाज से ठीक माने जाने वाले मौसम में भी जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या करीब दो गुनी से ऊपर है। सामान्य तौर पर इस समय में नए मरीजों की संख्या 500 के आसपास रहती थी, लेकिन इस बार मौसम के बदलाव के कारण हर दिन 800 के आसपास नए मरीजों की ओपीडी हो रही है।

# बेहोश कर महिला के उतार लिए जेवर

**गाजीपुर।** रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटी एक महिला से दो युवक ने अचेत कर उसके जेवरात उतार ले गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र की भौली गांव निवासी माया देवी पत्नी रामचन्द्र त्रिपाठी दो दिन पूर्व भांजी की शादी में ललौली के दतौली गांव गई थी। सोमवार को वह बहुआ से टेम्पो में बैठकर गाजीपुर पहुंची थी। जहां से वह अपने गांव जाने को औगाशी रोड जा रही थी, तभी स्टेट बैंक की बगल वाली गली के सामने पहुंची थी उसी समय दो अज्ञात लोग उसके पास पहुंचे और एक रुमाल हिला दी। जिसके बाद वह बेहोश हो गई। जब होश आया तो उसके कान से सोने के झुमकी व मंगल सूत्र गायब थे।

# दो साल से टूटी पुलिया पर हादसे का डर

संवाददाता खागा

**अमृत विचार।** विकासखण्ड विजयीपुर के खखरेरु कोट मार्ग स्थित शिवपुरी गांव के पास पश्चिम दिशा एक ओर की पुलिया की रेलिंग टूटने के कारण बड़ा हादसा होने की आशंका हर समय बनी रहती है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों से कई बार की है, इसके बावजूद भी अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

विजयीपुर विकासखंड के खखरेरू से कोट मार्ग स्थित शिवपुरी गांव के समीप पश्चिम दिशा की पुलिया टूटने के कारण दिन-रात वह हर समय आने जाने वालों राहगीरों का खतरा बना हुआ है। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय ग्रामीणों ने कई बार पीडब्ल्यूडी अधिकारियों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से की लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अभी तक ग्रामीणों की समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है। वहीं क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिकों ने बताया कि इसी मार्ग से लगभग तीन दर्जन गांव के लोगों का आवागमन हर रोज बना रहता है। टूटी पुलिया होने के कारण जान माल का खतरा हर समय बना रहता है। ग्रामीणों में रमेश सिंह, हुबलाल सिंह, राम सजीवन सिंह, शिवपुरी निवासी व मेराज अली, जगत पाल, फूल चंद सिंह, सूर्य बलि सिंह निवासी कुल्ली ने यह भी बताया कि इस पुलिया की रेलिंग टूटने के कारण लोगों को पता हीं नहीं चलता है। ओवरटेक करते समय दिशा भ्रमित होकर नीचे खाई में जाने की पूरी संभावना बनी रहती है। पीडब्ल्यूडी जेई राम लखन ने बताया की क्षेत्र में जितनी क्षतिग्रस्त पुलिया व टूटी हुई रेलिंग हैं, उसका कार्य जल्द कराया जाएगा।



टूटी हुई पुलिया रेलिंग की बयां करती तस्वीर। अमृत विचार

# दोआबा में उद्योग स्थापित होने से मिलेगा रोजगार: साध्वी

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 के तहत धरातल पर उतारी गई परियोजनाएं, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** करीब 1691 करोड़ लागत की 69 परियोजनाएं धरातल पर उतारी गईं। इन निवेश परियोजनाओं में करीब 3000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी प्राप्त हो सकेगा। उप्र ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 के अंतर्गत प्रदेश में 10 लाख करोड़ निवेश परियोजनाओं का धरातल पर शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ से रिमोट बटन दबाकर किया। जिसका सजीव प्रसारण शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षा गृह देखा गया।

कार्यक्रम में सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक बिंदकी जय कुमार सिंह जैकी, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह, उद्यमी आदि की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखा एवं सुना गया। शहर मुख्यालय के अलावा जिले की सभी विधान सभाओं में भी लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था रही।



प्रेक्षागृह में उद्यमी को सम्मानित करतीं साध्वी निरंजन ज्योति। अमृत विचार

### लगाए गए स्टालों का सांसद ने किया अवलोकन

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया और ग्रामोद्योग, श्रम, रेशम, बैंक, मत्स्य, स्वास्थ्य, कौशल विकास, हथकरघा, फर्टिलाइजर, अटल चूल्हा, आर्गेनिक उत्पाद, उद्यान, आजीविका मिशन, पालीटेक्निक आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के स्टालों का अवलोकन किया।

### 69 परियोजनाओं का हुआ शुभारम्भ

उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह ने बताया कि जिले में 17 विभागों के माध्यम से 138 एमओयू प्राप्त हुये थे। जिनमें निवेश की धनराशि 2842 .93 करोड़ थी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के तहत ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में जिले की 69 निवेश परियोजनाओं की जिनकी धनराशि लगभग 1691 करोड़ है, का भी धरातल पर शुभारम्भ किया गया है। इन निवेश परियोजनाओं में 3000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी प्राप्त होगा।

**आर्थिक दर हो रही मजबूत:** केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में आज से एक वर्ष पूर्व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुआ था। जिसमें जो धरातल पर उतरकर विकास और आर्थिक दर मजबूत हो रही है। प्रदेश सरकार निवेशकों को उद्योग लगाने के लिए सभी सुविधाएं दे रही है, जिससे कि निवेश बढ़ा है। डबल इंजन की सरकार में जो रोजगार के लिए भटकते थे वह आज रोजगार देने वाले बन गए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग स्थापित करने में गरीबी बाधा नहीं बनती, बस जरूरत है तो सिर्फ लगन के साथ परिश्रम करने की क्योंकि हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऋण कम ब्याज दर में उपलब्ध करा रही है।



कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे तमाम लोग। अमृत विचार

### उद्योग स्थापित होने से विकास के नए आयाम

उन्होंने कहा कि जनपद में उद्योग स्थापित होने से विकास के नए आयाम के साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, जो विकसित भारत संकल्प यात्रा में विकसित उत्तर प्रदेश का सशक्त माध्यम है।

### 31 लखनऊ में 38 निवेशक जिले में हुए शामिल

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के 10 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले 31 उद्यमी प्रतिभाग किया एवं 10 करोड़ रुपये से नीचे निवेश करने वाले 38 निवेशक जनपद में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया है।

### इन उद्यमियों का हुआ सम्मान

- वीरेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती
- मनोज गांधी उपाध्यक्ष यूपी राइस मिलर्स एसोसिएशन
- ऋषभ रुइया मे. बीबी कोचटेक प्रालि
- दिनेश श्रीवास्तव मे. बृजबिहारी पल्प एण्ड पेपर
- राजेश केसरवानी मे. एडीपी पाइप
- सर्वेस गुप्ता मेसर्स शोभा ट्रेडर्स
- वेदान्त राज मे. मां वैष्णो इण्डस्ट्रीज
- उदयभान मे. गीता फूड्स
- अन्नू केसरवानी मे. केसरी एण्ड संस

### ये रहीं 10 करोड़ से अधिक निवेश की परियोजनाएं

- मे. पारस कास्टिंग एण्ड एलाय प्रालि।
- यूपी लाजिस्टिक प्रालि।
- सिग्मा मेटल
- मारूफ इण्डस्ट्रीज
- मैगनस इण्टरनेशनल
- भोले बाबा ऑर्गेनिक
- यूपीएलपीएल
- बी0डी0आर0डी0 रोलर फ्लोर मिल
- पिण्डारन मेटल एण्ड एलाय
- एमएलएमपी फूड्स
- उमराव राइस मिल
- जेएसआर इण्डस्ट्री
- उमाशंकर मिल
- पाथा राइस मिल

### 10 करोड़ से नीचे की निवेश परियोजनाएं

- मे. एडीपी पाइप
- मे. श्याम फार्मेसी कालेज
- मे. दुर्गा एण्ड संस प्रालि
- मे. राजकुमारी पेपर प्रोडक्टस
- मे. श्रेया आयरन

# सीबीएसई बोर्ड हिन्दी की परीक्षा में कड़ी सुरक्षा



सीपीएस परीक्षा केन्द्र से बाहर निकलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बीते 16 फरवरी से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को तीसरे दिन इंटरमीडियट की हिन्दी विषय की परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षार्थियों को गेट में गहन तलाशी के बाद केन्द्र में प्रवेश दिया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि हिन्दी का पेपर अच्छा हुआ है, अब आगे की तैयारी करनी है।

बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार चार विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिनमें हाईस्कूल एवं इंटर मीडियट की परीक्षाएं सीसी कैमरों की निगरानी में हो रही हैं। बोर्ड ने शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल फतेहपुर एवं चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल बिंदकी और पहली बार सेंट जेवियर्स हाईस्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया है। इस बार परीक्षाएं फरवरी से शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को सभी केन्द्रों में इंटरमीडियट की हिन्दी विषय की परीक्षा कराई गई। गहन तलाशी के बाद बच्चों को केन्द्र में प्रवेश दिया गया। महर्षि विद्या मंदिर में पंजीकृत 126 परीक्षार्थियों में 124 ने परीक्षा दी। जबकि दो परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। नोडल प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बोर्ड के दिशा निर्देशों पर परीक्षाएं कराई जा रही हैं। परीक्षा कक्षों में सीसी कैमरे होना अनिवार्य है। इसलिए सभी कक्षों में तीसरी आंख की निगरानी रहती है। सभी केन्द्रों में आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। जो परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा समय पूरी निगरानी रख रहे हैं। बताया कि 21 फरवरी को हाईस्कूल में हिन्दी विषय की परीक्षा होनी है।

# चुनाव और होली से पहले पुलिस की शराब माफिया पर कड़ी नजर

संवाददाता फतेहपुर

- चुनावी माहौल बनने से पहने ही सक्रिय हुए शराब माफिया
- आबकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमें शुरू करेंगी अभियान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव अभी घोषित नहीं हुए और होली के पर्व को भी अभी एक महीने से अधिक का समय है, लेकिन उसके पहले ही मौत की दो घूंट बेचने वालों की निगहबानी शुरू हो गई है। गांव से लेकर पड़ोसी जनपदों तक अवैध शराब के काले धंधे में संलिप्त कारोबारी खाकी के राडार पर आ गए हैं।

पुलिस अफसरों ने अवैध शराब का धंधा करने वाले शातिरों की कुंडली बनाना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव अभी घोषित नहीं हुआ है लेकिन मौत के सौदागर गांव से लेकर शहर तक अवैध शराब का कारोबार शुरू कर दिया है।

चुनाव के दौरान कोई अनहोनी हो इससे पहले पुलिस ने मौत के सौदागरों को रडार पर ले लिया है। अफसरों का फरमान आने के बाद शराब कारोबारियों की कुंडली बनना पुलिस ने शुरू कर दिया है। दोआबा में मौत का कारोबार करने वाला कौन-कौन है पुलिस ने ऐसे सौदागरों की तलाश शुरू कर दी है। दोआबा के करीब एक दर्जन शराब माफिया पुलिस की रडार पर हैं। एडीजी ने ऐसे कारोबारियों की निगहबानी तेज करा दी है।

### शराब के धंधे से बेखबर है आबकारी विभाग

दोआबा में गांव-गांव दिन रात शराब की भट्ठियां धुआं उगल रही है। इनके लिए हर दिन होली, हर दिन दीवाली रहती है। गांव में शराब बन रही है इसका खुलासा भी आए दिन पुलिस की कार्रवाई में होता रहता है। इसके बाद भी जिले के आबकारी अफसर शराब के गोरखधंधे से बेखबर है।

### शराब माफिया की खंगाली जा रही कुंडली

दोआबा में तीन शराब माफिया पुलिस के रिकार्ड में दर्ज है। इनमें से एक छुटभैया नेता भी है। जो सत्ता परिवर्तन के बाद खुद को भी परिवर्तित कर लेता है। इसके अलावा दो अन्य माफिया भी किसी से कम नहीं है। अर्से से वह शराब के काले कारोबार में संलिप्त रहते है।

अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसा जा रहा है। जिले के नामी शराब माफियाओं की भी गतिविधि खंगाली जा रही है। सभी थानेदारों को कड़ी हिदायत दी गई है। लोकसभा चुनाव के अलावा होली से पहले शराब बनाने व बेंचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जाएगी।

-उदय शंकर सिंह, एसपी

# फुटपाथ और नाले पर अतिक्रमण की हुई जांच

संवाददाता, औंग फतेहपुर

- टीम पर अतिक्रमणकारियों ने की दबाव बनाने की कोशिश
- मुआवजा मिलने के बाद भी अतिक्रमण कर रहे थे लोग

**अमृत विचार।** तहसील बिन्दकी के कस्बे औंग में नेशनल हाईवे द्वारा बनाए गए फुटपाथ व नाले पर गत सप्ताह व्यापक पैमाने पर अतिक्रमण हुआ था। जिस लोगों ने स्थाई व अस्थाई निर्माण करके कब्जा इसलिए किया था कि दुबारा हटाने पर फिर मुआवजा मिलेगा। मामले को समाजसेवियों द्वारा एसडीएम बिन्दकी तथा नेशनल हाईवे मुख्यालय को अवगत कराया गया था। सोमवार को हाईवे के अधिकारियों ने उसी अतिक्रमण की विस्तृत जांच की। जिसमें पाया गया कि कस्बे के चौराहे से नई बाजार तक नाला, फुटपाथ तथा हाईवे की शेष भूमि पर मजबूत अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे पैदल जाने के लिए स्कूली बच्चों तथा बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों को सर्विस रोड पर उतरना पड़ता है

**दबाव बनाने का किया प्रयास:** अधिकारियों द्वारा की गई जांच के दौरान पाया गया कि नाला व सर्विस रोड के किनारे स्टील पोल जाम करके टीन शेड डाली गई और नाला, फुटपाथ तथा हाईवे की शेष भूमि पर दुकान सजाकर व्यापक पैमाने पर कब्जे किए गए हैं। कहीं-कहीं तो भवन निर्माण के साथ ही उपरोक्त फुटपाथ हड़प कर लिया गया है। जांच अधिकारियों ने सारे अतिक्रमण की फोटो ली है। जांच अधिकारियों ने जैसे ही जांच शुरू की तो अतिक्रमणकारी तथा उनके समर्थकों ने उन्हें घेरकर दुबारा मुआवजा की मांग की तथा जांच न करने के लिए धौंस दिखाकर दबाव भी बनाया। जिस पर जांच अधिकारी ने बताया कि एक सबको जमीन और मकान दुकान का मुआवजा दिया जा चुका है। इसकी जांच रिपोर्ट जा रही है इसे अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन की मौत

संवाददाता गाजीपुर

- गाजीपुर के करसवां गांव के पास हुआ हादसा
- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के करसवां गांव के पास सोमवार की शाम दो बाइकों की हुई जोरदार भिड़ंत में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

गाजीपुर कस्बा निवासी रामशरण पुत्र प्रह्लाद अपने पुत्र जितेन्द्र सोमवार की शाम एक ही बाइक से अपनी रिश्तेदारी दतौली गांव गए थे। वहीं से देर शाम वह वापस गांव लौट रहे थे। तभी वह गाजीपुर थाने के करसवां गांव के पास ही पहुंचे थे कि तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा देख स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़कर मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची लेकिन तब तक रामशरण व उसके पुत्र जितेन्द्र समेत दूसरी बाइक में सवार ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बा निवासी रोहित पुत्र शिवप्रसाद की भी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी।

### ट्रक की टक्कर से पति की मौत, पत्नी गंभीर

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ रोड असनी मोड़ के पास ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दिया। जिसमें पति की मौके पर ही मौत हो गई, वही पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गेडुरी गांव निवासी जगजीत का पुत्र राजेन्द्र अपनी पत्नी रेखा देवी की बाइक पर सवार कर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव एक रिश्तेदार की मिट्टी में शामिल होने जा रहा था। जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के असनी मोड़ के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक चालक पति राजेन्द्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**फतेहपुर।** कानपुर जनपद के महाराजपुर थाना क्षेत्र के खुटार गांव निवासी मोहन लाल औंग थाना क्षेत्र के बड़ाहार गांव अपनी रिश्तेदारी में आया था। तभी थाना क्षेत्र के हटिया बड़ा चैराहा के पास पैदल जाते समय कार की टक्कर से वह घायल हो गया। चार पहिया वाहन चालक ने अपने वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने हालत नाजुक देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। इसी तरह कल्यानपुर थाना क्षेत्र जगदीशपुर गांव निवासी दुर्गा प्रसाद रविवार देर शाम साइकिल पर सवार होकर थाना क्षेत्र के रेवाड़ी गांव किसी काम से आया था। जब वहां से वापस अपने घर जाने लगा तभी देवमई मोड के पास तेज रफ्तार बाइक सवार उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# परिजनों के दबाव पर चार पर रिपोर्ट

फॉलोअप

संवाददाता गाजीपुर

**अमृत विचार।** एक दिन पूर्व मारपीट में घायल हुए युवक की मौत हो गई थी। मामले में सोमवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जिससे पुलिस के हाथपांव फूल गए। परिजनों के दबाव के चलते पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के सामियाना गांव निवासी अखिलेश शनिवार को मेला देखने गया था। जहां कहासुनी के दौरान गांव के सुमित सिंह, पप्पू सिंह, पुत्तू सिंह का पुत्र व मुन्ना सिंह के पुत्र से मारपीट हो गई थी। मारपीट में घायल अखिलेश की मौत हो गई थी। मामले में परिजनों में कोहराम मच गया था। सोमवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।

# छत्रपति शिवाजी का निकला भव्य जुलूस

संवाददाता, धाता फतेहपुर

- युवाओं ने बढ़-चढ़कर जुलूस में लिया हिस्सा

**अमृत विचार।** नगर पंचायत में सोमवार को भाजपा नेता दीनबंधु पटेल एवं अंकित सिंह की अगुवाई में छत्रपति शिवाजी का भव्य बाइक जुलूस निकाला गया। बाइक जुलूस को अपना दल के जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह के द्वारा मार्गदर्शन किया गया। छत्रपति शिवाजी के जुलूस में युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

भाजपा नेता नितिन पटेल जय शिवाजी के गगनचुंबी नारे लगाते हुए जुलूस में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन करते रहे। यात्रा को जगह जगह फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में दो पहिया वाहन के साथ दर्जनों चार पहिया वाहन में सवार होकर डीजे के साथ क्षेत्रीय लोग शामिल रहे। छत्रपति सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह जी के द्वारा फीता काटकर शोभा यात्रा की शुरूआत किया गया। शोभा यात्रा धाता कस्बे के अटेलवा में स्थित एक ढाबा से शुरू होकर दीप नारायण तिराहा, कस्बे के प्रमुख मार्ग से होते हुए अहमदपुर कुसुम्भा गांव में समापन हुआ। रैली में शिवाजी वाहनी के प्रदेश मंत्री अनुपम सिंह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी की यात्रा से देश प्रेम की भावना जागृत होती है। हम सभी को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। इस उत्सव से शिवाजी महाराज की वीरता और देशभक्ति के साथ-साथ समाज में जागरूकता और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। क्षितिज राज सिंह, अंकित सिंह, धीरेन्द्र सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष दीनबंधु पटेल, भाजपा नेता नितिन सिंह पटेल, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रीतू पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, भानु प्रताप केशरवानी रहे।

## सार-संक्षेप

### फायरिंग और घर में आग लगाने का लगाया आरोप

**फतेहपुर।** एक महिला से दुष्कर्म के आरोपी ने घर में रात में फायरिंग व छप्पर में आग लगाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच में जुटी है। खखरेरू थाना क्षेत्र के रायपुर भसरौल गांव के लोहारन डेरा निवासी गोलू निषाद को खखरेरू पुलिस ने एक महिला से दुष्कर्म के आरोप में जेल भेजा था। गोलू ने बताया कि वह तीन दिन पहले जमानत पर छूटकर आया है। वह गांव किनारे कच्चे घर में रात को अपने पिता के साथ सो रहा था। आरोप है कि महिला का पति अपने भाइयों, ताऊ के साथ दरवाजे पर आए और फायरिंग की गई। पिता भागकर पीछे सरसों के खेत में छिप गए। आरोपियों ने घर के छप्पर में आग लगा दी। ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई गई। 112 नंबर की सूचना पर पुलिस पहुंची। प्रभारी निरीक्षक जेपी शाही ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों में रद होने का संशय

**औंग फतेहपुर।** पुलिस परीक्षा देकर लौटे बहुत से अभ्यर्थियों के मन में स्वच्छ भर्ती प्रणाली को लेकर संशय बना हुआ है। मीडिया में पुलिस भर्ती से सम्बन्धित समाचार के बाद अभ्यर्थियों में परीक्षा रद किए जाने की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। तहसील बिन्दकी के पांच परीक्षा केन्द्रों में हुई पुलिस परीक्षा साफ सुथरी रही है। कमान संभाले एसडीएम अनिल कुमार यादव की देखरेख में किसी भी प्रकार की अनियमितता या धांधली जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। उपरोक्त केन्द्रों में कुल 99 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे थे। परीक्षा वाले दिन से ही पेपर लीक होने खबरें सुर्खियों में बनी हुई हैं। जिससे परीक्षा निरस्त होने का संशय बना हुआ है। परीक्षार्थियों का कहना है कि सरकार जब पूरे भारत का डिजिटलीकरण कर रही है। सारी परीक्षाएं ऑनलाइन हो रही हैं तो फिर पुलिस भर्ती परीक्षा ऑफलाइन क्यों कराई गई? यह एक ज्वलंत और उभरता हुआ सवाल परीक्षा की तथा सरकार की सत्यनिष्ठा को संदेह के घेरे में लाकर खड़ा करता है। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की सुगबुगाहट से आजकल यही बातें निकलकर सड़कों पर आ रही हैं।

### ललौली थाने का एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा थाना ललौली का सोमवार को वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द की सलामी लेने के बाद थाना परिसर का भ्रमण करते हुए बैरक, मेस, शौचालय, प्रशासनिक भवन थाना कार्यालय हवालात को चेक कर सम्बन्धित को समुचित साफ-सफाई, रख रखाव के निर्दश दिये गये। निरीक्षण दौरान थाना मालखाना का भौतिक निरीक्षण करते हुए शस्त्रों का रख-रखाव एवं उनके साफ-सफाई का चेक किया। इसके बाद थाने के अभिलेखों में आगन्तुक रजिस्टर, गार्द फ़ाइल, कैशबुक, का अवलोकन कर प्रभारी निरीक्षक को दिशा -निर्देश दिए।

### अधिवक्ता संघ बिंदकी ने आमसभा की बुलाई बैठक

**फतेहपुर।** आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी की आमसभा की बैठक आज मंगलवार दोपहर को बुलाई गई है। जिसमें आने वाले चुनाव संबंधी चर्चा व आय- व्यय का ब्योरा देने की बात कही गई। तहसील के अधिवक्ताओं को एजेंडा भेजकर सभी लोगों से आकर अपनी राय व विचार रखकर भविष्य की योजना निर्धारण की अपील की गई। सभा की बैठक अध्यक्ष, सचिव ने बुलाई है।

### 46 वाहनों का किया गया चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर सोमवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 46 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं दो लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

फाइलेरिया | कई लोगों ने ऐसी अफवाहों के चक्कर में पड़ कर दवा नहीं खाई थी, अब खाने को तैयार

# जागरुकता के सामने दम तोड़ रहीं अफवाह

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जागरूकता और तिहरी चेकिंग के सामने इस बार अफवाहें गायब हैं। अब तक एक तिहाई लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जा चुकी है। जहां लोग दवा लेकर रख ले रहे हैं वहां जांच टीम अपने सामने दवा खिला रही है। इस सख्ती से अफवाहों को इस बार पांव पसारने का मौका नहीं मिल पा रहा है।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 2021 में भी अभियान चलाया था, लेकिन उस समय कई तरह की अफवाहें फैल गई थी। किसी अफवाह में इसे नपुंसक बनाने की साजिश तो किसी में इसे धर्म तक से जोड़ा गया था। कई लोगों ने ऐसी अफवाहों के चक्कर में पड़कर दवा नहीं खाई थी। इसे देखते हुए इस बार स्वास्थ्य विभाग ने अभियान शुरू करने से पहले जागरूकता कार्यक्रम चलाया। लोगों को बताया गया कि फाइलेरिया क्या है और उसे पूरी तरह खत्म करने के लिए 28 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। अभियान शुरू हुआ तो अफवाहों को जगह नहीं मिली। सिर्फ एक समस्या यह आ रही है कि जो लोग घर पर नहीं मिलते। उनके परिजन उनकी दवा रखने का प्रयास कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इस बार साफ कहा है कि दवा किसी को बाद में खाने के लिए नहीं देनी है बल्कि सभी को दवा अपने सामने खिलानी है। इसमें लापरवाही न हो इसके लिए त्रिस्तरीय चेकिंग की व्यवस्था लागू की गई है। मलेरिया विभाग की टीम ने अपने सामने दवा खिलाने का काम कर रही है।



### लोगों को समझाने में जुटीं हुई हैं टीमें

इस बार अफवाहें नहीं हैं लेकिन एक सवाल कई लोग उठा रहे हैं कि जब उन्हें कोई बीमारी नहीं है तो वह फाइलेरिया की उक्त तीनों दवा क्यों खाएं। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी का कहना है कि ऐसे लोगों को बताया जा रहा है कि फाइलेरिया का कीड़ा कई सालों तक शरीर में छिपा रहता है और मरीज ही नहीं बल्कि अस्पतालों की जांच में भी पहचान में नहीं आता। यह जरूरी नहीं है कि जिसके भीतर फाइलेरिया के कीड़े हों वह बीमार ही हो। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि फाइलेरिया के कीड़े किस व्यक्ति में हैं और किसमें नहीं है। इसलिए सभी को दवा खिलाई जा रही है ताकि फाइलेरिया कहीं भी छिपा हो, बच न पाए। वैसे भी इन दवाओं को खिलाने से कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।

फाइलेरिया मुक्त अभियान

- जांच के लिए त्रिस्तरीय टीमें पहुंच रहीं गांव-गांव

# खुलेआम बिक रहा तेजाब नहीं रोक पा रहे हैं जिम्मेदार अफसर

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बकेवर कस्बा में विस्फोट से हुई युवक की मौत के बाद भी प्रशासन सबक नहीं ले रहा है। बैट्री की दुकान में खुलेआम तेजाब बेचा जा रहा है। कई दुकानदार बड़े सिलेंडर से छोटे में रीफिलिंग करते हैं। सब्जी मंडी के पास स्थित एक दुकान के पास सिलेंडर से कार में रीफिलिंग करते समय गाड़ी में आग लगने से जल गई थी। जिसमें इलाकाई पुलिसिया कार्यवाही शून्य रही।

तीन दिन पहले बकेवर कस्बे में कार्बेट से वेल्डिंग करते समय बस के डीजल टैंक में तेज धमाका हो गया था। जिसमे वेल्डिंग मिस्त्री मुन्नन अली की मौत हो गई तथा पडोसी बाइक मिस्त्री प्रेम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सबक नहीं ले रही है।

### तेजाब बिक्री पर नहीं बंदिश

बकेवर कस्बे में खुली बैट्री की दुकान से तेजाब खुलेआम बेचा जा रहा है, जिम्मेदार खामोश हैं। बताया जाता है कि तेजाब बिक्री करने का लाइसेंस होना चाहिए था लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। तेजाब बिक्री पर बंदिश लगाना तो दूर रहा विभागीय अधिकारी पूछताछ करना भी मुनासिब नहीं समझते, जिससे कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

### रसोई गैस सिलेंडर से रीफिलिंग

सालों से कई दुकानदार बकेवर कस्बे में सिलेंडर से रीफिलिंग कर छोटे सिलेंडर और गैस गाड़ी में भरते हैं। पिछले साल सब्जी मंडी के पास स्थित एक दुकान के सामने सिलेंडर से कार में रीफिलिंग करते समय गाड़ी आग का गोला बन गई थी जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया था।

# लॉगबुक में लिखना होगा कब खोली प्रश्नपत्रों की अलमारी

## यूपी बोर्ड परीक्षाः सभी कक्ष निरीक्षक ड्यूटी कार्ड के साथ आधार भी रखेंगे, बैठक में डीएम ने नकलविहीन परीक्षा कराने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागृह में बैठक को संबोधित करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तिर्वा के राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागृह में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को लेकर बैठक हुई। इसमें बताया गया कि 22 फरवरी से नौ मार्च तक चलने वाली परीक्षाओं में जिन शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक पद पर लगी है वह ड्यूटी कार्ड के साथ ही आधार कार्ड भी रखेंगे।

मंगलवार को केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सचल दल, स्टेटिक व सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक में मास्टर ट्रेनर शिवमोहन कुशवाहा ने बताया कि परीक्षा केंद्र की लॉग बुक पुलिस कांस्टेबल के पास रहेगी। अलमारी से जब भी प्रश्न पत्र निकाले व रखे जाएंगे या अलमारी खोली जाएगी तो उसका ब्योरा जरूरी लिखा जाएगा। लॉग बुक में अलमारी खोलने का समय, कारण व कब खोली व बंद की उसकी भी जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि जिनके परिजन या बच्चे केंद्र पर परीक्षा दे रहे होंगे, वह बोर्ड परीक्षा मूं ड्यूटी नहीं करेंगे। इसका ब्योरा भी खोलना होगा। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र ने बताया कि स्ट्रांग रूम के दरवाजे की चाबी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास ही रहेगी, उसकी कोई डुप्लीकेट चाबी नहीं होगी।

एक घंटे पहले केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की मौजूदगी व हस्ताक्षर के बाद उसे खोला जाएगा। मास्टर ट्रेनर जितेंद्र यादव ने बताया कि कई परीक्षार्थी स्टील या लोहे का ज्यामेट्री बॉक्स ले आते हैं, उस पर नकल की सामग्री भी लिखी होती है इस वजह से पारदर्शी बॉक्स लाने की अनुमति दें।

इस मौके पर बीएसए उपासना रानी वर्मा, डीसी मनरेगा दयाराम यादव, जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय, बीडीओ सदर अमित सिंह व बीडीओ निरंजन त्रिवेदी, बीईओ शिवेंद्र वर्मा व विश्वनाथ पाठक मौजूद रहे।

### बोर्ड परीक्षाः यह भी जान लें

- 27145 हाईस्कूल के परीक्षार्थी।
- 24639 इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी।
- 100 परीक्षा केंद्र जिसमें एक राजकीय, 44 सहायता प्राप्त व 55 वित्तविहीन।
- 12 संवेदनशील केंद्र व अतिसंवेदनशील कोई नहीं।
- 05 सचल दल जिसमें डीआईओएस, बीएसए, डायट वरिष्ठ प्रवक्ता, जीआईसी उमर्दा प्रधानाचार्य व पं. दीनदयाल जसोदा के प्रभारी प्रधानाचार्य नेतृत्व में।
- 100 केंद्र व्यवस्थापक।
- 100 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक।
- 100 स्टेटिक मजिस्ट्रेट।

### एक कॉल पर तुरंत पहुंचेगा पुलिस फोर्स

एएसपी संसार सिंह ने बैठक में सभी को आश्वस्त किया कि जिले में पुलिस की कमी नहीं है। सभी 100 केंद्रों के लिए ड्यूटी लगा दी गई है। अगर अतिरिक्त फोर्स की जरूरत हो तो मांग जरूर की जाए। उड़नदस्ता के साथ भी पुलिस बल रहेगा। एक कॉल पर तुरंत पुलिस आ जाएगी। एएसपी ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने थाना प्रभारी का भी मोबाइल नंबर रखें। पुलिस डायल नंबर 112 पर भी सूचना दी जा सकती है। परीक्षा केंद्रों पर आलाधिकारी भी भ्रमण पर रहेंगे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक अपने केंद्रों पर पुलिस कर्मियों से पूरी ड्यूटी लें।

### समय से पहुंचें केंद्र पर तो कार्य होगा आसान

एडीएम आशीष सिंह ने कहा कि जिसे भी जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन अच्छी तरह से किया जाएगा। अधिकारी व कर्मचारी समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें। जो कार्य दिया गया है अगर उसमें कोई कमी रह गई है तो पहले पहुंचने से उसे सही तरीके से किया जा सकता है। वर्तमान सरकार परीक्षा को लेकर संवेदनशील है। कन्नौज का नाम न खराब हो। टीम भावना के साथ ड्यूटी कर बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराएं। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने कहा कि सीएमओ डॉ. विनोद कुमार को पत्र लिखा गया है उसमें एंबुलेंस सक्रिय रहने को कहा गया है। अगर किसी केंद्र पर परीक्षार्थी आदि को जरूरत पड़ती है तो वहां इलाज मिलेगा।

### गंभीरता के साथ करें ड्यूटीः डीएम

डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। परीक्षा कराने के लिए लिखित में सभी आदेश हैं। गंभीरता के साथ सभी लोग ड्यूटी करें। सरकार के कठोर निर्देश हैं कि यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल नहीं होनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के पास विभागीय काम होंगे, लेकिन समय निकालकर परीक्षा केंद्रों पर भी पहुंचें। आने वाली नई पीढ़ी का भविष्य बना रहे। डीएम ने कहा कि अगर किसी केंद्र पर परीक्षा के दौरान कोई परीक्षार्थी बीमार होता है तो प्राथमिक उपचार दें। उसके बाद सीएचसी या पीएचसी पर भेजें, लेकिन साथ में स्टाफ का व्यक्ति जरूर रहे, जिससे पेपर आउट न हो सके। प्रतिबंधित सामग्री व मोबाइल आदि बाहर काउंटर पर जमा करा लें।



बोर्ड परीक्षा का पहचान पत्र बनवाने को बीआरसी में खड़ीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# जिस दिन परीक्षा नहीं, शिक्षक अपने स्कूल में पढ़ाई कराएंगे

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

- बीआरसी में पहचान पत्र बनवाने को पहुंचे कक्ष निरीक्षक
- जिले के करीब 800 बेसिक अध्यापकों की लगी है ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं में बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों की भी कक्ष निरीक्षक पद पर ड्यूटी लगाई गई है। जिस दिन पेपर नहीं होगा कक्ष निरीक्षक अपने परिषदीय स्कूल में छात्र-छात्राओं को पढ़ाएंगे। सोमवार को कन्नौज सदर समेत सभी बीआरसी में पहचान पत्र बनवाने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाएं पहुंचे।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए ड्यूटी आदेश में कहा है कि समय से सभी शिक्षक अपने-अपने केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी करें। जिस दिन ड्यूटी न हो, स्कूल में उपस्थिति होनी चाहिए। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए। बताया गया है कि करीब 800 अध्यापकों की ड्यूटी परीक्षा में लगाई गई है। ड्यूटी की जानकारी होने के बाद सदर बीआरसी में परीक्षा के लिए पहचान पत्र बनाने के लिए शिक्षिकाएं व शिक्षक पहुंचे। कुछ ने तो अपनी समस्या का हवाला देते हुए ड्यूटी काटने की बात कही। पहचान पत्र में ब्योरा भरा गया। कक्ष निरीक्षक व प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर के अलावा बीईओ के भी दस्तखत हुए। उसके बाद पहचान पत्र जारी किए गए।

# बैंक के लॉ अफसर को भेजा जेल

**फालोअप**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बैंक सहायक प्रबंधक ने खुद लगाई थी फांसी, उकसाने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी



आरोपी बैंक लॉ आफीसर प्रांशुल वर्मा (पीली जाकेट में)। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बैंक सहायक प्रबंधक की हत्या नहीं की गई, उसने खुद फांसी लगाई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है। घटना से पहले आरोपी बैंक लॉ आफीसर से बात हुई थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। युवक की प्रताड़ना से आजिज आकर युवती के घटना को अंजाम देने का आरोप है।

मूल रूप से उन्नाव जनपद निवासी प्रांशुल वर्मा आर्यावर्त बैंक सरायमीरा में लॉ आफीसर के पद पर तैनात है। उसकी मित्रता मकरंदनगर आर्यावर्त बैंक सिटी ब्रांच में कार्यरत सहायक प्रबंधक सोनिया खन्ना निवासी खाडामऊपुर्वा थाना अरौल कानपुर नगर से से थी। आरोपी ने बताया कि वह अक्सर सोनिया के किराये के कमरे में आता जाता रहता था। घटना के दिन दोपहर को उससे बात हुई थी। शाम को कमरे पर बुलाया था, पर उसने आने से मना कर दिया था। इसी बात से नाराज होकर उसने फांसी लगा ली। सोनिया की कर्मचारी मित्र ने जब फोन लगाया तो नहीं उठा। इस पर वह उसके कमरे पर पहुंची और दरवाजा पीटा पर लेकिन नहीं खुला। इसके बाद उसने भी फोन लगाया पर लेकिन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उसके पिता को सूचना दी गई तो उन्होंने उसे कमरे में जाने को कहा। इस पर वह रात करीब नौ बजे सोनिया के कमरे पर पहुंचा तो गेट बंद था। मकान मालिक को साथ लेकर निकट के मकान की रेलिंग के सहारे कमरे के गेट पर पहुंचा। गेट को पीटा तो वह किसी तरह खुल गया। अंदर जा कर देखा तो सोनिया फंदे पर लटक रही थी। उस समय उसके साथ मकान मालिक के अलावा करीब 10 से 15 लोग थे। किसी तरह उतारने के बाद उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा पर उसकी मौत हो चुकी थी।

# डीएलएड छात्रों ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज

- छात्रों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार।** प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली करने का डायट प्राचार्य व वरिष्ठ प्रवक्ता पर डीएलएड के तीन छात्रों ने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। छात्रों का आरोप है कि प्रयोगात्मक परीक्षा में अंक बढ़वाने के लिए उनसे रुपये मांगे गए हैं। इन्कार करने पर अंक कम देने की धमकी दी गई।

नगर के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी शशिकांत दीक्षित पुत्र रामेंद्र कुमार दीक्षित, नार्मल रोड सरायगूजरमल निवासी अभिजीत मिश्रा पुत्र सत्यदेव मिश्रा व नईबस्ती भैनपुरा निवासी ओमजी तिवारी पुत्र दिपनेश तिवारी ने बताया कि तीनों जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ में डीएलएड के छात्र हैं। आरोप है कि प्रैक्टिकल के नाम पर प्राचार्य हरी सिंह शाक्य एवं वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा द्वारा 10 हजार रुपए मांगे गए। मना करने पर अनुपस्थित करने की धमकी दी गई और 40-50 नंबर से ज्यादा नहीं देने की बात कही गई।

इस बारे में डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा में नंबर देने के लिए प्राचार्य अधिकृत हैं। लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने किसी से रुपये नहीं मांगे हैं और न ही प्रयोगात्मक परीक्षा से उनका कोई लेनादेना है।

# पीड़िता के परिजनों को 20 लाख दे सरकार

संवाददाता सौरिख, कन्नौज



दबंगों से पीड़ित आत्म हत्या करने वाली नाबालिग के गांव में लोगों से बात करते पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

- छेड़खानी से आहत किशोरी की आत्महत्या का मामला

**अमृत विचार।** सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों की छेड़खानी से आहत किशोरी के आत्महत्या करने की घटना के बाद पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख ने उसके परिजनों से मुलाकात की। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाने के साथ ही सरकार से 20 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की मांग की।

सोमवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव पीड़ित परिवार को दिलासा देने उनके घर पहुंचे। पीड़ित परिजनों ने बताया कि दबंगों ने कई बार लड़की से छेड़खानी की, जब उसकी शिकायत करने उनके घर गए तो मारपीट की। यही नहीं उन पर ही हरिजन एक्ट लगवा दिया गया। वे लोग आए दिन जान से मारने की धमकी देते हैं। यह सुनने के बाद नवाब ने पुलिस प्रशासन से आरोपी दबंगों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और सरकार से पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की मांग की है। कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाजवादी लोग थाने का घेराव करेंगे। इस मौके पर सोनू यादव, गोलू यादव, जीतू, विपिन, ग्राम प्रधान रामआसरे पाल, उदयवीर, प्रदीप कुमार, सोनू, अमन सविता सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, कराया डीएनए टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 13 फरवरी को दिया था घटना को अंजाम
- सारोतोप गांव निवासी है आरोपी युवक

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिला अस्पताल में उसका डीएनए जांच कराने के लिये सैंपल लिया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोवर्धनी के निकट रहने वाली एक 11 वर्षीय बालिका को कोचिंग के बहाने मकान में बुला कर सारोतोप गांव निवासी ऋषभ पुत्र होरीलाल ने दुष्कर्म किया था। परिजनों ने सदर कोतवाली में 15 फरवरी को उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने से पहले उसकी मेडिकल जांच कराई गई। डीएनए जांच कराने के लिये सीमेन समेत अन्य सैंपल लिये गये। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित मामले की पुष्टि होगी। इसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सूचना क्रांति से तकनीकी शिक्षा हुई आसान

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- डायट में तीन दिन प्रशिक्षण में शिक्षकों को दी गई जानकारी
- शिक्षकों को आईसीटी के उपयोग के बारे में बताया



शिक्षकों को जानकारी देतीं वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शिक्षकों को इन्फार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि सूचना क्रांति से तकनीकी शिक्षा आसान हो गई है और इसके माध्यम से बच्चों को बेहतर पढ़ाया जा सकता है। शिक्षकों को आईसीटी के माध्यम से बच्चों को निपुण करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया।

सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा ने कहा कि आज का युग तकनीकी युग है। शिक्षा में तकनीकी शिक्षा को समाहित करके सीखने सिखाने की प्रक्रिया को और सरल बनाया जा सकता है। हर बच्चा आसानी से समझ के साथ सीख सके। इसलिए शिक्षा में सूचना और संचार तकनीक का उपयोग करते हुए शिक्षण करना चाहिए। इसीलिए सभी शिक्षकों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। डायट प्राचार्य हरीसिंह शाक्य के निर्देशन व वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. सुनील चतुर्वेदी के संयोजन में चल रहे इस प्रशिक्षण के पहले दिन संदर्भदाता शशिकांत शुक्ल ने आईसीटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रवक्ता किरण सिंह ने डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में बताया। प्रवक्ता अनुज दुबे, फरहद शमशाद, सुमित गुप्ता, शिशिर कुशवाहा, गौरव सिंह व विवेक दुबे ने तय विषयानुसार विषय वस्तु को विस्तार पूर्वक समझाया। इस दौरान जनपद के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## सार-संक्षेप



संस्कृत बोर्ड की परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### 24 परीक्षार्थियों ने छोड़ी संस्कृत बोर्ड परीक्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ की परीक्षा में 24 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय साहित्य के 63, उत्तर मध्यमा प्रथम के 80 पंजीकृत परीक्षार्थियों में क्रमशः 06 और 18 अनुपस्थिति रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा में उत्तर मध्यमा द्वितीय प्राच्य विज्ञान के 33 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 04 अनुपस्थित रहे। पंजीकृत 144 छात्र-छात्राओं में 24 ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से आए दिनेश सिंह ने निरीक्षण किया। सहायक केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी ने बताया कि कैमरे की निगरानी में नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापक नरेंद्र सिंह, पर्यवेक्षक अर्चना यादव मौजूद रहीं।



अभियान के तहत अन्ना मवेशियों को पकड़े लोग। अमृत विचार

### 22 निर्माणाधीन गोशालाएं जल्द शुरू होंगी

**कन्नौज।** जनपद में 153 गोशालाएं चल रहीं हैं। 22 नए गोवंश आश्रय स्थल भी जल्द शुरू कराए जाएंगे। इनका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इससे लोगों को अन्ना मवेशियों से निजात मिलेगी। अब तक 9400 से अधिक गोवंशों को संरक्षित किया जा चुका है। सोमवार को विशेष अभियान के 12वें दिन सदर विधायक/ समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने ग्राम सभा सहिल्लापुर के मंदिर ग्राउंड पर गोसंरक्षण टीम की ओर से अन्ना मवेशियों को पकड़ने और उनको गोशालाओं तक ले जाने के तरीके को देखा। इसके साथ ही उन्होंने तेरामल्लू की गोशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों को इंतजाम और बेहतर करने का निर्देश दिया। सोमवार को जनपद में कुल 70 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशाला में संरक्षित किया गया। विकास खंड कन्नौज व गुगरापुर क्षेत्र में 11-11, उमर्दा में 13, तालग्राम में 10, सौरिख में 15, जलालाबाद व हसेरन में पांच-पांच गोवंशों को संरक्षित किया गया। कोई भी नागरिक अन्ना मवेशियों से संबंधित जानकारी डायल 1077 या 7080368123 पर दे सकता है।

**लोकसभा चुनाव -2024** जनपद में 646 वीआईपी महिला मतदाता, विशेष मतदाता पुनरीक्षण में तैयार की गई वीआईपी मतदाता सूची

# मतदान बूथों पर दिखाई देगा नारी शक्ति का 'वंदन'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



वोट डालने जातीं महिलाएं (प्रतीकात्मक फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान बूथों पर नारी शक्ति का 'वंदन' होगा। विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची में जिले में 646 वीआईपी महिलाओं का नाम है, जिसमें ग्राम प्रधान व सभासदों को भी शामिल किया गया है। इसी प्रकार जिले में 1141 पुरुष वीआईपी मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने इन्हें वीआईपी मतदाता की संज्ञा दी है।

लोकसभा चुनाव से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया, जिसमें वीआईपी मतदाताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। इनमें सभासद, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक, सांसद, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम शामिल किए गए हैं। 23 जनवरी को जब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया, तो उसमें 1787 वीआईपी मतदाताओं के नाम निर्वाचन आयोग को भेजे गए, जिसमें 1141 पुरुष और 646 महिलाओं के नाम शामिल हैं। ये वीआईपी मतदाता स्वयं अपने बूथ पर वोट डालने जाएंगे और समाज के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

वीआईपी मतदाताओं में किन्नरों व ट्रांस जेंडरों को भी शामिल किया गया है। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि लोकसभा चुनाव में पिछले चुनावों की अपेक्षा मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए भी कई जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्वीप के माध्यम से विद्यालयों में भी छात्र-छात्राएं और शिक्षक भी आम जनमानस को मतदान के महत्व के बारे में बता रहे हैं।

**जिले में महिला मतदाताओं की स्थिति**

| विधानसभा क्षेत्र | महिला वोटर | ट्रांसजेंडर | जेंडर रेशियो |
|---|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 223095 | 19 | 62.98% |
| 197-तिर्वा | 176729 | 24 | 64.25% |
| 198-कन्नौज | 201614 | 14 | 64.11% |
| कुल योग | 601438 | 57 | 63.73% |



"मतदाता सूची में शामिल वीआईपी वोटर्स जनप्रतिनिधि हैं, जो जिले की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन वीआईपी वोटर्स के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आम जनमानस को प्रेरित किया जाएगा। खासकर महिलाएं वोट देने कम जातीं हैं, इसलिए 646 महिलाओं को वीआईपी वोटर बनाया गया है।

**बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी**

# आज देहदान, अंगदान जागरूकता सेमिनार

**तिर्वा, कन्नौज।** युग दधीचि देहदान अभियान के तहत देहदान, अंगदान जागरूकता सेमिनार का आयोजन 20 फरवरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा के एल टी थ्री हॉल में आयोजित होगी। यह जानकारी स्थानीय संरक्षक विनय दुबे ने दी।

उन्होंने बताया कि विगत बीस सालों से पूरे प्रदेश में देहदान की अलख जगा कर अब तक 272 देह विभिन्न मेडिकल कॉलेजों को दान करा चुके कानपुर निवासी दंपति मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर अब कन्नौज की पवित्र भूमि पर देहदान का शंखनाद करने 20 फरवरी को 12 बजे तिर्वा मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे हैं। उनके साथ अभियान के वरिष्ठ संरक्षक पंडित शेष नारायण त्रिवेदी पप्पू रहेंगे। कन्नौज से स्थानीय संरक्षक पंडित त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीपी पाल एवं आभार एनाटमी हेड डॉ. मंजुला सिंह करेंगी।

# 67 उद्यमियों ने किया 700 करोड़ का निवेश

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में जिले के निवेशकों ने खोला खजाना, 'एक जनपद-एक उत्पाद' को दिया गया बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में जिले के निवेशकों, उद्यमियों व कारोबारियों ने खजाना खोल दिया और 67 निवेशकों ने 700 करोड़ रुपये का निवेश कर इतिहास रच दिया। निवेश और नवीन रोजगार सृजन की इस अभिनव परंपरा में 'एक जनपद-एक उत्पाद' को बढ़ावा दिया गया, जिससे कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति में जिले का भी योगदान हो। इस योजना में सहभागिता के लिए निवेशकों को सम्मानित भी किया गया।

सोमवार को शहर के पूर्वी बाईपास स्थित एक होटल में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का भव्य आगाज किया गया। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, विधायक कैलाश सिंह राजपूत व जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद एलईडी स्क्रीन पर लखनऊ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का लाइव संबोधन भी देखा गया। जिला उपायुक्त (उद्योग) धनंजय सिंह ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के चौथे संस्करण की रूपरेखा तथा उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और निवेशकों को शासन की औद्योगिक विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। मंत्री असीम अरुण ने भी प्रदेश की आर्थिक प्रगति के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत का संकल्प लिया है, जिसमें प्रदेश का अतुलनीय योगदान होगा। युवा उद्यमी अपने जिले में ही उद्योग-धंधे स्थापित करें, जिससे यहां के शिक्षित युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसमें प्रदेश सरकार हर संभव मदद करेगी। जिलाधिकारी ने भी 'एक जनपद-एक उत्पाद' के बारे में उद्यमियों को प्रेरित किया। भाजपा नेता रामसेवक कठेरिया के संचालन में हुए कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला महामंत्री अवधेश राठौर, समीर पाठक छोटू, पवन त्रिवेदी, प्रवीण टंडन, श्रेयस द्विवेदी, अभिषेक मिश्रा, डॉ. अजयपाल सिंह, विवेक नारायण मिश्र, प्रखर कपूर, फौजान मलिक, आलोक अवस्थी, सचिन कटियार, महेंद्र मिश्र रहे।


प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन देखते मंत्री, अधिकारी, उद्यमी व कारोबारी। अमृत विचार


ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में उपस्थित निवेशक। अमृत विचार

### 698.22 करोड़ निवेश, 2269 रोजगार सृजित

जिला उपायुक्त (उद्योग) धनंजय सिंह ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में जिले में 129 निवेश प्रस्ताव हुए थे, जिसमें 7450 .59 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था और 5713 रोजगार सृजित हुए थे। इस बार जब ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का चौथा संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें 698 .22 करोड़ का निवेश हुआ और 2269 नवीन रोजगार सृजित हुए। प्रदेश की आर्थिक प्रगति में कन्नौज की हिस्सेदारी बढ़ी है। आने वाले वर्षों में जिले एक हजार करोड़ से अधिक का निवेश कराने का लक्ष्य है।


ओडीओपी के अंतर्गत लगे इत्र के स्टाल।

### इत्र उद्योग को दिया बढ़ावा

कार्यक्रम स्थल पर लगे इत्र व हस्तशिल्प के स्टालों को समाज कल्याण मंत्री, विधायक, डीएम सहित सभी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में ओडीओपी की अपार संभावनाओं को विकसित करने के लिए लघु उद्यमियों को प्रेरित भी किया गया। इसके अलावा जिले में आलू आधारित उद्योग लगाने पर भी चर्चा की।

**................ जिले मे निवेश की स्थिति ................**

| विभाग | निवेश | धनराशि (करोड़ रु. में) | रोजगार |
|---|---|---|---|
| एमएसएमई | 17 | 188 | 615 |
| उद्यान विभाग | 26 | 258.11 | 849 |
| पशुपालन | 03 | 3.10 | 40 |
| ऊर्जा के स्रोत | 01 | 60.0 | 250 |
| डेयरी विकास | 01 | 3.00 | 15 |
| पर्यटन | 01 | 20.0 | 50 |
| तकनीकी शिक्षा | 12 | 90.0 | 224 |
| चिकित्सा-स्वास्थ्य | 01 | 10.0 | 100 |
| खाद्य सुरक्षा | 01 | 3.00 | 25 |
| यूपीसीडा | 01 | 8.00 | 25 |
| सहकारिता | 03 | 55.11 | 76 |
| कुल योग | 67 | 698.22 | 2269 |

## सार-संक्षेप

### पुलिस भर्ती परीक्षा देने गए युवक का आया शव

**तिर्वा, कन्नौज।** पुलिस भर्ती परीक्षा देने गए अभ्यर्थी की सड़क हादसे में मौत हो गई। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना ठठिया के सुर्सी गांव निवासी मनोज कुमार (25) पुत्र रामविलास अपने नौ अन्य साथियों के साथ पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए झांसी गया था। वह शुक्रवार को अर्टिका कार से साथियों के साथ पेपर देने गया था। शनिवार को परीक्षा में शामिल होने के बाद रविवार को सभी लोग घर आ रहे थे। जैसे ही वह उरई जनपद के कुठौंद गांव के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सभी घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने साथियों से जानकारी लेकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन पोस्टमार्टम कराकर शव घर ले आए। परिजनों ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में बीच का था। पुलिस भर्ती के लिए वह दो साल से तैयारी कर रहा था।


मनोज कुमार।

### पशु खरीदने आए व्यापारी की जेब से 90 हजार रुपये पार

**तिर्वा, कन्नौज।** पशु बाजार में पशु खरीदने आए व्यापारी की जेब से चोर 90 हजार रुपये पार कर दिये। कोतवाली क्षेत्र के हंसापुर गांव निवासी राजेश कुमार रविवार को कस्बा के मां अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में लगी पशु बाजार में पशु को खरीदने के लिए आया था। इसी दौरान किसी चोर ने उसकी जेब में पड़े नब्बे हजार रुपए चोरी कर लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


पीड़ितों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

### खाना बनाते समय लगी आग, दो महिलाएं झुलसीं

**तिर्वा, कन्नौज।** खाना बनाते समय चूल्हे की निकली चिंगारी ने चार घरों की गृहस्थी जलाकर नष्ट कर दी। घटना में दो महिलाएं झुलस गईं जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। थाना इंदरगढ़ के वेलामऊ सरैया गांव के मजरे चंदउआ निवासी आशादेवी सोमवार को अपनी झोपड़ी मे खाना बना रही थी। उसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लग गई जिससे झोपड़ी जलने लगी। जब तक ग्रामीण समझ पाते तब तक पास में रखी निर्मला देवी पत्नी जसंवत, दिनेश कुमार, सुभाष की झोपड़ियों में भी आग लग गई। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना में झोपड़ी में बंधी मवेशी खोलने में आशा देवी व निर्मला झुलस गईं जिन्हें मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया गया। सूचना पर थाना पुलिस के साथ पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी होते ही तहसीलदार अवनीश कुमार के निर्देश पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल भूपेंद्र सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीडितों से जानकारी लेते हुए उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए तहसीलदार को रिपोर्ट सौंप दी। तहसीलदार ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को दैवी आपदा के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।


युवतियों को जानकारी देती एडीजे लवली जायसवाल। अमृत विचार

### 'आत्मशक्ति से देश का सम्मान बढ़ा रहीं बेटियां'

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सोमवार को नगर के मोहल्ला अशोक नगर स्थित रेस्टोरेंट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अपर जिला जज लवली जायसवाल ने कहा कि आज आत्मशक्ति के बल पर बेटियां देश का सम्मान बढ़ा रहीं हैं। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। बेटियों ने एडीजे व समाजसेवी सिमरन शर्मा का शाल उढ़ाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं निडर होकर कोई भी कार्य सकती हैं। समाज में बेटियों को बराबरी का दर्जा दिलाने के शासन, प्रशासन तमाम योजनाएं चला रहे हैं। कानून भी महिलाओं को विशेष अधिकार देता है। महिलाओं की मदद के लिए सरकार द्वारा हेल्पलाइन नंबर से न्याय दिलाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न, रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 पॉश एक्ट की भी जानकारी दी। कहा कि जब महिलाएं निडर होंगी, तो कोई भी उनका उत्पीड़न करने की हिम्मत नहीं करेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत, विशेष अदालत की जानकारी दी गई। अपर जिला जज ने युवतियों को सहायता के लिए बुकलेट भी भेंट की। इस दौरान पीएलवी सीमा बानो, रसिक गुप्ता, सलोनी, पूजा, सपना, निशा, लक्ष्मी, प्रेम दुबे, रामबाबू मिश्रा, सागर श्रीवास्तव, सुरेन्द्र गुप्ता, आशीष, सुधीर अग्रवाल, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू जिला अध्यक्ष राजा शुक्ला। अमृत विचार

### समस्याओं को लेकर भाकियू ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में तहसील पहुंचे दर्जनों पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित 13 सूत्री ज्ञापन एसडीएम उमाकांत तिवारी को सौंपा। किसानों ने समस्या के समाधान की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में 21 फरवरी को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष ने मांग की कि प्रदेश में घरेलू बिजली के दाम आधे किए जाएं, सिंचाई के लिए बिजली कम से कम 18 घंटे दी जाए, कृषि सम्बन्धी सभी कर्ज माफ किए जाएं, प्रदेश सरकार द्वारा की जाने वाली गेहूं व धान की खरीद पर एमएसपी को 10 प्रतिशत बढ़ाया जाए, कृषि उपकरण ट्रैक्टर आदि पर बैंक का ब्याज दर कम किया जाए, फसल कहीं भी बेचने का अधिकार दिया जाए। भारतीय किसान यूनियन ने समस्याओं को शीघ्र अमल में लाकर समाधान की मांग करते हुए ठोस कार्रवाई नहीं होने पर 21 फरवरी से आन्दोलन की चेतावनी दी है।

### आतंकवाद के लिए इस्लाम में कोई जगह नहीं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आतंकवाद के लिए इस्लाम में कोई जगह नहीं है। इस्लाम एक ऐसा मजहब है जो इंसानियत की बुनियाद पर टिका है। हम सूफी हैं जो हर तरह की हिंसा का विरोध करते हैं। मदरसा दारुल उलूम गौसिया में आयोजित रसूले आजम कान्फ्रेंस मे यह बात नानपारा से आए मौलाना तबरेज ने कही। जलसे में देश भर से आए उलेमा व जायरीनों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि मौलाना मुफ़्ती सगीर ने कहा कि इस्लाम धर्म अमन व शांति का मज़हब है। कुछ लोगो के कुकृत्यों के कारण अगर कोई इस्लाम पर उंगली उठाता है तो वह मूर्ख ही कहलायेगा। मुंबई से आये मौलाना सिराज चिश्ती, मौलाना मुस्तकीम अहमद क़ादरी, मौलाना अजमल, हाफ़िज़ अहसन, मौलाना राशिद, मौलाना शाहिद, मौलाना गौस मुहम्मद, मौलाना फैज़ान मिस्बाही, हाफ़िज़ जीशान, जाहिद चिश्ती, आमिर अत्तारी, दिलनवाज़ मौजूद रहे।

### फौजी के साथ गोलीकांड में शामिल आरोपी को भेजा जेल

**तिर्वा, कन्नौज।** 25 दिसंबर की शाम को जमीनी विवाद को लेकर फौजी को जान से मार देने की नीयत से गोली मार दी गई। घटना में पुलिस ने एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया। कोतवाली क्षेत्र के गपचारियापुर गांव निवासी संजय यादव सेना का जवान है। छुट्टी लेकर वह घर आया हुआ था। 25 दिसंबर को संजय को गोली व चाकू मार दी गई। पीड़ित के पिता गिरीश चंद्र ने गांव के ही अवधेश, सुमित व सौरिख थाना क्षेत्र के भटपुरी गांव निवासी विजय सिंह, ककवन के भावनियापुर गांव निवासी कुंवर सिंह समेत तीन पर रिपोर्ट कराई।

## एक नजर

### कल संकर मक्का की खेती का मिलेगा प्रशिक्षण

**कन्नौज।** डीडी कृषि प्रमोद सिरोही ने बताया कि 21 फरवरी को सुबह 11 बजे कलक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय किसानों को प्रशिक्षण मिलेगा। इसमें जायद में संकर मक्का की उन्नतिशील खेती के गुर बताए जाएंगे। कार्यक्रम में आठों ब्लॉक क्षेत्र से 50-50 प्रगतिशील किसानों को बुलाया गया है। इसके अलावा सीएसए कानपुर व कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक, मक्का विशेषज्ञ, ट्रेडर्स, बीज विक्रेता कंपनियों के प्रतिनिधि व उत्पादक आदि भी शामिल होंगे। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि सभी एडीओ कृषि व कृषि रक्षा को पत्र भेजकर कार्यक्रम सफल बनाने को कहा गया है।

### फसल नष्ट कर युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम डिलियाभूड़ निवासी रामकुमार ने का कहना है कि 18 फरवरी की दोपहर दो बजे गांव के कमलेश, रामवीर व चिंटू ने उसके खेत में खड़ी जौ की फसल को जानवरों से चरवा कर नष्ट कर दिया। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### मामूली विवाद में युवक को जमकर पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी हरिओम का कहना है कि मामूली विवाद को लेकर रविवार को ग्राम सियरमऊ निवासी प्रदीप यादव, प्रवीन कुमार यादव व शांति ने उसे लाठी डंडों से मारपीटा और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### मदरसा की परीक्षाओं में 1213 गैरहाजिर

**कन्नौज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद की पहली पाली में सेकेंड्री परीक्षा में कुल 2317 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिसके सापेक्ष 1235 उपस्थित रहे और 1082 ने परीक्षा छोड़ दी। अनुपस्थिति प्रतिशत 53 .30 रहा।

## आयोग की गाइड लाइन में आए बीईओ का तबादला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक जिले में तीन साल पूरा करने वाले अधिकारियों के तबादले हो रहे हैं। इसी के तहत सूबे में 195 बीईओ के भी स्थानांतरण हुए हैं। जनपद के ब्लॉक छिबरामऊ के खंड शिक्षा अधिकारियों विमल तिवारी को आजमगढ़ भेजा गया है। कासगंज से श्रीकांत पटेल को कन्नौज भेजा गया है।

सहायक शिक्षा निदेशक डॉ. ब्रजेश मिश्र द्वारा जारी सूची में कन्नौज से एक बीईओ का तबादला हुआ है। नए बीईओ के आने के बाद तैनाती जनपद से ही निर्धारित ब्लॉक में मिलेगी। आदेश में कहा गया है कि नवीन तैनाती जनपद में प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बिना कार्यभार ग्रहण कर लिया जाए। कार्यभार ग्रहण करने से पहले अवकाश भी नहीं मिलेगा।

### तीन की पहले से जरूरत

नगर शिक्षा अधिकारी व जिला मुख्यालय बीईओ का भी पद रिक्त है। सदर बीईओ विपिन कुमार के पास ही इन दोनों रिक्त पदों का अतिरिक्त प्रभार है। इसके अलावा जलालाबाद व गुगरापुर दोनों ब्लॉक का चार्ज बीईओ शिवेंद्र वर्मा के पास है। इस हिसाब से अभी तीन बीईओ की जनपद में कमी है।

## धर्मेंद्र की जगह सनी लियोनी की फोटो

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- महोबा पुलिस ने अभ्यर्थी को पकड़कर पूछताछ की तो सामने आई सच्चाई

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जारी फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम व फोटो लगे प्रवेश पत्र की पड़ताल में पाया गया कि इस रोल नंबर का आवेदन धर्मेंद्र ने किया था। गलत प्रवेश पत्र जारी होने से वह परीक्षा से वंचित हो गया। उसकी मानें तो कैफे से आवेदन किया और प्रिंट निकलवाया तो सही था।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के पहले दिन सोशल मीडिया पर फिल्म अभिनेत्री का प्रवेश पत्र वायरल हुआ था जो चर्चा का विषय बन गया। इसमें परीक्षा केंद्र सोनेश्री स्मारक महाविद्यालय दर्ज था जहां सुबह पाली में परीक्षा होनी थी। परीक्षा में परीक्षार्थी गैरहाजिर रही। प्रवेश पत्र पर लिखे फोन नंबर व जीमेल आईडी की पड़ताल में यह महोबा जनपद से जुड़ी निकली। पुलिस ने आगे जांच की तो वायरल प्रवेश पत्र महोबा जनपद के रगौलिया बुजुर्ग गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार का पाया गया। रविवार को क्राइम ब्रांच की टीम रगौलिया बुजुर्ग पहुंची और अभ्यर्थी से पूछताछ की। उसने बताया कि उसने महोबा स्थित कैफे से पुलिस भर्ती के लिए आवेदन किया था। इसका प्रिंट निकलवाया तो सही था। जब प्रवेश पत्र जारी हुआ तो उसके स्थान पर सनी लियोनी का नाम व फोटो थी जिससे वह परीक्षा देने नहीं गया। इस अनोखे मामले में परीक्षार्थी का कहना है कि एडमिट कार्ड में सनी लियोनी का नाम और फोटो कैसे आ गया उसे इस बारे में कुछ जानकारी नहीं है।


आवेदन जो कैफे पर किया गया।


अभ्यर्थी धर्मेंद्र।

## सपा पदाधिकारियों ने थामा भाजपा का दामन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सपा के छिबरामऊ विधान सभा उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता व सपा सेक्टर प्रभारी राजेश गुप्ता ने लोक सभा चुनाव से समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका दिया है। दोनों ने सपा को छोड़कर भाजपा का दामन थामा है।

सोमवार को भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल के नेतृत्व में जीटी रोड़ स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा में आए दोनों पदाधिकारियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा से बिछड़े लोगों की घर वापसी हो रही है। इस दौरान संतोष चतुर्वेदी, संजीव गुप्ता संजू, बृजेश कौशल, पंकज कठेरिया, विजय दुबे, पंकज कठेरिया, जितेन्द्र कौशल, संतोष गुप्ता मुल्लू, शशिकान्त, अनुराग गुप्ता, कृष्ण मुरारी कठेरिया, नवल गुप्ता, भूरा कठेरिया, संजय गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।


कलक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते अभ्यर्थी। अमृत विचार

## पुलिस भर्ती परीक्षा में लगाया धांधली का आरोप

**कन्नौज।** पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए कई अभ्यर्थियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया के टेलीग्राम एप्लीकेशन पर पेपर लीक कर दिया गया, जिससे कई परीक्षार्थियों के साथ अन्याय हुआ है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे अभ्यर्थियों ने बताया कि जिले में 17 व 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन 10 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। टेलीग्राम पर इसका पेपर लीक कर दिया गया, जिसे डाउनलोड कर कई अभ्यर्थियों ने परीक्षा दे दी। इससे कई परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए और जिले में पुलिस भर्ती की परीक्षा दोबारा कराई जाए। परीक्षार्थियों ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को ज्ञापन दिया।

## कार और पांच लाख रुपये न मिलने पर विवाहिता को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में कार व पांच लाख रूपये की नगदी न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम मिरगावा निवासी उजमा बानो का कहना है कि उसकी शादी तीन वर्ष पहले थाना इंदरगढ़ के ग्राम अगौस निवासी जाहिद से हुई थी। शादी के पति जाहिद, जेठ जावेद, देवर शाहिद, राशिद और जेठानी मसरीन ने दहेज में कार व पांच लाख रूपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न करने पर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## पत्नी से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पति ने पत्नी के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। थाना छिबरामऊ के मोहल्ला कटरा निवासी शिवराम जाटव का कहना है कि उसकी पुत्री चांदनी मोहल्ला सुभाष नगर गुरसहायगंज स्थित ससुराल में थी। तभी 14 फरवरी की सुबह लगभग 7:30 बजे मोहल्ला सुभाष नगर निवासी पति मोहित ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना में मासूम की मौत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- ठठिया थाना क्षेत्र लालशाह पुर्वा गांव का मामला

**अमृत विचार।** आगरा-लख़नऊ एक्सप्रेस वे की बैरीकेडिंग टूटी होने से मासूम हाईवे पर पहुंच गया। जहां किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।


आयुष।

सोमवार को लालशाह पुर्वा गांव निवासी श्रीकृष्ण कुमार सविता का पुत्र आयुष (8) अपनी दादी रामबेटी के साथ गांव के ही निवासी राजेश प्रजापति की बेटी के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम में किसी पूजा के लिए सर्विस रोड पर स्थित एक मंदिर में महिलाएं पहुंच गई। आयुष भी अपनी दादी के साथ कार्यक्रम में पहुंच गया। आगरा-लख़नऊ एक्सप्रेस वे की बैरीकेडिंग टूटी होने से आयुष हाईवे पर पहुंच गया। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों ने उसे बिल्हौर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि आयुष दो बहनों में अकेला था।

**सुधार की जरूरत** सीएम कार्यालय के मूल्यांकन में 22वीं से 31वीं हुई एमडीएम वितरण व छात्रों की हाजिरी रैंक

## दर्पण पोर्टल पर गिरी रैंकिंग, 830 विद्यालयों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अंतिम चेतावनी दी गई, उसके बाद भी सुधार न हुआ तो फरवरी के वेतन आहरण पर लगेगी रोक

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की सख्ती के बाद तकरीबन सभी विभागों व योजनाओं की समीक्षा सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) पर हर महीने होती है। पीएम पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना यानि एमडीएम वितरण व छात्र-छात्राओं की हाजिरी की समीक्षा भी सीएम कार्यालय की ओर से होती है। उसके बाद रैंकिंग जारी की जाती है। इसमें जनवरी की रैंकिंग 31वीं आई है जो दिसंबर 2023 में 22वीं थीं। रैंक गिरने के बाद बीएसए ने डीएम के निर्देशों का हवाला देते हुए 830 विद्यालयों को नोटिस जारी किए हैं। इसमें हसेरन ब्लॉक क्षेत्र का आंकड़ा शामिल नहीं है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए नोटिस में कहा है कि एमडीएम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। दिसंबर 2023 में 68.46 फीसदी छात्र उपस्थिति है, इस पर डीएम ने नाराजगी जताई है। साथ ही सुधार के लिए कहा है। लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति करने व योजना में जिले को ए प्लस श्रेणी दिलाने के निर्देश दिए हैं जिससे राज्य में कन्नौज की बेहतर रैंक हो सके। बीएसए ने संबंधित बीईओ, न्याय पंचायत समन्वयक, प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को नोटिस दिया है। कहाकि विद्यार्थियों की उपस्थिति सही की जाए। अगर प्रगति न हुई तो फरवरी के वेतन आहरण पर रोक लगा दी जाएगी। जिन विद्यालयों को नोटिस दिया गया है उसमें प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों के अलावा वह मदरसा और इंटर कॉलेज भी हैं जहां कक्षा आठ तक एमडीएम का लाभ छात्र-छात्राओं को दिया जाता है।

**इस तरह दिए गए हैं नोटिस**

| ब्लॉक | नोटिस/स्कूल |
|---|---|
| उमर्दा | 213 |
| तालग्राम | 143 |
| कन्नौज | 134 |
| छिबरामऊ | 121 |
| सौरिख | 74 |
| गुगरापुर | 61 |
| जलालाबाद | 52 |
| कन्नौज नगर | 32 |

# फर्रुखाबाद में नमकीन-नर्सरी उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 35 निवेशकों को किया गया सम्मानित, 15 निवेशकों का लखनऊ में हुआ सम्मान



कायमगंज तहसील में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार



अमृतपुर में मौजूद विधायक सुशील शाक्य। अमृत विचार



कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद डीएम और जन प्रतिनिधि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को निवेशकों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर डीएम वीके सिंह ने 35 निवेशकों को सम्मानित किया। डीएम वीके सिंह ने बताया कि जिले में 142 परियोजनाओं को रजिस्टर्ड किया गया है, जिनमें से 48 परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं।

जिलाधिकारी वीके सिंह ने बताया कि 10 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले 15 निवेशकों को

**48** परियोजनाएं धरातल पर उतरीं

**550** करोड़ रुपये का हुआ निवेश

लखनऊ में सम्मानित किया गया है। जनपद में 550 करोड़ रुपये परियोजनाओं में निवेश किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में नमकीन और नर्सरी उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मौके पर सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का तहसील में विधायक, व्यापारी व भाजपा नेताओं ने लाइव प्रसारण देखा। इस मौके पर विधायक ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से निर्मित वस्तुओं को देखा और उनका उत्साहबर्धन किया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स 2023 के आयोजन के बाद लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 2024 के आयोजन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से तहसील सभागार में विधायक डॉ. सुरभि, भाजपा नेताओं व व्यापारियों ने देखा।

इस दौरान प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना गया। इससे पहले विधायक ने एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा के साथ तहसील सभागार में लगे स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित वस्तुओं के स्टाल पर पहुंच कर अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक, भाजपा नेता व व्यापारियों ने अपने बिचार रखे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे, चेयरमैन डा. शरद गंगवार, विधायक पति अजीत गंगवार, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, रेवन्यू बार एसोशिएसन अध्यक्ष विशेस्वर दयाल, भाजपा नेता जय गंगवार, अवनीश चतुर्वेदी, आदेश अग्निहोत्री, व्यापारी नेता शंभू दयाल कौशल, पवन गुप्ता, पुखराज डागा, मनोज कौशल, संजय गुप्ता, उमेश गुप्ता,सत्यनारण वर्मा, सुबोध उर्फ मंशाराम गुप्ता, अरुण दुबे, जितेंद्र रस्तोगी, वीरेंद्र राठौर, सागर गुप्ता, रोहित गुप्ता के अलावा नायब तहसीलदार सृजन कुमार, अनवर हुसैन, मनीष बर्मा आदि तहसील कर्मी मौजूद रहे।अमृतपुर प्रति निधि के अनुसार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम के तहत तहसील सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव दिखाया गया, जिसमें प्रधानमंत्री ने सरकार की उपब्धियां गिनाईं और भाजपा सरकार की भविष्य की योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने की। एसडीएम रविन्द्र सिंह, तहसीलदार कर्मवीर सिंह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। भाजपा नेता विजय गुप्ता, अनुराग सिंह, प्रिंस चौहान, जिलापंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह परमार, नीरज अवस्थी, शिवप्रताप सिंह चीनू, सुनील दत्त तिवारी,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनोद द्विवेदी, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शांति के लिए करें परमात्मा से प्रार्थनाः चंद्रदेव शास्त्री

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में सोमवार को प्रातःकाल यज्ञ किया गया। यज्ञोपरान्त यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि परमपिता परमात्मा ने हमारा शरीर साधन के रूप में दिया है। जीवात्मा रूपी साधक, शरीर रूपी साधन के द्वारा ईश्वर साध्य को प्राप्त करता है। जिसके पास जो वस्तु होती है उससे वही वस्तु प्राप्त होती है।

कपड़े की दुकान पर राशन नहीं मिलता, राशन की दुकान पर कपड़े नहीं मिलते। ऐसे ही ईश्वर से हमें वो माँगना चाहिए जो ईश्वर के पास हो। ईश्वर के पास ऐश्वर्य और आनन्द है, यदि हमें प्रार्थना करनी है तो ऐश्वर्य और आनन्द प्राप्ति की ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए। मनुष्य के हर प्रश्न का उत्तर ईश्वर के पास है, यदि आप समस्या से परेशान हैं और चाहते हैं कि इस समस्या का समाधान मिले तो शास्त्रकार कहते हैं "समाधानं समाधि" अर्थात प्रत्येक समस्या का समाधान समाधि है। एक योगी जब यम, नियम, आसान प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान के द्वारा समाधिस्थ होता है तब हर समस्या का समाधान खोज लेता है। जीवन की समस्याओं का समाधान ईश्वर के पास है और ईश्वर की प्राप्ति बिना अष्टाङ्ग योग के सम्भव नहीं है। ईश्वर के पास रहने वाला मनुष्य जीवन में कभी फेल नहीं होता। आगरा से आए आचार्य विवेक शास्त्री ने कहा कि जीवन के मर्म को जानने के लिए धर्म की आवश्यता है। धर्म धन के सामने संसार के सारे धन फीके हैं। मनुष्य कभी धर्मनिरपेक्ष नहीं होता, धर्मनिरपेक्ष तो पशु होता है। कु. उदिता आर्या ने ऋषि महिमा का भजन प्रस्तुत करते हुए कहा-"ऋषि की निशानी है यह आर्य समाज"

आचार्या दिव्या रामायणी ने भजनों से पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श स्वरूप को प्रस्तुत किया। पं शिवनारायण आर्य, रामवीर आर्य, हरिओम शास्त्री ने भी भजन गाए। सभा का संचालन स्वामी महेन्द्रानंद जी ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, शिशुपाल आर्य, संजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार, प्रमोद यादव, मंगलम आर्य, संदीप आर्य आदि रहे।

## एक नजर

### हादसों में चार लोग घायल

**कायमगंज।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में शमसाबाद क्षेत्र के गांव खुड़नावैध निवासी प्रदीप, घमुईया निवासी विकास, कंपिल निवासी राजेश, कंपिल के अटैना निवासी मोहनदास घायल हो गए। आसपास के लोगो ने सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद प्रदीप, विकास, राजेश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### युवती ने कीटनाशक गटका

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव आखूनपुर निवासी मोहिनी ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाना प्रभारी विनोद प्रकाश शुक्ला की टीम ने जस्ट डायल अप के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बालाजीपुरम निवासी वरुण उर्फ सुबोध मिश्रा, अंबेडकर नगर नरकसा निवासी संजय मिश्रा उर्फ छोटू, संदीप मिश्रा उर्फ पिन्टू पुत्र सत्य प्रकाश एवं मोहल्ला मैमरान निवासी रजत पुत्र हरिओम यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से 9 मोबाइल फोन, 9 एटीएम कार्ड ड्राइविंग लाइसेन्स कार्ड, 2 सिम कार्ड 2 पेन कार्ड, 134 वर्क स्क्रीन शॉर्ट मय नमूना मोहर एवं ग्रे कलर की कार बरामद की है।



एसडीएम यदुवंश कुमार को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

# किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, कायमगंज

**अमृत विचारः** किसानों ने कई समस्याओं को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौपा।

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के दर्जनों पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां किसान नेताओं ने मांग की स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर गठन किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों का सम्पूर्ण कर्ज माफ किया जाए। वह बोले आंदोलन के समय पर किसानों पर दर्ज मुकद्मे वापस लिए जाए। किसान नेताओं ने कहा कि प्रदेश में अन्ना मवेशियो से किसान परेशान है। उनकी फसल नष्ट कर रहे है। सांड कई लोगो पर हमला कर घायल कर चुका है। कई की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैए से किसान परेशान है। इस मौके पर किसा नेताओं ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम यदुवंश कुमार को सौपा। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, संजीव तिवारी, शीलेंद्र सिंह, प्रेमवीर सिंह, सुनील कुमार, अरविंद यादव, राजू सिंह चैहान, सोनू, राजीव सिंह चैहान, बजरंगी, विजय सक्सेना, सर्वेश गंगवार, सुरेश, हेमराज, जिलेदार सिंह शाक्य, ज्योती आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# एकादशी पर गंगा स्नान को लेकर रूट डायवर्जन

**फर्रुखाबाद :** गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में एकादशी पर गंगा स्नान को लेकर एसपी विकास कुमार ने रूट डायवर्जन कर दिया है। गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है, ताकि जाम आदि की समस्या से निपटा जा सके।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि 20 फरवरी को एकादशी पर गंगा स्नान को लेकर कानपुर की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को गुरसहायगंज सीमा पर रोक दिया जाएगा। छिबरामऊ से आने वाले बड़े वाहनों को जहानगंज, बेबर से आने वाले वाहनों को मोहम्मदाबाद कोतवाली की पुलिस चौकी मदनपुर पर रोक दिया जाएगा।

इसी तरह एटा की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को जिले की सीमा पर रोक दिया जाएगा। शाहजहांपुर से आने वाले वाहनों को हुल्लापुर में रोक दिया जाएगा ।बरेली की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को जिले की सीमा पर रोक दिया जाएगा ।एसपी ने बताया कि यह आदेश आज शाम सात बजे से 20 फरवरी को गंगा स्नान खत्म होने तक जारी रहेगा।

# मछली पकड़ने गया अधेड़ लापता सोता नाला में दिन भर खोजबीन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** अमृतपुर थाना क्षेत्र में मछली पकड़ने गया अधेड़ लापता हो गया। उसके कपड़े सोता नाला के किनारे रखे मिले, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह नाले में डूब गया है। संभावना के आधार पर थानाध्यक्ष ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई, लेकिन देर शाम तक बरामद नहीं हो सका।

मूल रूप से हरदोई जनपद के पचदेवरा थाना क्षेत्र के बेलसर हिलन गांव का रहने वाला बुलाकी (50) करीब 10 साल से अमृतपुर थाना क्षेत्र के परतापुर कला गांव में रिश्ते की बुआ के यहां आकर रहने लगा था। अविवाहित बुलाकी मछली पकड़ने का शौकीन था। शनिवार की शाम को वह जाल और ट्यूब लेकर सोता नाला में मछली पकड़ने गया था, लेकिन फिर देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा। घर वाले उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई पता नहीं चला।

खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगने पर उसके रिश्तेदारों ने उसके गायब होने की सूचना



सोता नाला में खोजबीन के दौरान मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

- मूल रूप से हरदोई जनपद का रहने वाला है लापता अधेड़

थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी को दी। रिश्तेदार हेमराज ने उसके परिवार वालों को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही बिटोली देवी, बहन छोटी बिटिया, सुदामा, बिट्टन, भाभी गुड्डी, भाई नन्हे भैया, मटरूलाल आदि सोता नाला के पास पहुंचे, जहां नाला के किनारे उसका शाल, गमछा, पजामी और जूता रखे मिले। कपड़े आदि देखकर संभावना जताई गई कि वह नाले में डूब गया है।

थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी, नायब तहसीलदार अतुल कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया और नाले में खोजबीन शुरू कराई। देर शाम तक सोता नाले में रेस्क्यू ऑपरेशन चला, लेकिन उसे बरामद नहीं किया जा सका। अंधेरा होने पर परिजन निराश हो गए। थानाध्यक्ष का कहना है कि न तो नाले में ज्यादा पानी है और न ही तेज धार है, फिर भी संभावना के आधार पर नाले में खोजबीन कराई जा रही है। मंगलवार को फिर सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।

# युवक जहरखुरानी गिरोह का शिकार

**कायमगंज :** दिल्ली से आ रहे बेकरी कारीगर को रोडवेज ब स मे जहरखुरानी गिरोह ने नशीला पदार्थ सुघाकर नकदी समेत सामान लूट लिया। बेहोश यात्री को लावारिश में चालक परिचालक डाल गए। लोगो ने सीएचसी में भर्ती कराया।

कंपिल क्षेत्र के गांव बहबलपुर मिस्तनी निवासी अरुण का परिवार नगर से सटे गांव प्रेमनगर में किराए पर रहता है। अरुण दिल्ली में रहकर बेकरी पर कार्य करता है। रविवार की शाम वह घर आने के लिए रोडबेज में सवार हुआ। रास्ते में रोडबेज बस में सक्रिय जहरखुरानी गिरोह के सदस्य ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और उसके पास से नकदी व सामान लेकर रफूचक्कर हो गए। जब चालक व परिचालक देखा तो उसे लावारिश अवस्था में ट्रांसपोर्ट चौराहे के समीप छायागृह में डाल दिया और चले गए। उसे बेहोश देख आसपास लोगो की भीड़ लगगई। तभी एक व्यक्ति ने उसे पहचान लिया और इसकी सूचना उसके गांव दी। परिजन मौके पर पहुंचे और सीएचसी में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया जहरखुरानी गिरोह ने पांच हजार नकद, मोबाइल व कपड़ो से भरा बैग लूट लिया।

# संगम क्लब ने यंग वारियर्स को हराया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में सोमवार को तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच संगम क्लब और यंग वारियर्स के बीच हुआ। संगम क्लब ने 99 रनों से जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

राजेश सिंह सब इंस्पेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में संगम क्लब के कप्तान डॉ. अमित सक्सेना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 185 रन बनाए। जुनैद ने 52, अतुल पाल ने 38 और लोकेश कुमार ने 29 रन बनाए। गेंदबाज सोनू यादव व हिमांशु कुमार ने दो-दो विकेट झटके। यंग वारियर्स की शुरुआत खराब रही। दूसरे ओवर में ही तीन विकेट गिर गए। खिलाड़ियों ने संभलकर खेलने का प्रयास तो किया, लेकिन आर्यन सिंह की घातक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सके। यंग वारियर्स की टीम सिर्फ 86 रनों पर ही सिमट गई। राज यादव ने 25, हर्ष ने 10, शहवाज व जय ने सात-सात रनों की पारी खेली। आर्यन सिंह ने चार, अतुल पाल व जुनैद ने दो-दो विकेट झटके। बसपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह आंबेडकर ने आर्यन सिंह को मैन ऑफ द मैच की ट्राफी भेंट की।



विजयी खिलाड़ी को स्मृति चिह्न देते आयोजक। अमृत विचार

# हादसा बचाने में बूढ़ी गंगा नदी में गिरी कार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** अनियंत्रित कार बूढ़ी गंगा में जा गिरी, जिससे कार चालक व उसका साथी पानी में डूबने लगा। दुर्घटना देख चरवाहों ने चालक व युवक को बाहर निकाला। चरवाहों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

कंपिल नगर पंचायत के मोहल्ला टीचर कालोनी निवासी ललित राजपूत सोमवार दोपहर अपने साथी भूरे खान के साथ कार से अटैना जा रहे थे। कंपिल-बदायूं मार्ग पर गांव राईपुर-चिनघटपुर के पास सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई। चालक ने कार को काबू में करने का प्रयास किया, लेकिन कर नहीं सका, जिससे कार बूढ़ी गंगा में जा गिरी। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। तल्फी नगला निवासी चरवाहे धर्म सिंह निवासी ने ईंट से कार का शीशा तोड़कर चालक और युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों को सीएचसी भिजवाया। दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने कार निकलवाई।

# युवक ने गटका जहर सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज।** नवाबगंज क्षेत्र में पिता को पुलिस से पकड़वाने पर युवक ने जहर खा लिया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

नवाबगंज क्षेत्र के अटसैनी के दिलीप ने कीटनाशक पदार्थ पी लिया। उल्टिया होने पर परिजन सीएचसी लाए। इलाज के दौरान युवक ने बताया उसका एक महिला से प्रेमप्रसंग हो गया। महिला ने उससे 15 हजार रुपए लिए। उसके बाद दो हजार रुपए और लिए। महिला को उसने दो लोगों के साथ देखा तो नोकझोक हुई। महिला की शिकायत पर पुलिस उसके पिता को पकड़ लाई। इससे परेशान होकर उसने जहर पी लिया।



शिवाजी की जयंती पर जुटे लोग। अमृत विचार

# शिवाजी की जयंती पर गूंजते रहे ढोल-नगाड़े

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** सामाजिक संगठन सरदार पटेल युवा वाहिनी एवं सरदार पटेल युवा मंच के तत्वाधान में वीर छत्रपति शिवाजी महाराज का 394वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ भव्यतम रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 फुट लंबा कैलेंडर प्रदर्शित किया गया, जिसमें पुष्प वर्षा के साथ शिवाजी महाराज के जयकारों से मसेनी चौराहा गूंज उठा। शिवाजी का भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा के साथ ढोल-नगाड़े बजे और आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरण हुआ । इसके बाद नेकपुर स्थित शिवाजी संस्थान केक काट कर जयंती मनी। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक कन्नौज फर्रुखाबाद व पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार , वरिष्ठ संरक्षक हर्षवर्धन कटियार , कुलदीप कटियार , वीरेंद्र सिंह कटियार , बसपा जिलाध्यक्ष विजय कटियार, अपना दल एस जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार , जिला पंचायत सदस्य रिंकू कटियार, कृष्ण मोहन कटियार , सभासद मधुर कटियार , प्रमोद कटियार, अशोक कटियार , प्रधान अजय कटियार , गुरदीप कटियार जी, पूर्व प्रधान संजय कटियार जी , राजीव कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार रेलवे रोड पर वीर शिवाजी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। सरदार पटेल शिवाजी फाउंडेशन की ओर से मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का आवाहन किया गया। उन्होंने वीर शिवाजी के बारे में उनके जीवन से जुड़े अनेको रोचक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति का महान रक्षक बताया। यहां नगर पालिका अध्यक्ष शरद गंगवार, फाउंडेशन केअध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, सौरभ गंगवार, रवि त्यागी, पीयूष गंगवार, नितिन गंगवार, अदालत पटेल, आकाश गंगवार , सतीश शाक्य, अमन माथुर, सौरव यादव, ऋषि सैनी, अमित गंगवार, शशि ठाकुर, शिव शर्मा आदि रहे।

**लापरवाही** प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना में लापरवाही, तीसरी किस्त का भुगतान रोका गया

# दो किस्तें मिल गईं, मगर अभी नहीं बन सके आवास

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत जनपद में 4992 लाभार्थियों ने प्रथम व दूसरी किस्त लेने के बावजूद निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया है। वहीं अब तक 6838 लाभार्थी आवास पूर्ण करा चुके हैं। जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) के कर्मचारी लाभार्थियों से लगातार आवास का निर्माण पूर्ण कराने को संपर्क कर रहे हैं।

वर्ष 2017 में शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लगभग 20 हजार से ज्यादा लोगों ने आवेदन किए थे। जांच के दौरान



11,830 पात्र लाभार्थी पाए गए। अब तक 11,667 को प्रथम, 11,323 को द्वितीय व आवास पूर्ण करा चुके 6652 को तृतीय किस्त दी जा चुकी है। 4992 लाभार्थी ऐसे हैं, जो किस्त लेने के बावजूद निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करा रहे हैं।

आवास पूर्ण न कराए जाने के चलते उन्हें तीसरी किस्त नहीं मिल पा रही है। गढ़ी नवाब न्यामत खां निवासी शबाना ने बताया कि दो किस्तें मिल चुकी हैं। तीसरी किस्त नहीं मिली है। रुपये न होने के चलते निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। प्रभारी परियोजना अधिकारी गजराज सिंह ने बताया कि जिन लोगों ने आवास पूर्ण करा लिए हैं, उन्हें तीसरी किस्त दी जा रही है।

### रंगाई-पुताई व पत्थर लगाने पर मिलती तीसरी किस्त

- सिटी लेबल टेक्निकल अधिकारी नितिन सक्सेना ने बताया कि पीएम आवास योजना शहरी के तहत जो लाभार्थी छत डलवाने के बाद प्लास्टर, रंगाई-पुताई व योजना संबंधी पत्थर लगा लेता है। उसे ही तीसरी किस्त दी जाती है। जनपद में 4992 लोग पहली व दूसरी किस्त लेने के बाद निर्माण नहीं करा रहे हैं। हमारे कर्मचारी लाभार्थियों से लगातार संपर्क कर कार्य पूर्ण कराने को भी कह रहे हैं।

**6838** पीएम आवास अब तक हुए पूर्ण

**4992** लाभार्थी नहीं करा रहे निर्माण कार्य

# अब 'पंख' से छात्र भरेंगे ऊंची उड़ान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** समग्र शिक्षा माध्यमिक के तहत आयोजित जनपद स्तरीय करियर गाइडेंस प्रशिक्षण शिविर में प्रधानाचार्यों को पंख पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि वह लोग पंख पोर्टल से विद्यार्थियों के भविष्य को राह दिखाएं।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सभागार में सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं को पंख पोर्टल के बारे में बताएं। देखें कि छात्र की रुचि किस विषय में है। जिस विषय में उसकी रुचि हो, उसी विषय में आगे बढ़ने के लिए उसे प्रेरित करें। कहा गया कि पंख पोर्टल के जरिए विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग करते हुए उनकी करियर संबंधी शंकाओं का समाधान करें। पंख पोर्टल पर विद्यार्थी अपनी रुचि तथा विषय को चुनेंगे। उसी तरह कॅरियर संबंधी जानकारी दी जाए। यहां प्रधानाचार्य ऋचा यादव, दीपिका राजपूत व मुन्नी देवी आदि रहे।

- प्रशिक्षण में पंख पोर्टल के बारे में दी गई जानकारी

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता ।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता ।।

ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा (उंघना), डर, क्रोध,आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत)– इन छः दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

# कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी,स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर,पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी,लस्सी,दूध,बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युरायिज्ड मिल्क की मांग बड़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी,चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती,

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल,होम इकोनॉमिक्स, किनशिप,एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर,खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं,जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए,लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घेर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते,भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्वव्यापी है,लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइजर से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं,लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य,पशु-पक्षी,जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है,लेकिन जब तक आती है,तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

## प्रसंगवश

# भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक,राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी,नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं,लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं,क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में माधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते,कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ,आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता,भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासकाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

# मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है,क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया,जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया,जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है,लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

## सोशल फोरम

# जिंदगी का हेल्थ कार्ड

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी,वहां अवार्ड ऐसे कपड़े,वैसी कार... ! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा,धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है,उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है।



संजय वर्मा
इंदौर

अजीब बात है न! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई,पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते,क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर



डॉ .बीएन सिंह
वाराणसी

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं,तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं,लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है,किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा हैं।

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है,लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते,बिछुड़ते है,लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए,इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए,लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश मात्र आठ सीट पाए जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें मे लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया,राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए ,उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं,तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर,मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए,तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे,न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्र में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे,जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया,पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहें हैं ,लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों के खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है,मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें,जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव , नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी,जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा : साल्वर गैंग का भंडाफोड़, तीन युवक धरे गए

## असली परीक्षार्थी की जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले का एसएसपी ने किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, इटावा


पुलिस की गिरफ्त में साल्वर गैंग के तीन सदस्य। अमृत विचार


जानकारी देते एसएसपी संजय कुमार।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा-2023 में असली परीक्षार्थी की जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन साल्वर दबोचे हैं। इनके पास से परीक्षा का प्रवेशपत्र, प्रश्न पुस्तिका, आधार कार्ड के अलावा 52 हजार रुपये भी बरामद किये गये हैं।

पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को दूसरी पाली की परीक्षा में शाकुन्तलम इंटरनेशनल स्कूल पर ड्यूटी में बढ़पुरा पुलिस व एसओजी टीम पहुंची थी। जानकारी मिली कि पुलिस भर्ती परीक्षा में एक साल्वर गैंग सक्रिय है। जो इसी स्कूल में किसी अभ्यर्थी की जगह बैठकर उसकी परीक्षा देने की फिराक में है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि इसकी सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गयी। तभी 3 व्यक्तियों के पैसे के लेनदेन के विवाद की जानकारी मिली। पुलिस ने कृष्णानगर पुल के पास से तीन लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम लोकेश यादव पुत्र मनोज कुमार, राजदीप पुत्र रणवीर सिंह एवं हरी कुमार गुप्ता पुत्र इन्दल कुमार बताये। इनको पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। राजदीप ने बताया कि वह पुलिस भर्ती परीक्षा की सॉल्वर गैंग चलाता है। वह सॉल्वर हरीकुमार गुप्ता को साथ लेकर अभ्यर्थी लोकेश की द्वितीय पाली की परीक्षा दिलाने आया था। हरीकुमार गुप्ता को पूरे पैसे नहीं मिले जिस कारण हरीकुमार गुप्ता परीक्षा में नहीं बैठा था। राजदीप ने बताया कि वह नगलाधीर सिरसागंज फिरोजाबाद का रहने वाला है। अपने ममेरे बहनोई राज नरायाण प्रताप यादव उर्फ जूली निवासी चमरौली मक्खनपुर फिरोजाबाद के साथ मिलकर यह काम करता है। राजनरायण उर्फ जूली एवं अश्वनी निवासी पटना बिहार के साथ मिलकर देशबन्धु कोचिंग सेन्टर जो दिल्ली, आगरा , बिहार में चलाते हैं से संपर्क में था।

बताया कि वह व जूली 15 से 20 हजार रुपये प्रति पेपर के हिसाब से सॉल्व करने के लिये पढ़े लिखे लड़कों की व्यवस्था करते हैं और प्रति अभ्यर्थी से 3-8 लाख रुपये तक लेते हैं। परसौआ जसवंतनगर इटावा के लोकेश यादव ने भी परीक्षा में प्रश्नपत्र साल्व कराने के लिये 3,62,000 रुपये दिये थे।

सॉल्वर हरी कुमार गुप्ता ने बताया कि इससे पहले भी अन्य अभ्यर्थियों की परीक्षा सॉल्वर के रूप में बैठकर दे चुका है। एसएसपी ने बताया कि राज नायारण प्रताप यादव उर्फ जूली व अश्वनी का नाम प्रकाश में आया है, इनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## महिला ने युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**सैफई, इटावा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत में शौच के लिए गई महिला के साथ गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ कर दी । पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। महिला का कहना है कि सोमवार तड़के वह शौच के लिए जा रही थी तभी गांव के ही एक युवक ने रोक लिया। पहले युवक अश्लील बातें करने लगा। महिला के विरोध करने पर वह उसे घसीटकर खेत में ले जाने लगा। बचाव में महिला ने युवक के थप्पड़ भी मारे। इस पर उसने भी मारपीट कर दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसके पति को जान से मारने की धमकी देकर भागा है। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना के बारे में बताया। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया प्रार्थना पत्र मिला है मामले की जांच कराकर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# इटावा के चार शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा


चित्रकूट में सम्मानित होने वाले जिले के शिक्षक।

- रामजी, रेनू, अनुराधा और दाऊ दयाल हुए सम्मानित

**अमृत विचार।** शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह में इटावा के विकासखंड ताखा के प्रावि. नगला मके के शिक्षक राम जी शर्मा एवं विकासखंड महेवा के उप्रावि. लुधियानी की शिक्षिका रेनू कुमारी, प्रावि नगरिया बुजुर्ग की शिक्षिका अनुराधा दोहरे और विकासखंड जसवंतनगर के कंपोजिट विद्यालय नगला नया के शिक्षक दाऊ दयाल को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट में आयोजित किया गया। सतत नवाचारी प्रयासों से विद्यालय को आनंद घर बनाने वाले उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के 70 शिक्षकों का चयन किया गया।

जनपद शिक्षक राम जी शर्मा और अनुराधा दोहरे द्वारा सांझा संकलन पुस्तक 'विद्यालय में एक दिन' और 'कोरोना काल में कविता' का विमोचन किया गया। प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में प्रथम दिवस में विद्यालय को आनंद घर बनाएं पर चर्चा परिचर्चा, द्वितीय दिवस पुस्तकों का विमोचन और शिक्षक सम्मान समारोह और तृतीय दिवस चित्रकूट भ्रमण कराया गया।

सम्मान समारोह की अध्यक्षता समाज सुधारक गोपाल भाई जी ने की। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि के रूप में पदमश्री उमाशंकर पांडेय, आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट कमलेश कमल, राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद के प्रदीप जायसवाल, डायट प्रवक्ता मनोज वार्ष्णेय, शिक्षाविद बाबू लाल दीक्षित एवम राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ईश्वरी सिन्हा व शिक्षिका आसिया फारूकी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का आयोजन एवं संयोजन शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश के संस्थापक प्रमोद कुमार ने किया।

## मारपीट मामले में दोनों पक्षों पर दर्ज हुई एनसीआर

**सैफई, इटावा।** मारपीट के मामले में थाना पुलिस ने दो पक्षों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है। प्रथम पक्ष के जसवंतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम परसौआ निवासी अमन कुमार ने थाना सैफई में दर्ज कराई एनसीआर में दर्शाया है कि रविवार शाम के समय सैफई जसवंतनगर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास पानी के बतासे खा रहा था। इस दौरान बाइक सवार ग्राम झिंगूपुर निवासी एक युवक अपने अज्ञात साथियों के साथ लाठी व डंडों से मारपीट कर दी । जिससे पीड़ित के काफी चोट आई । थाना पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। दूसरे पक्ष के नगला सवी निवासी अतुल कुमार ने दिए प्रार्थना पत्र में दर्शाया वह सोमवार सुबह बाइक पर सवार होकर कृषि कार्य हेतु जेसीबी लेने के लिए सैफई पेट्रोल पम्प आया था। कार में सवार सनी व देवा, शिवू ने मिलकर के उसके साथ मारपीट की जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। थाना पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर दोनों पक्षों की तरफ से एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 327 उद्यमियों ने एमओयू किया साइन

कार्यालय संवाददाता, इटावा


उद्यमी को सम्मानित करते सांसद रामशंकर एवं विधायक सरिता भदौरिया।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का लोक भवन से उद्घाटन समारोह का सजीव प्रसारण विकास भवन के प्रेरणा सभागार में दिखाया गया।

मुख्य अतिथि सांसद प्रोफेसर डॉ रामशंकर कठेरिया एवं सदर विधायक सरिता भदौरिया ने उद्यमियों को प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इटावा में 327 उद्यमियों ने 2267 करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू साइन किया है। 81 एमओयू को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार किया गया है। जिसका कुल निवेश 1111 करोड़ है। जिले का लक्ष्य 1400 करोड़ रखा गया था। जिसके सापेक्ष 1111 करोड़ प्राप्त कर लिया गया है। एमएसएमई विभाग का लक्ष्य 350 करोड़ रखा गया था, जिसके सापेक्ष 432 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। कार्यक्रम में निवेश करने वाले 20 उद्यमियों को सम्मानित किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत ज्योति देवी, सुजाता, सत्यवती, महक एवं मोहनी जैन को टूल किट दिया गया। उद्योग विभाग द्वारा पूजा देवी, राकेश कुमार, लक्ष्मण राम, शिवसागर, प्रिंस यादव को उद्योग धंधे के लिए चेक दिया गया। समूह से जुड़ी राजकुमारी ने प्रेरणा गीत एवं सीआरपी सुमन कुमारी ने अपनी सफलता की कहानी अपनी जुबानी सुनाई। कार्यक्रम का संचालन नम्रता तिवारी ने किया। विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों तक, जन-जन तक अवश्य पहुंचाया जाए। इस अवसर पर डीएम अवनीश राय,सीडीओ अजय कुमार गौतम, ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत, परियोजना निदेशक शरद श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग/स्वतः रोजगार सुधीर कुमार एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

# मिट्टी का टीला ढहने से दबकर युवक की मौत

संवाददाता भरथना, इटावा


सलीम अली।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम बाहरपुरा में सोमवार की शाम को घर की लिपाई करने के लिए मिट्टी खोदने के लिए गये युवक की टीला ढहना से मिट्टी में दबकर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उसे मलबे से बाहर निकाला और उसे सीएचसी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के गांव बाहर पुरा निवासी सलीम अली 35 सोमवार की सुबह अपने घर से घर की लिपाई करने के लिए नहर पुल के पास मिट्टी खोदने के लिए गया था। वहां पर वह टीले के नीचे से मिट्टी खोदने लगा तभी अचानक टीला भरभरा कर उसके ऊपर गिर पड़ा, जिससे वह मिट्टी में दब गया। उसके मिट्टी में दबने पर उसके साथ गए लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और मिट्टी को हटाकर उसे बाहर निकाला।

बाद में परिवार के लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने घटना स्थल का निरीक्षण कर प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया है। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था,वह अपने परिजनों का पल्लेदारी करके भरण पोषण करता था।

## सिंडौस के छात्र को मिला इंस्पायर अवार्ड


सिंडौस के छात्र शिवा को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य श्याम नारायण।

**चकरनगर, इटावा।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से स्कूली बच्चों के लिए नवाचार आधारित इंस्पायर मानक योजना के तहत राजकीय इंटर कॉलेज सिंडौस के छात्र शिवा राजावत का चयन हुआ है। पुरस्कार स्वरूप 10,000 रुपये प्राप्त हुए हैं। प्रधानाचार्य श्याम नारायण ने छात्र को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने छात्र को बधाई दिया ।

# रुपयों के लेनदेन में दो पक्षों में हुई मारपीट, दो घायल

संवाददाता, बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव नगला कले में रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच कर के दोषियों पर कार्यवाही की जायेगी।

उक्त गांव निवासी नरेश सिंह व मनीष कुमार के बीच रुपयों के लेन-देन को लेकर रविवार को कहा सुनी व गाली गलौज हो गई। जिसकी जानकारी दोनों के स्वजनो को हुई तो वे लाठी डंडो से लैस होकर एक दूसरे को गालीगलौज करते हुए लाठी डंडो मारने पीटने लगे जिसमें प्रथम पक्ष से शगुना पत्नी नरेश सिंह जब कि दूसरे पक्ष से सुकेशा देवी पत्नी मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने दोनो घायल महिलाओं को अस्पताल भिजवाया। प्रथम पक्ष से नरेश सिंह ने मनीष कुमार, जयन्त कुमार, राजेश कुमार दूसरे पक्ष से सुकेशा देवी पत्नी मनोज कुमार ने नरेश सिंह उसके बेटे सौरभ तथा पत्नी शगुना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### अश्लील हरकतें करते युवक को दबोचा

**इकदिल।** थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि महिलाओं व लड़कियों को देखकर गाना गाने के साथ अश्लील हरकतें करते हुए थाना बकेवर के गांव निवाड़ी खुर्द के रहने वाले राघव दीक्षित को सूचना पर पुलिस ने चितभवन रोड पर विद्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में प्रस्तुत करके उसे जेल भिजवाया गया।

# अहीर रेजीमेंट बनने तक चैन से नहीं बैठेंगे

संवाददाता सैफई, इटावा


नेताजी मुलायम सिंह के समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देते यादव परिषद के सदस्य। अमृत विचार

- जन जागरुकता साइकिल यात्रा का सैफई में समापन

**अमृत विचार।** अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को लेकर 11 फरवरी से दिल्ली से शुरू हुई साइकिल यात्रा का सैफई में नेताजी मुलायम सिंह यादव की समाधि स्थल पर समापन किया गया।

विश्व यादव परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश यादव के नेतृत्व में राजघाट दिल्ली से शुरू हुई अहीर रेजीमेंट जन जागरुकता साइकिल यात्रा, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद मैनपुरी होकर रविवार को सैफई मेला ग्राउंड में बने नेताजी मुलायम सिंह यादव के समाधि स्थल पर पहुंची। समाधी स्थल पर पहंच कर पुष्पांजलि अर्पित कर यात्रा का समापन किया गया। अध्यक्ष अवधेश यादव ने कहा आज तक जितने भी युद्ध हुए हैं। उनमें यदुवंशियों नें बढ़-चढ़कर वीरता का परिचय दिया है। वर्षों से यादव परिवार अहीर रेजिमेंट के लिए लड़ता आ रहा हैं। सरकार ने अभी तक अहीर रेजीमेंट नहीं बनाई है।

यह संकल्प लिया कि हम लोग रेजिमेंट गठन कराने की मांग को लेकर चैन से नही बैठेंगे । प्रदेश अध्यक्ष सुशील यादव, पिंकी यादव, राष्ट्रीय प्रभारी सुभाष यादव, जिलाध्यक्ष अशोक यादव,क्रांतिकारी मौजूद रहे।

## चुनाव में लगे वाहन किराया प्राप्त कर लें

**इटावा।** अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2017 को संपंन कराये जाने में प्रयुक्त भारी/हल्के वाहनों का किराया परिवहन शाखा पुलिस लाइन, जनपद इटावा को प्राप्त हो गया है। उन्होंने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2017 में प्रयुक्त वाहन स्वामियों से अनुरोध किया है कि वह तत्काल उप निरीक्षक, परिवहन शाखा पुलिस लाइन, जनपद इटावा को गाड़ी की आरसी, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या एवं आईएफसी नम्बर उपलब्ध करा दें ताकि वाहन किराये का भुगतान किया जा सके।

सामूहिक विवाह समारोह | प्रशासनिक अधिकारियों समेत जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद, दूल्हा –दुल्हन को दिया आशीर्वाद

# 229 जोड़े एक–दूजे का हाथ थाम कर बंधे विवाह बंधन में

कार्यालय संवाददाता, इटावा


वर वधू को आशीर्वाद देतीं पूर्व एमएलए सावित्री कठेरिया, चेयरमैन अजय यादव।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सोमवार को जिले में इटावा तथा भरथना में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया । इसमें कुल मिलाकर 229 जोड़े एक दूजे का हाथ थामकर विवाह बंधन में बंध गए। इटावा नुमाइश पंडाल में हुए आयोजन में 87 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। भरथना में आयोजित समारोह में 142 जोड़ों के विवाह कराए गए।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इटावा नुमाइश पंडाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 87 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। रीति रिवाज के अनुसार इनका विवाह कराया गया। गृहस्थी का सामान देकर विदा किया गया। यहां सदर विधायक सरिता भदोरिया ने सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचकर नव दम्पत्तियों को आर्शीवाद दिया। उनके सुखमय जीवन की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी रवीन्द्र कुमार शशी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर बढ़पुरा के ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत, भाजपा नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता, चंदन पोरवाल आदि मौजूद रहे।

भरथना में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत तीन तहसीलों के 142 जोडों ने एक-दूसरे का दामन थाम वैवाहिक जीवन की शुरूआत की। रीति रिवाजों के साथ नवदम्पत्तियों ने सात फेरे लेकर एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर सुखद दाम्पत्य जीवन का संकल्प लिया।

इस समारोह में तीन मुस्लिम जोडों ने भी मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ निकाह कुबूल किया। यहां एसएवी इण्टर कालेज के परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत तीन तहसीलों भरथना,चकरनगर,ताखा के सम्पूर्ण विकास खण्ड,नगर पालिका,नगर पंचायत के 142 जोडों का वैवाहिक कार्यक्रम प्रशासनिक देखरेख में विधिविधान से कराया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सावित्री कठेरिय, भरथना नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अजय कुमार गुल्लू यादव ने नवदम्पत्तियों को सुखमय का आशीर्वाद दिया। इस समारोह में तहसील भरथना,चकरनगर व ताखा क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास खण्डों, नगर पालिका, नगर पंचायतों के कुल 142 युवक-युवतियों का वैवाहिक कार्यक्रम शासन की मंशानुरूप हर्षोल्लास व भव्यतापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया है।

भरथना के एक व महेवा के दो मुस्लिम जोडों ने मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ निकाह कुबूल किया। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दीपकनाथ चौधरी बद्री, मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह गौर बण्टू,राजेश तिवारी, गोविन्द रावत,कुलदीप यादव थे।

# पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने उस पर तीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना अदा न करने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास

**अमृत विचार।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम दिलीप कुमार सचान ने पत्नी की हत्या के पांच साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए पति को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर तीस हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। इस मामले में आरोपी बनाए गए सास व ससुर को कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि औरैया जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के गांव सिम्हारा निवासी कपिल सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसने अपनी बहन दीपा की शादी चकरनगर थाना क्षेत्र के गांव डिभौली निवासी सूरज सिंह के साथ 2013 में की थी। लेकिन दीपा के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। 26 अप्रैल 2018 को उसे फोन पर सूचना मिली कि दीपा को करंट लग गया। वह मौके पर पहुंचा तो उसकी बहन मृत अवस्था में पड़ी थी। ससुराली जनों ने उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सूरज ससुर राजेश व सास शीला देवी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में हुई। सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तरूण कुमार शुक्ला व बलबीर सिंह राजपूत ने पैरवी कर साक्ष्य व गवाहों को पेश किया। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने सूरज को हत्या का दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा व तीस हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया। जबकि साक्ष्यों के अभाव में ससुर व सास को बरी कर दिया।

# नवविवाहिता की संदिग्ध हालातों में हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मायके वालों ने लगाया हत्या का करने आरोप


सुमन।

**अमृत विचार।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव बदरियापुर में में संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की दो माह पूर्व ही शादी हुई थी। वह एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। ससुरालीजनों ने बताया कि अचानक तबियत खराब होने पर अस्पताल ले गए तभी उसकी मौत हो गई।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अजीत नगर की रहने वाली 24 वर्षीय सुमन की शादी ऊसराहार थाना क्षेत्र के बदारियापुर निवासी सुग्रीव से 7 दिसंबर 2023 को हुई थी। सुमन ग्रेजुएट होने के बाद शिक्षा विभाग नौकरी की तैयारी कर रही थी और निजी विद्यालय में पढ़ाया करती थी। रविवार देर शाम अचानक सुमन की तबीयत खराब हो गई। जिसकी वजह से उसके ससुराल वाले उसको नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए ले गए थे। लेकिन घर लौटते समय सुमन ने दम तोड़ दिया था। सुग्रीव के पिता शिव कुमार ने मायके वालों को फोन करके बताया था कि सुमन की तबीयत ज्यादा खराब है। जानकारी पर उसका बड़ा भाई तेज प्रताप सिंह और विमल अपने पिता ओमप्रकाश के साथ रात करीब 1 बजे सुमन की ससुराल पहुंचे जहां सुमन को उन्होंने मृत अवस्था में देखा तो उनके होश उड़ गए और मायके वालों ने तुरंत ही पुलिस को इस बात की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुमन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तेज प्रताप सिंह ने हत्या का आरोप लगाया है पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंची नायब तहसीलदार प्रीति सिंह के देखरेख में पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की।गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बीमारी के चलते मौत की बात सामने आई है। मृत्यु कैसे हुई है इसी बात के लिए पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# 198 जोड़ों ने लिए सात फेरे और सात का हुआ निकाह

## डीएम व विधायक रहीं मौजूद, दूल्हा-दुल्हन को दिये उपहार

कार्यालय संवाददाता औरैया



नवदंपति को उपहार प्रदान करतीं विधायक गुड़िया कठेरिया व डीएम नेहा प्रकाश।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ककोर स्थित तिरंगा मैदान में कुल 205 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बधे। इस अवसर पर 198 जोड़ों को हिंदू रीति रिवाज से तथा 07 जोड़ों का निकाह पढ़ा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सदर विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों की धूमधाम से शादी करने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती हैं। जिससे उनको यह महसूस न हो कि वह गरीब है इसलिए उनको शादी में समस्या होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना के तहत ऐसे गरीब और बेबस लोग जो अपनी पुत्रियों की शादी करने में अपने को असहाय समझते हैं उनके लिए यह योजना वरदान साबित हुई है,जिससे कोई भी गरीब व निर्धन अपनी बेटी की शादी करने में परेशानी महसूस न करे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शादी के दौरान 35000 रुपये कन्या के बैंक खाते में जमा किया जाता है। 10000 रुपये की पायल, बिछिया, वस्त्र, बर्तन तथा 6000 रुपये अन्य व्यवस्थाओं पर व्यय किया जाता है।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि इन जोड़ों ने अपने-अपने जीवनसाथी को चुनकर आगे सुखमय जीवन व्यतीत करने का रास्ता ढूंढा है,जो अपने सुखमय जीवन को साथ रहकर व्यतीत करेंगे। उन्होंने नवदांपत्य को वस्त्र आदि देते हुए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित खंड विकास अधिकारी व शादी के जोड़ों के अभिभावक आदि मौजूद रहे।

## मारपीट कर 20 हजार रुपये लूटने का लगाया आरोप

**अछल्दा,औरैया।** कस्बा के नहर बाजार में रविवार रात सवा नौ बजे करीब कार सवार 3 अज्ञात आरोपियों ने कारोबारी और भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की दुकान पर आकर अंडे के रुपये न देने पर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए गोलक में रखी नगदी 20 हजार 5 सौ रुपये लूट कर चले गए। सूचना पर पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर मेडिकल कराया है।

नहर बाजार निवासी अंडा के थोक और फुटकर कारोबारी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष इब्दुल शाह उर्फ ईदू की दुकान पर रात कार सवारों ने आकर फुटकर काउंटर पर पहुंचकर अंडा खाने बाद रुपये नहीं दिए और दुकानदार से मारपीट करते हुए दुकान की गोलक से 20 हजार 500 रुपये लूटकर ले जाने का आरोप लगाया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में ले जाकर मेडिकल कराते हुए जांच शुरू की। थानाप्रभारी भूपेन्द्र राठी ने बताया कि मामले की जानकारी पर मौके पर गए थे मेडिकल परीक्षण कराया था मारपीट का मामला है लूट के आरोप गलत है।

# मौसम की मारः सुबह-शाम की सर्दी से हो रहे बीमार

कार्यालय संवाददाता, औरैया



100 शैय्या जिला चिकित्सालय में दवा काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बार-बार बदल रहा मौसम लोगों को बीमार कर रहा है। सर्दी, खांसी जुकाम के अलावा हाथ पैरों में दर्द से लोग कराह रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। भीड़ अधिक होने के चलते मरीजों के अलावा स्वास्थ्य कर्मियों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। 50 शैय्या जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को करीब 500 पर्चे बने।

मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है इसके चलते कभी तेज गर्मी हो जाती है, तो कभी बादल छा जाते हैं। मौसम में बदलाव तरह-तरह की बीमारियां बढ़ा रहा है। विगत कई दिनों से अस्पताल में सर्दी, खांसी व जुकाम के मरीज अधिक आ रहे हैं। इसके अलावा जोड़ों में दर्द हाथ पैरों में सूजन के मरीज भी अस्पताल में खूब पहुंच रहे हैं।

ओपीडी बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज कुमार, डॉ प्रियांशी, नेत्र सर्जन व नेत्र परीक्षण अधिकारी मरीजों को देख रहे थे। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि दिन में धूप निकलने के चलते लोग हल्के कपड़े पहन कर बाहर निकल आते हैं। लेकिन जिन्हें देर रात घर पहुंचना होता है। उन्हें सर्दी हो जाती है। सर्दी जुकाम होना बदलते मौसम का प्रभाव है। उन्होंने बताया कि सुबह शाम गर्म कपड़ों का प्रयोग करते रहें। अधिकांश बच्चों को खांसी की समस्या आ रही है। इस समय खांसी में जल्द आराम नहीं मिल रहा है। कुछ मरीजों को 10 से 15 दिन में खांसी में आराम मिलता है। सोमवार को ओपीडी में लगभग 500 पर्चे बनाए गए।

**100 शैय्या की दौड़ लगा रहे मरीज :** शहर के 50 शैय्या जिला अस्पताल में इस समय हड्डी रोग से संबंधित कोई भी डॉक्टर नहीं है। ऐसे में हड्डी रोग के मरीज परेशान हो रहे हैं। पर्चा बनवाने के बाद जब उन्हें डाक्टर न होने की जानकारी होती है। तब उन्हें 100 शैय्या जिला अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ती है। बता दें कि अस्पताल में विगत दो-तीन महीने से हड्डी रोग विशेषज्ञ का पद खाली पड़ा है। मरीज खून की जांच करने के लिए पैथोलॉजी में पहुंचे। जांच करने के लिए भी भीड़ लगी है।



पंजीकरण कराते मरीज। अमृत विचार

ओपीडी में सोमवार को बनाए गए करीब 500 पर्चे, कई दिनों से अस्पताल में सर्दी, खांसी व जुकाम के मरीज के साथ जोड़ों में दर्द हाथ पैरों में सूजन के मरीज भी पहुंच रहे हैं।



क्रॉसिंग पार लगा जाम। अमृत विचार

# कंचौसी रेलवे क्रासिंग पर दिनभर लगता रहा जाम

संवाददाता कंचौसी औरैया

- चुनाव करवाने जा रही पुलिस भी जाम में फंसी रही

**अमृत विचार।** सोमवार को दिल्ली हावड़ा रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे क्रासिंग पर सड़क यातायात बढ़ने व क्रॉसिंग बंद होने से जाम लगा रहा। रुक रुक कर पूरे दिन में कई बार जाम लगा। इससे वाहन सवार हलकान हुए। नहर पुल पर भी वाहनों की आवाजाही सुचारु बनाने को पुलिस पसीना बहाती रही।

सोमवर को सुबह से ही वाहनों की आवाजाही बढ़ गई। रेलवे क्रासिंग ट्रेनों को निकालने के लिये बंद की जाती तो सड़क मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग जाती। दोपहर में ग्यारह बजे के बाद कई बार सड़क मार्ग क्रॉसिंग बंद होने से प्रभावित हुआ। इसकी वजह से जाम लग गया। जल्द निकलने की आपाधापी में वाहन आपस में उलझने से जाम लग गया। क्रासिंग मोड़ पर एक्सचेंज मार्ग से आने वाले वाहनों को लेकर कई बार जाम लगा। रुक रुक कर पूरे दिन पंद्रह मिनट से लेकर आधे घंटे का जाम कई बार लगा। जाम में फंसने से वाहन सवार हलकान रहे। टेंपो, ई-रिक्शा सवारी वाहनों पर फंसे लोग पैदल ही उतर कर आगे निकले। रेलवे क्रॉसिंग दोपहर एक बजे बंद हो गई। पंद्रह मिनट बाद क्रासिंग खुली तो वाहन फंसने से जाम लग गया। पुलिस ने एक एक कर वाहनों को निकलवाकर जाम खुलवाया। वहीं कस्बा के नहर पुल पर भी कई बार जाम लगा। वहीं भुनियापुर में कोटा डीलर के चुनाव को लेकर थाना और चौकी कंचौसी पुलिस क्रासिंग पर जाम में फसी रही। स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि वाहनों की आवाजाही बढ़ने से जाम की स्थिति बनी। पुलिस बल ने वाहनों को निकलवाकर जाम खुलवा दिया।

## एक्सईएन को दी गई विदाई

**अजीतमल।** बाबरपुर अजीतमल स्थित नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में ईओ विजय कुमार सिंह का जौनपुर के मछली शहर में स्थानांतरण होने पर नगर पंचायत के चेयरमैन इन्द्र गुप्ता व पति स्वदेश पोरवाल ने माल्यार्पण,शाल्यार्यपण कर विदाई दी।पिछले दो वर्षों से निरन्तर सेवा देने के बाद सोमवार को समस्त सभासदों समेत कार्यालय के लोगों ने फूल माला डालकर विदाई दी।

# बच्चों ने कार्यशाला में सीखा विज्ञान

कार्यालय संवाददाता औरैया



छात्रों को जानकारी देते शिक्षक मोहित सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित स्वामी विवेकानन्द इंटर कालेज सहार में भौतिकी प्रवक्ता रामेन्द्र सिंह कुशवाहा के द्वारा अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए फिजिक्स ऑफ फैन (फूफा) पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में वैदिक इंटर कालेज दिबियापुर के विज्ञान शिक्षक मोहित सिंह के द्वारा सिंगल फेज इंडक्शन मोटर से संचालित पंखे की विज्ञान और उसकी कार्यविधि को बारीकी से समझाया गया।

रिसोर्स पर्सन मोहित सिंह ने बताया कि साधारणतया सभी घरों में सिंगल फेज इरडक्शन मोटर पर आधारित उपकरण जैसे सीलिंग फैन, टेबुल फैन, मिक्सर ग्राइंडर (मिक्सी), वासिंग मशीन, सबमर्सिबल पंप, पानी निकालने की मोटर, कूलर की मोटर, फ्रिज का कम्प्रेशर आदि में विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करती है। इस मोटर के स्थिर रहने वाले भाग को स्टेटर और उसके चारों ओर घूमने वाले भाग को रोटर कहते हैं। इस स्टेटर में तांबे या एल्यूमीनियम के तार की बाइण्डिंग होती है जो धातु से बने आधार के चारों ओर लपेटी जाती है। जब इन तारों से विद्युत धारा प्रवाहित होती है तो यह एक चुम्बकीय क्षेत्र बनाता है जो रोटर को घुमा देता है। रोटर पर ही पंखुड़ियां कसी होती हैं जो इसी के साथ घूमने लगता है और हमें हवा मिलने लगती है। बच्चों ने प्रश्न भी पूछे जिनके उत्तर दिए गए।

अन्त में प्रभारी प्रधानाचार्य रामेन्द्र सिंह कुशवाहा ने प्रतीक स्वरूप मिट्टी का घड़ा भेंट किया। लगभग 70 बच्चों के बीच आयोजित इस कार्यशाला में प्रवक्ता हरेन्द्र यादव, दीपनारायण, महेन्द्र सिंह यादव, विमल कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधान की बेटी की सीढ़ियों से गिरने से मौत

**बिधूना।** बिधूना विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरदू के ग्राम प्रधान इंद्र बहादुर यादव की बेटी खुशबू कस्बा बेला के बिधूना रोड स्थित आवास के अंदर बनी सीढ़ियों से होकर छत पर फैले कपड़े उतारने गई थी तभी सीढ़ियों से फिसल कर गिर गई जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर मौत हो गई।

छोटे भाई-बहनों ने जब काफी देर तक खुशबू के न आने पर छत की तरफ जाकर देखा तो जीने के पास बेसुध अवस्था में खुशबू मिली, इस पर उन्होंने पिता इंद्र बहादुर व दूसरे आवास पर मौजूद मां को खबर दी, ग्राम प्रधान घटना के समय आवश्यक कार्य से जिला मुख्यालय गए थे। घटना की जानकारी जैसे ही लगी तो भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग ग्राम प्रधान के आवास पर पहुंच गए।

# विद्युत विभाग के जेई के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में विद्युत विभाग के कार्यों एवं राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए विद्युत उपकेंद्र चपटा के अवर अभियंता के के राठौर की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजमोहन को दिए।

डीएम ने अधिक हानि वाले फीडर के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि इसके लिए समुचित कार्रवाई करते हुए सुधार लाएं। उन्होंने बिलिंग बढ़ाये जाने तथा नियमानुसार कनेक्शन विच्छेदन करने के साथ-साथ राजस्व वसूली को प्राथमिकता से लेते हुए लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जर्जर तार, खराब ट्रांसफार्मर / पोल को चिन्हित कर बदलवाने का कार्य समय रहते पूर्ण कर लें जिससे आगामी गर्मी के मौसम में आमजन को सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली विद्युत संबंधी समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर उसका निस्तारण जिम्मेदारी के साथ करें ।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजमोहन, अधिशासी अभियंता औरैया लेखराज, अधिशासी अभियंता दिबियापुर नेहा सिंह रहीं।



भुनियापुर कोटेदार चयन में अधिकारियों से जानकारी करते ग्रामीण। अमृत विचार

## भुनियापुर कोटेदार का चयन टला

**कंचौसी औरैया।** सहार विकास खंड के ग्राम पंचायत भुनियापुर पंचायत भवन परिसर में सोमवर दोपहर नये राशन डीलर के लिए बुलाई गई बैठक मे महिलाओं की जगह पुरुषों की अधिक संख्या देख ब्लाक से एडीओ पंचायत पंकज तिवारी के साथ आई चयन टीम ने नियमानुसार चुनाव कराने में असमर्थता जताते हुए बैठक आगामी माह के 28 तारीख तक के लिए बढ़ा दी ।

उनका कहना था कि शासन के आदेशानुसार ग्राम पंचायत में संचालित महिला सदस्य चयन के लिए पात्र है जो समूह पिछले सन 2020 से ठीक से काम कर रहे हैं उन्ही की महिला सदस्य चयन आवेदन कर सकती हैं और समूह के द्वारा ही उसका संचालन होगा। बैठक में महेश शर्मा रविन्द्र सिंह शवनम सरमन लाल आदि रहे।

# काजल ने 228वीं रैंक प्राप्त कर दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- 19वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक मीट अहमदाबाद में हुई आयोजित



काजल।

**अमृत विचार।** एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गुजरात यूनिवर्सिटी स्टेडियम अहमदाबाद गुजरात में आयोजित तीन दिवसीय 19वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक मीट 16 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित की गई थी। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कस्बा रामगढ़ के शंकरपुर गांव निवासी काजल पुत्री अखिलेश ने ऑल ओवर इंडिया में वीं 228 वीं रैंक हासिल की जनपद औरैया के जिला एथलेटिक संघ सचिव आर.पी. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले से 6 कुल खिलाड़ियों का चयन कर गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व किया जिसमें काजल शाक्य ने अंडर 14 वर्ग में एथलेटिक्स इवेंट के ट्रायथलॉन 60 मीटर दौड़ 11.24 सेकेंड 141 अंक ,लम्बी कूद 2.34 मीटर में 468 अंक ,600 मीटर दौड़ 2.22.48 मिनट में 205 अंक इस प्रकार कुल 814 अंक पाकर 228वीं रैंक प्राप्त कर नाम रोशन किया। वहीं साजन बाबू ने शॉट पुट में, वेद चौहान निशांत,भानु प्रताप, मांडवी सिंह सभी ने प्रदर्शन किया। इसमें 8000 से अधिक एथलीटन ने भाग लिया। यह चैंपियनशिप एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों की प्रतिभाओं को देखकर उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना हॉस्टल आदि की सुविधा करना जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कोच की देखरेख में प्रतिभा को निखारना है।

### भर्हापुर ने क्वार्टर फाइनल में फफूंद को 2 रन से हराया

**फफूंद औरैया।** फफूंद अछल्दा मार्ग पर स्थित मां आरके देवी महाविद्यालय टीकमपुर के प्रांगण में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में भर्हापुर टीम ने फफूंद टीम को 2 रनों से हराया भर्हापुर टीम ने 10 ओवर में 110 रन का लक्ष्य दिया जिसमे फफूंद टीम ने 108 रन ही बना पायी, जिससे भर्हापुर विजयी हुयी। मैन ऑफ द मैच समीर कुशवाहा रहे जिन्होंने 37 रन बनाए और 2 विकेट लिए कमेटी अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, साजन राजपूत, विकास राजपूत , दीपू राजपूत, चंदन कुशवाहा,विशाल रंजन त्रिपाठी, स्नेहिल दीक्षित , रजत,सुमित, विवेक, प्रियांशु, शिवा, नितिन, अवधेश, समीर, गोपाल, आक्रोश, सोनू, प्रेमचंद्र, टिंकू देवा, हर्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

तैयारी — 22 फरवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं, जिले में इस बार 73 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं सभी जगह रहेगी चाक चौबंद व्यवस्था

# सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की देखरेख में होगी बोर्ड परीक्षा

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग अंतिम तैयारी में जुटा हुआ है। सभी परीक्षा केंद्रों पर अंतिम तैयारी जोरों पर चल रही है।

वहीं यूपी बोर्ड से प्राप्त कक्ष निरीक्षकों की सूची मिलने के बाद सभी कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है। सभी केंद्र बने हुए स्कूल के प्रधानाचार्य को निर्देशित कर दिया गया है। सभी अपने कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी के लिए विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची से ड्यूटी कार्ड ऑनलाइन से निकलवा कर डीआईओएस से प्रमाणित करवा ले। जिससे सभी कक्षा निरीक्षकों की ऑनलाइन ड्यूटी कार्ड पर इस बार क्यू आर बारकोड अंकित है। जिससे अध्यापक की समस्त जानकारी एक बार क्लिक करते ही मिल जाएगी। बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण,नकलविहीन और सूचितापूर्ण संपन्न हो। इसके लिए विभाग ने चार जोन दस सेक्टर में जिले को बांट दिया है। नल की चेकिंग के लिए उड़न दस्ता की तैयारी पूरी कर दी गई है। वही जिले में इस बार 73 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें हाई स्कूल के 22637 तथा इंटरमीडिएट के 19680 छात्र/छात्राएं पंजीकृत है। जो कि परीक्षा देंगे।

परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए सभी केंद्रों पर पर कड़ी निगरानी की जाएगी। जिससे कोई भी केंद्र पर नकल जैसी शिकायत ना मिल सके। विभाग ने इसके साथ सचल दल केंद्र व्यवस्थापक के साथ कक्ष निरीक्षकों को तैनात कर दिया है। सभी कक्ष शिक्षकों को समय से 15 मिनट पहले पहुंचने की हिदायत दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से निर्देशित किया गया है फिलहाल जो भी कमियां केंद्रों पर देखने को मिल रही हैं उन्हें 21 फरवरी तक हरहाल में पूरा कर लिया जाए। जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की केंद्र पर दिक्कत ना हो। सभी केंद्रों पर स्कूल के भीतर तथा स्कूल के बाहर एक बोर्ड लगाकर परीक्षार्थियों के रोल नंबर और कक्ष संख्या अंकित की जाए। जिससे बच्चों को ढूंढने में दिक्कत ना हो।

**केंद्र व्यवस्थापक की निगरानी में होंगे प्रश्न पत्र :** जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम प्रकाश यादव के अनुसार सभी स्कूलों में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के प्रश्न पत्र केंद्र व्यवस्थापक की देखरेख में 19 फरवरी से विद्यालय में पहुंचना शुरू हो जाएंगे और सभी कॉलेजों में हर हाल में 2 दिन में प्रश्न पत्र पहुंचा दिए जाएंगे। जिसे बाद में प्रश्न पत्र को लेकर कोई उहापोह व भ्रम की स्थिति ना रहे।

### 20 परीक्षार्थी पर लगेगी एक कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी

जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम प्रकाश यादव ने बताया प्रत्येक स्कूल में 20 छात्राओं पर एक कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी निर्धारित की गई है। यदि कमरे में इससे ज्यादा छात्र होते हैं तो दो कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाए। जिससे छात्र-छात्राओं को समस्याओं से जूझना ना पड़े और उन पर कड़ी नजर भी रखी जा सके।

### बोले जिम्मेदार

इस बार बोर्ड परीक्षाओं के लिए 73 परीक्षा केंद्र बने हैं। सभी केंद्रों पर परीक्षा नकल विहीन शुचिता पूर्ण संपन्न हो। इसकी तैयारी विभाग द्वारा कर ली गई है। इसके लिए जिले को चार जोनल मजिस्ट्रेट और 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सचल दल का गठन कर दिया गया है। जिससे शासन की मंशा के अनुरोध परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। सभी विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे सही ढंग से संचालित के आदेश दिए गए हैं।

–जिला विद्यालय, निरीक्षक श्याम प्रकाश यादव

### तीसरी आंख की देखरेख में होगी परीक्षा

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया सभी विद्यालयों के केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा दुरुस्त करने के आदेश पहले ही दिए गए जा चुके थे ।तीसरी आंख की देखरेख में परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराई जायेगी । सभी स्कूलों की सीसीटीवी से कनेक्टिविटी केंद्र व्यवस्थापक के सामने डिस्प्ले पर होगी ।इसके साथ ही सभी स्कूल की जानकारी विभाग के कंट्रोल रूम पर भी दिखाई देगी। प्रत्येक स्कूल के सभी कैमरे सुचारू रूप से संचालित होने चाहिए। केंद्र व्यवस्थापक के साथ स्कूलों को निर्देशित कर दिया गया है। किसी भी कमरे का कोई भी कैमरा बंद नहीं होना चाहिए सभी फोटो साफ दिखनी चाहिए। सभी कमरों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। यदि इस प्रकार की कोई शिकायत मिलती है तो विद्यालय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जन जागरण समिति ने दिया 66 वां ज्ञापन

संवाददाता ककोर, औरैया

- एससी एसटी कानून में सुधार के लिए कर रहे हैं प्रयास

**अमृत विचार।** एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने की मांग को लेकर दिए जाने वाले ज्ञापन के क्रम में जन जागरण समिति औरैया द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित 66वां ज्ञापन दिया गया ।

सोमवार को जिला मुख्यालय ककोर पर समिति के सभी सदस्यों ने एडीएम एमपी सिंह के निर्देश पर कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी छोटे लाल को दिया गया , ज्ञापन में प्रमुख रूप से एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत लिखाए गए फर्जी मुकदमों की जांच कराए जाने तथा फर्जी मुकदमा लिखा कर प्राप्त की गई सरकारी धनराशि की वसूली कराए जाने की मांग की गई है जन जागरण समिति के प्रदेश संयोजक महेश पांडे ने बताया कि जब तक एससी एसटी एक्ट में इसका दुरुपयोग रोके जाने के लिए संशोधन नहीं हो जाता तब तक हर महीने माननीय राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन दिया जाता रहेगा आज ज्ञापन देते समय, महेश पांडे , विनय तिवारी अनूप सिंह राजपूत ध्रुव कुमार मिश्रा राकेश कुमार दुबे टीपी सिंह शिवम पांडे वेद प्रताप शिवकांत दुबे गिरीश सिकरवार ओमजी पांडे गिरीश चंद्र तिवारी राम महेश चौबे दिनेश चंद्र कुशवाहा गजेंद्र सिंह रामनाथ त्रिपाठी राम रतन पाल सुरेश कुमार राजपूत भानु प्रकाश निषाद श्याम बाबू शर्मा अरुण कुमार त्रिपाठी आदि रहे। इसके अतिरिक्त माता-पिता की इच्छा के, विरुद्ध प्रेम विवाह करने वाले लड़के और लड़कियों की न्यूनतम उम्र 25 वर्ष किए जाने की मांग को लेकर भी ज्ञापन सौंपा।

## एक नजर

### कार सवार टप्पेबाज झांसा देकर ले गया दो लाख

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव कोठी शेरपुर के आनन्द कुशवाहा ने गांव के सामने हाईवे किनारे अपना मकान बना रखा है, मकान में ही जनरल स्टोर व जनसेवा केंद्र की दुकान है। जिसे बेटा दीपक कुशवाहा चलाता है। सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे औरैया की तरफ से एक युवक ग्रे कलर की कार से आया। कार सवार युवक ने उनसे दो लाख रुपये लेकर बदले में दस व बीस के नोटों की गड्डियों वाला बैग देकर चला गया। दीपक ने नोटों की गड्डी चेक की तो वह हक्केबक्के रह गए। गड्डियों में ऊपर व नीचे के दो चार नोट ही असली थे बाकी सारे नोट की जगह किताबों की रद्दी लगी थी। आनंद कुशवाहा ने बताया कि यह युवक पहले भी दो बार नोट बदल कर दे जा चुका था, तब कोई गड़बड़ी नहीं हुई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ पहुंचे।

### टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फफूंद औरैया।** सोमवार दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे थाना दिबियापुर क्षेत्र के गांव अमुआहार निवासी आनंद पुत्र हीरालाल आयु लगभग अड़तीस वर्ष फफूंद से पाता की ओर जा रहा था पाता रोड स्थित पेट्रोल पम्प के पास बम्बा से पहले पाता की ओर से आ रहे टैंकर से सीधी टक्कर हो जाने से उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। टैंकर चालक घटना स्थल से टैंकर लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन मे शव को पोष्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव के प्रधान विनय यादव ने बताया कि मृतक अपनी बहन के घर फफूंद थाना क्षेत्र के गांव खानपुर गया था।

### नाबालिग लड़की की हो रही शादी को पुलिस ने रुकवाया

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली पुलिस को मोबाइल द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग लड़की की शादी की जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शादी को बीच में ही रुकवा दिया तथा दूल्हे को पकड़कर कोतवाली ले गयी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में 17 वर्षीय बालिका का विवाह उसके परिजनों ने एक युवक के साथ तय कर दिया था। शनिवार को दूल्हा अपने जीजा, दो बहनो तथा भाई एवं भाभी सहित करीब दस लोगों के साथ शादी करने आया रात्रि में द्वार चार के बाद खेत लगुन का कार्यक्रम चल रहा था। तभी किसी गांव के युवक ने कोतवाली पुलिस को सूचना कर दी कि नाबालिग लड़की की शादी रचायी जा रही है। मौके पर पहुची कोतवाली पुलिस ने लड़की के आधार पर अंकित 17 वर्ष उम्र के चलते शादी को रुकवा दिया तथा दूल्हे को कोतवाली पहुचा दिया। लड़की की बुआ ने बताया कि लड़की की मॉं का स्वर्गवास हो गया है लड़की के पिता एवं परिवार के लोग मिलकर शादी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लड़की बालिग है लेकिन आधार में कम उम्र लिखी है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि नाबालिग की हो रही शादी की सूचना पर शादी को रोका गया है। बालसंरक्षण विभाग को सूचना दी गयी है वह आयेगी तभी आगे की कार्यवाही होगी।

# पार्टी के खाते फ्रीज होने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## आयकर कार्यालय के सामने कांग्रेस ने दिया धरना, की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के खातों को फ्रीज करने से कांग्रेस पार्टी में भारी आक्रोश है। इस मामले को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय पर स्थित आयकर कार्यालय पर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता केन्द्र सरकार पर जमकर बरसे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।


आयकर कार्यालय पर धरना देते कांग्रेसी। अमृत विचार

धरना प्रदर्शन में पार्टी के प्रदेश सचिव मोहम्मद राशिद ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में सत्ता के नशे में चूर सरकार द्वारा बिना किसी वैद्य कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खातों को फ्रीज करके असंवैधानिक कदम उठाया है। जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रिज करना जिसमें क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े खाते भी शामिल हैं यह न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर हमला है बल्कि हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों पर एक जबरदस्त प्रहार है। प्रमुख विपक्षी दल के कामकाज में बाधा डालना भाजपा सरकार की प्रतिरोध की भावना को प्रदर्शित करता है। हम कांग्रेसी इस अन्यायपूर्ण निर्णय का मुकाबला मजबूती और दृढ़ संकल्प के साथ करेंगे।

शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा सरकार की यह हरकत न केवल हमें समान अवसर देने से वंचित करती है बल्कि उसका यह कृत्य उन लोकतांत्रिक मूल्यों पर कुठाराघात है जिन पर हमारा महान राष्ट्र खड़ा हैं। ऐसे नाजुक मोड़ पर यह जरूरी है कि हम एकजुट हो और इस अलोकतांत्रिक कदम के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, करन सिंह राजपूत, वाचस्पतिदुबे, सत्य प्रकाश राजपूत, ललित दुबे, सुनीता कुशवाहा, सरला जाटव, मिथिलेश कुमारी, आसिफ जादरान, सचिन शंखवार, श्याम सिंह कुशवाहा, सतीश शाक्य, लालमन बाथम, मनीष मिश्रा, पंकज यादव, अंसार अहमद उमेश बाबू, कृपाराम राजपूत, अमित अग्निहोत्री मौजूद रहे।

## सफाईकर्मियों ने जुलूस निकालकर दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी महासंघ के प्रदेशीय आह्वान पर सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। रैली निकाली और विकास भवन में धरना दिया। धरना सभा में कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगों की अनदेखी हो रही है।

इस धरने का राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने भी समर्थन किया। उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर यह एक दिवसीय आंदोलन किया गया था। इसके चलते सोमवार को रेलवे स्टेशन के बाहर से बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एकत्रित होकर जुलूस के रूप में निकले। यह शास्त्री चौराहा, ईदगाह चौराहा, एसपी चौराहा और डीएम चौराहा होते हुए विकास भवन पहुंचे, जहां यह प्रदर्शन एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने की।



रेलवे स्टेशन से रैली लेकर विकास भवन जाते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

धरना में पहुंचे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेताओं ने भी इस आंदोलन का समर्थन किया। परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष रिजवान अहमद, उपाध्यक्ष पूरन सिंह व प्रशांत पोरवाल तथा संरक्षक प्रदीप सक्सेना के साथ कलेक्ट्रेट संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने भी आंदोलन का समर्थन किया। महासंघ के इस धरना प्रदर्शन में अमरदीप, शिव सिंह, राजकुमार, मनीष बाबू, अमित रोशन, हरी बाबू, गंभीर सिंह, नूतन यादव, शशि बाल्मीकि, दिलासा राम, संजीव कुमार, राजकुमार, नीरज कुमार, दुर्गेश भारती मौजूद रहे। धरना के बाद महासंघ की ओर से अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव को सौंपा गया।

### पेपर लीक होने के विरोध में उतरे परीक्षार्थी

**भरथना, इटावा।** पुलिस भर्ती परीक्षा का लीक होने की अफवाहों के बीच मुहल्ला बाजपेई नगर से सोमवार की दोपहर परीक्षार्थियों ने जुलूस निकाला।

रेलवे लाइन किनारे सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए मोतीगंज रेलवे क्रॉसिंग के निकट पहुंचे। पुलिस प्रशासन को परीक्षार्थियों द्वारा निकाले जा रहे जुलूस की भनक लग गई। ये भरथना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, भरथना कस्बा चौकी इंचार्ज हाकिम सिंह भारी पुलिस बल के साथ जुलूस स्थल पर पहुंचे। पुलिस को आता देख विरोध प्रदर्शन कर रहे परीक्षार्थियों में भगदड़ मच गयी। पुलिस अधिकारी परीक्षार्थियों को पुलिस चौकी ले आये। जहां से पुलिस ने सभी परीक्षार्थियों को हिरासत में लेकर भरथना कोतवाली पहुंचा दिया। शासन ने प्रदेश भर में किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन, आन्दोलन आदि जुलूस निकाल ने पर पूर्व में ही रोक लगा रखी थी। जुलूस निकाल विरोध प्रदर्शन कर रहे परीक्षार्थियों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# 20 लाभार्थियों को 384 लाख ऋण व 10 लाभार्थियों को मिली टूलकिट

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री द्वारा इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में 10 लाख करोड़ निवेश परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। जिसमें 34 लाख युवाओं को नौकरी के अवसर मिलेंगे जिसमें विभिन्न सेक्टरों में जैसे एमएसएमई डिफेंस इन्ड्रस्मिल कॉरीडोर इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग हब इत्यादि सेक्टरों को उत्तर प्रदेश में व्यवसाय करने के लिए विभिन्न पॉलिसियों से लाभान्वित कराया जायेगा। जिसके क्रम में जनपद स्तरीय ग्राउण्ड बेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन मुख्य अतिथि गुड़िया कठेरिया सदर विधायक, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में उनके द्वारा 20 लाभार्थियों को 384 लाख ऋण वितरित किये गये और 10 लाभार्थियों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ब्यूटी पार्लर ट्रेड की महिलाओं को टूलकिट बांटी गयी। जिलाधिकारी एवं सदर विधायक गुडिया कठेरिया सभागार में बैठे हुए इन्वेस्टरों को विभिन्न पॉलिसी के बारे में अवगत कराया गया। जिसके क्रम में उपायुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर ने अवगत कराया कि जनपद औरैया को 1250 करोड़ निवेश का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ था। जिसके क्रम में 112 उद्यमियों ने 1105.65 करोड़ निवेश की तैयारी कर ली गयी है। जिसमें 10-10 करोड़ रुपये के 11 उद्यमी इन्वेस्टर्स समिटि लखनऊ में प्रतिभाग करने गये है। 101 उद्यमी मानस सभागार में उपस्थित हुए है जिन्होंने विभिन्न सेक्टरों में अपनी इकाईयों के लिए एमओयू साइन किये है। जीवीसी में उपस्थित श्री अनिल कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का सजीव प्रसारण जनपद की समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तरपर आयोजित किया जा रहा है। माननीय सदर विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर ककोर में लगी प्रर्दशनी का भ्रमण किया गया, जिसमें उद्यान विभाग, रेशम विभाग, उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं समूह की महिलाओं के लगे स्टॉलों की भूरी भूरी प्रसंशा की गयी।



टूलकिट वितरित करतीं डीएम व विधायक। अमृत विचार

इस जीबीसी में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अग्रणी जिला प्रवन्धक, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, कृषि विपणन निरीक्षक एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, हेमन्त कुमार , ओनकार वरिष्ठ सहायक, गौरव यादव आदि रहे।

# छेड़खानी के दोषी को पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता औरैया

- सदर कोतवाली क्षेत्र का सात वर्ष पुराना मामला

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने सदर कोतवाली क्षेत्र में करीब सात वर्ष पूर्व एक 13 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़खानी करने के दोषी बृजेश भदौरिया को पांच वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया। इस पर 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजन पॉक्सो जितेन्द्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि वादी मुकदमा ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 16 मई 2017 को करीब 4.30 बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री सरकारी नल पर पानी भरने गई थी।

तभी वहां पर मौजूद बृजेश भदौरिया ने उसकी पुत्री से अभद्रता करते हुए हाथ पकड़ कर छेड़खानी कर दी। जिसकी शिकायत उसकी पुत्री ने घर आकर अपनी मां से कही। इस पर उसके घर वाले विपक्षी के घर शिकायत करने गए तो उन्होंने सभी से अभद्रता व धमकी दी। पुलिस ने पॉक्सो व छेड़खानी आदि की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम मनराज सिंह की कोर्ट में चला तथा इस निर्णय सुनाया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं ने नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के दोषी को कठोर सजा देने की बहश की। वहीं बचाव पक्ष ने कहा कि अभियुक्त 53 वर्षीय शादीशुदा व्यक्ति है तथा उसके तीन बच्चे है। उसके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद एडीजे मनराज सिंह ने दोषी बृजेश भदौरिया पुत्र तकदीर सिंह निवासी बरमूपुर को पांच वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार अर्थदंड की सजा से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पडेग़ा। कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को अदा करने का भी आदेश दिया।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

**इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ताखा चौराहे के पास रविवार की देर रात को तेजी से आ रहे पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

क्षेत्र के गांव बहादुर पुरा निवासी उपेंद्र कुमार 22 वर्ष पुत्र विजय सिंह, अनुज कुमार पुत्र फूल सिंह व भूरे सिंह पुत्र हुकुम सिंह रविवार को बाइक से अपनी रिश्तेदारी में दावत खाने के लिए गए थे। देर रात वह तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे । जैसे ही वह ताखा चौराहे के पास पहुंचे तभी तेजी से आ रहे एक पिकअप लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों सड़क पर जा गिरे जिससे उनको गंभीर चोटें आई। इस हादसे में अनुज व उपेंद्र की मौत हो गई। भूरे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में चचेरे भाइयों की मौत होने की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** सोमवार को नगर के एक विद्यालय में प्राचार्य दीपिका सिंह चौहान के नेतृत्व में एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी में विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग, नमूने और नवीन परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं। इस अवसर पर पौधों के भाग, पारिस्थितिकी तंत्र, बीज अंकुरण, प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया, पेरिस्कोप, पवन चक्की, श्वसन प्रणाली, जल शुद्धिकरण, अपशिष्ट जल उपचार, प्रकाश की घटना, टपक सिंचाई, सौर मंडल नगरी, चंद्रयानपरमाणु ऊर्जा संयंत्र, हाइड्रोलिक पुल, हाइड्रोपोनिक्स सहित अन्य माडल प्रस्तुत किए गये। इस आयोजन में अंकित तिवारी, रिया अवस्थी, अनुराग गुप्ता, प्रदीप यादव, ज्योति यादव, श्रद्धा चौहान, ज्योति यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्राचार्या दीपिका सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शनी हमारे छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने का एक अनूठा अवसर है।

हमारे विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी के लिए कई दिलचस्प परियोजनाएं और प्रयोग तैयार किए हैं, जो आज के युवाओं में वैज्ञानिक रुचि को बढ़ाने में मदद करेंगे। इस प्रदर्शनी में स्थानीय प्राधिकरणों, शिक्षकों, अभिभावकों, छात्रों, और बिधूना शहर के लोगों को भी भाग लेने का अवसर मिला। प्रबंधक ए.के. सिंह ने कहा कि विधालय में इस प्रकार के आयोजन कर छात्र छात्राओं को वैज्ञानिक गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने सभी के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इससे पूर्व प्रबंधक ए.के. सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## वर्ग पहेली-348

**बाएं से दाएं**

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत
3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | |
| | | | | | 3 |
| | | 4 | | | |
| | | | | | |
| | | | | | 5 |
| | | 6 | | | |
| 7 | | | | | |

### वर्ग पहेली - 347 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कँ | ग | ला | | 2 अ | |
| टि | | | | व | |
| या | | 3 की | | स | |
| | 4 फ | ट | का | र | ना |
| | | ना | | वा | |
| 5 सु | दे | श | | दि | |
| धि | | 6 क | र | ता | ल |

## सुडोकू-65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09 .55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 12 .13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

**वृष** — आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन** — आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कर्क** — आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

**सिंह** — आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

**कन्या** — आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

**तुला** — आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

**धनु** — आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर** — आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मीन** — आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10 .00
- कर्तव्य — रात : 07 .00

**Sony Max**
- कोई जाने ना — सुबह : 09 .00
- नहले पे दहला — रात : 09 .00

**Sony Pix**
- एनाकोंडा — सुबह : 10 .17
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- बादल — सुबह : 10 .30
- लव शुदा — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
- तो बात पक्की — सुबह : 11 .04
- हीरोज — रात : 09 .48

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह-10 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12300 |
| चनादाल | 7000-7100 |
| मटरदाल | 5000-5200 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा तय

## सरकार के अंतरिम बजट में की गई घोषणा के तहत आयकर विभाग ने किया निर्धारित

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने छोटी कर मांगों को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा के तहत प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में आकलन वर्ष 2010-11 तक 25,000 रुपये और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की। इसमें शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश में कहा है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को माफ करने को लेकर प्रति करदाता के लिए एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय की गयी है। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानों के तहत कर कटौती करने वालों कर संग्राहकों के खिलाफ की गयी मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के भागीदार मनीष बावा ने कहा कि निर्देश यह स्पष्ट करता है कि यह छूट करदाताओं को 'क्रेडिट' या 'रिफंड' के किसी भी दावे का अधिकार नहीं देता है।

### नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद: पीयूष गोयल



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5.5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा-बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी।

### राजाध्यक्ष ने 16वें वित्त आयोग की सदस्यता पर असमर्थता जताई

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग का सदस्य बनाए गए 'अर्थ ग्लोबल' के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष ने निजी कारणों से इसके लिए असमर्थता जताई है। मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 31 जनवरी को 16वें वित्त आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति की थी। इसमें राजाध्यक्ष के अलावा पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। वहीं एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को अंशकालिक सदस्य नामित किया गया। मंत्रालय ने कहा-राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों की वजह से यह जिम्मेदारी संभालने में असमर्थता जताई है।

# अब एआई-जनित गलत सूचना से निपटना हो जाएगा आसान

- मार्च तक जनता के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन
- डीपफेक से बचाने के लिए एमसीए, मेटा ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी। डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं।

एक बयान के अनुसार, ''एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक



हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है।'' बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी। एमसीए व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाले सभी 'इनबाउंड' संदेशों को प्रबंधित करने के लिए एक 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' स्थापित करेगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500-47,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,300 |
| चांदी तैयार | 73,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 724 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

# बुजुर्गों के लिए अनिवार्य बचत आवास योजनाओं की जरूरत

- नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग ने बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर सुधारों, अनिवार्य बचत और आवास योजनाओं की वकालत की है। आयोग के मुताबिक, 2050 तक देश की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 19.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया-चूंकि भारत में सामाजिक सुरक्षा ढांचा सीमित है, इसलिए अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपनी बचत से मिलने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। ब्याज दरों में कमी होने की स्थिति में उनकी आय में कमी आती है। कभी-कभी यह आजीविका से भी कम हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए वरिष्ठ नागरिक जमा पर मिलने वाले ब्याज के लिए एक न्यूनतम दर तय करने को नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है। नीति आयोगी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इस समय बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

### चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में 2.48 प्रतिशत घट गया

**नई दिल्ली।** देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 2.48 प्रतिशत घटकर 2.236 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 2.293 करोड़ टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 3.305 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 3.662 करोड़ टन था। इस्मा के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु में चीनी उत्पादन कम रहा।

# हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब साफ नहीं

- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर बोले-कंपनी से पूछे गए थे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है। एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो



सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा, "मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा-हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई। अलर्ट पाने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत आदि शामिल हैं।

## राष्ट्रीय

# आवाज दबा रही सरकार, राष्ट्रपति शासन लागू हो

## संदेशखालि में महिलाओं की आपबीती सुनकर एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की मांग

कोलकाता, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग ''भाजपा के प्रभाव'' में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

शर्मा ने फोन पर बताया-इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं



ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा-उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

### जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा-दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है।

### राजस्थान में कांग्रेस विधायक मालवीया भाजपा में शामिल

**जयपुर।** राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं।



मराठा समुदाय के लोगों ने हैदराबाद के पुराने शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के जश्न में शिवाजी की वेशभूषा में हिस्सा लिया। शिवाजी की जयंती का जश्न लोगों ने बढ़-चढ़कर मनाया। ● एजेंसी

## एक नजर

### पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल घायल

**पणजी।** दक्षिण गोवा के एक गांव में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए। कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे।

### परेशान व्यक्ति ने खुद को लगाई आग

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार को मानसिक रूप से अस्वस्थ एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने एक व्यस्त सड़क पर खुद को आग लगा ली। अधिकारियों ने कहा कि यह हादसा आज सुबह पंचवटी नगर चौराहे पर हुआ। लक्ष्मी नगर निवासी प्रवीन इंगले ने पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग के हवाले कर दिया।

# कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे, नकुल कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

- पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सज्जन वर्मा ने अटकलों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने यह टिप्पणी की।

वर्मा के मुताबिक, उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। यह यात्रा मार्च महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक



प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक कमलनाथ ने उनसे कहा-मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा कि यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं ?

# केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने पर चर्चा के लिए सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने और काफी ऊंचाई पर स्थित इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशेष लोक सेवा आयोग गठित करने की मांगों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

लद्दाख के विभिन्न संगठनों का

### एचपीसी की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी

प्रतिनिधित्व कर रहे शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यह सहमति बनी। एबीएल और केडीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में हमारी मुख्य मांगों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया जिनमें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करना और 24 फरवरी को लद्दाख के लिए विशेष लोक सेवा आयोग के गठन की मांग शामिल है।

# पवार गुट अगले आदेश तक राकांपा शरदचंद्र पवार नाम का इस्तेमाल कर सकता : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के गुट को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा है।

### सिद्धारमैया, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

# मतपत्र, मतगणना के दिन का वीडियो पेश करने का निर्देश

## चंडीगढ़ महापौर चुनाव

- उच्चतम न्यायालय ने रिकॉर्ड लाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा।

अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। पांच फरवरी को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विकृत किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे हत्या के समान करार देते हुए लोकतंत्र का मजाक बताया था।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रशासन को उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारी और रिकॉर्ड की सुरक्षा



सुनिश्चित करने के लिए इन्हें सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हम दोपहर दो बजे खुद रिकॉर्ड देखेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने महापौर चुनाव के मामले की सुनवाई मंगलवार के बजाय किसी और दिन किए जाने की अर्जी को खारिज करते हुए कहा-खरीद-फरोख्त हो रही है। शीर्ष अदालत के निर्देश के अनुपालन में मसीह पीठ के समक्ष उपस्थित हुए और न्यायाधीशों ने कुछ मतपत्रों में कथित छेड़छाड़ के मामले में उनसे सवाल किये। न्यायाधीशों के सवालों का जवाब देते हुए, मसीह ने कहा कि उन्होंने पहले से ही ''विकृत'' आठ मतपत्रों पर ''X'' चिह्न लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों पर हंगामा करने और मतपत्र छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते वह मतगणना केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे की तरफ देख रहे थे। आप पार्षद कुलदीप कुमार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने चंडीगढ़ में दोबारा महापौर चुनाव की मांग करने वाली पार्टी की अर्जी पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था।

# रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

## पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े

नई दिल्ली, एजेंसी



- **व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम**
- **मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे**

सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।

# पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी



● नासिर और माइकल ने कहा- मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

## खेल डायरी

### घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

### केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमशः राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

### बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

**बर्लिन, एजेंसी।** बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



### रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

**मैड्रिड, एजेंसी।** रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

# बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

## पांच मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी



भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।

### हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेगे : बेन स्टोक्स

**राजकोट।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस श्रृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।



# नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



● शृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

# भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप



भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत r; की। चीन के खिलाफ 2-3 की हार के साथ अभियान शुरू करने वाली भारतीय महिला टीम दो जीत के बाद ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर चल रही है। ग्रुप एक के अंतिम मुकाबले में टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी।

# मंधाना ने कहा- टीम का संतुलन बेहतर हुआ है

नई दिल्ली, एजेंसी



रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि नए खिलाड़ियों को शामिल करने के बाद उनकी टीम का संतुलन काफी बेहतर हुआ है और इससे उन्हें 23 फरवरी से शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। आरसीबी के लिए पहला सत्र निराशाजनक रहा था तथा उसे अपने आठ मैचों में से छह मैच में हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम पांच टीमों वाली प्रतियोगिता में चौथे नंबर पर रही थी। दूसरे सत्र के मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। आरसीबी ने ढाई करोड़ खर्च करके एकता बिष्ट (बाएं हाथ की स्पिनर), केट क्रॉस (तेज गेंदबाज), जॉर्जिया वेयरहैम (लेग स्पिनर), सब्बीनेनी मेघना (ऑलराउंडर), सिमरन बहादुर (तेज गेंदबाज), सोफी मोलिनेक्स (बाएं हाथ की स्पिनर) और शुभा सतीश (ऑलराउंडर) जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी टीम से जोड़ा है। मंधाना ने कहा कि मैं निश्चित तौर पर चाहूंगी कि हमारी टीम पहले सत्र की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करे। जहां तक आरसीबी की बात है तो हमने कुछ खिलाड़ियों को 'रिलीज' करके नए खिलाड़ियों को टीम से जोड़ा है। इससे निश्चित तौर पर हमारा संतुलन बेहतर हुआ है और हमें विश्वास है कि हम अपनी क्षमता पर खरा उतरेंगे। आरसीबी अपने अभियान की शुरुआत 24 फरवरी को बेंगलुरु में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ करेगा।

# बॉलीवुड हलचल

## बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

### अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

## माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

## छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं, जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है.. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई. एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती. जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया...और इसलिए सभी के मुखी का नाम...'राजा शिवाजी।

### निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## मनमोहक



गुवाहाटी में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

## ब्रिटेन के स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंधित

**लंदन, एजेंसी:** ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए हर स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी हुआ है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश हैं। स्कूल को मोबाइल फोन के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी।

### कटरा से बारामूला तक विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

**श्रीनगर, एजेंसी**

- परियोजना पूरा होने से जम्मू से श्रीनगर साढ़े 4 घंटे में जा सकेंगे
- संगलदान से बनिहाल तक 16 पुल, जिनमें 11 प्रमुख

जम्मू-कश्मीर में पहली विद्युत चालित ट्रेन मंगलवार से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू में एक जनसभा में कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बनिहाल के बीच के 111 किलोमीटर के निर्माणाधीन खंड में बनिहाल से खड़ी, सुंबड़ के रास्ते संगलदान तक 48 किलोमीटर के खंड के साथ ही संगलदान से बारामूला तक करीब 185 किलोमीटर की लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे और घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। नई लाइन के चालू होने और विद्युतीकृत ट्रैक के उद्घाटन के साथ ही अब कश्मीर घाटी में बारामूला से संगलदान तक 20 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में स्वच्छ ईंधन से रेल परिवहन का नया इतिहास लिखा जाएगा। श्रीनगर होते हुए बारामूला तक लगभग 138 किलोमीटर का खंड तथा ऊधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक 23 किमी का खंड पहले ही बन चुका है।

रामबन जिला मुख्यालय के पास स्थित शहर संगलदान से बनिहाल के खंड में कुल 16 पुल हैं, जिनमें 11 प्रमुख पुल, 4 छोटे पुल और 1 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों में है, जिसमें कुल 11 सुरंगें हैं जो 43.37 किलोमीटर की लंबाई में हैं, जिसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी -50 भी शामिल है, जो खड़ी-सुम्बर खंड में 12.77 किलोमीटर लंबी है।

सुरक्षा और बचाव के लिए, 3 एस्केप सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई 30.1 किमी है। इस खंड में 23.72 किमी तक फैले 30 मोड़ शामिल हैं। यात्री सुरक्षा और आराम को और बढ़ाने के लिए, कई उन्नत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से 5 की मौत

**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।

### आतंकियों से फिलिपीनी सैनिकों की झड़प में 8 मरे

**फिलीपीन।** सैनिकों की दक्षिणी क्षेत्र के कोहरे से ढके अंदरूनी इलाकों में उग्रवादियों से झड़प हो गई जिसमें कम से कम सात सैनिक और दो विद्रोही मारे गए। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के पास इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित एक छोटे समूह दौला इस्लामिया के लड़ाकों के खिलाफ रविवार को सेना के हमले में चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सैनिक अभी भी उग्रवादियों की तलाश कर रहे हैं जो घटना स्थल से भाग गए।

### धार्मिक टिप्पणी की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन

**मंगलुरु।** विहिप और बजरंग दल ने सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने कक्षा में पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने के लिए भाजपा विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की भी मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने कक्षा में रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'कार्य ही पूजा है' पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था।

### 3 बच्चों संग महिला कुएं में कूदी, बच्चों की हुई मौत

**सराईकेला, एजेंसी।** झारखंड के सराईकेला-खरसावां जिले में पारिवारिक झगड़े के कारण महिला अपने बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इस हादसे में महिला के तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि ग्रामीणों ने महिला को कुएं से बाहर निकाल लिया। महिला की पहचान पूजा महतो के रूप में हुई है। उसे ग्रामीणों ने कुएं से बाहर निकालकर खरसावां के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। लोहरदगा जिले की रहने वाली पूजा का शनिवार को अपने पति से मायके जाने को लेकर विवाद हुआ था।

# पीटीआई ने कहा- सुन्नी इत्तेहाद में निर्दलीय होंगे शामिल

### चुनावी परिणाम से पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति, निर्दलियों को अधिसूचना के 3 दिन में पार्टी में शामिल होना था

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पीटीआई द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने संसद में अधिकतम सीटें जीती हैं लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे 8 फरवरी के चुनावों के परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम के बाद देश में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन गई। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के तीन दिनों के भीतर एक पार्टी में शामिल होना था। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी।

खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है। पीटीआई ने मतदान में धांधली के आरोप लगने पर रविवार को चुनाव परिणामों में हेरफेर की न्यायिक जांच की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 93 सीटें जीती। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी अपनी 17 सीटों के साथ उनका समर्थन करने पर सहमत है। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करना जरूरी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव रद करने की याचिका लगाने वाले को फटकारा

**इस्लामाबाद।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित धांधली के कारण चुनावों को अमान्य घोषित करने की अपील करने वाले याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तलब किया। डान अखबार की खबर के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।" पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी।

## जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन भी बारिश, हिमपात जारी

**श्रीनगर, एजेंसी**

- राष्ट्रीय राजमार्ग और श्रीनगर-लेह मार्ग कर दिया गया बंद

केन्द्रशासित प्रदेश जम्म-कश्मीर में स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग सहित कश्मीर के अधिकांश ऊंचे इलाकों में रात भर ताजा हिमपात और मैदानी इलाकों में लगातार दूसरे दिन बारिश होने से सोमवार को सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग और श्रीनगर-लेह मार्ग ताजा बर्फबारी और बारिश के कारण बंद किया गया है।

यातायात अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के मेहद-कैफेटेरिया, रामबन, तबेला चामलवास और बनिहाल में भूस्खलन होने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है। यातायात पुलिस के प्रवक्ता ने लोगों से मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (एनएच-44) पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आज ताजा हिमपात के कारण कुपवाड़ा जिले में केरन और माछिल, अनंतनाग सिंथन और मुगल रोड को जोड़ने वाली सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गईं। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने कहा कि पिछले 24 घंटों में उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में 40 सेमी हिमपात हुआ और उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग रिसोर्ट में 41.9 मिमी बारिश भी हुई। गुलमर्ग, गुरेज, पीर की गली, शोपियां और केन्द्रशासित प्रदेश के अन्य ऊपरी चोटियों में सुबह से बर्फबारी हो रही है। श्रीनगर और इसके आसपास के इलाकों में रविवार से लगातार बारिश हो रही है, जिसके कारण कई निचले इलाकों में पानी भर गया है और दिन के तापमान में काफी गिरावट देखी गयी है।

## हूती विद्रोहियों के हमले में बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान

**दुबई, एजेंसी**

- अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया

लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया है। हालांकि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों ने तत्काल इस दावे की पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही इससे पहले अमेरिकी ड्रोन को मार गिरा चुके हैं। सारी ने दावा किया कि एक अन्य हमले में हूती बलों ने लाल सागर से लगे यमन के हुदैदा बंदरगाह के निकट एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि हूती "वायु रक्षा बलों ने यहूदियों के इशारे पर हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण मिशन को अंजाम देने जा रहे अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मिसाइल के जरिए मार गिराया।

### पकिस्तान में संगीत कार्यक्रम में पथराव

**लाहौर।** पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार एक छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था, तभी कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत तुलेबा (आईजेटी) के करीब 10 सदस्यों का समूह वहां पहुंचा और प्रतिभागियों पर पथराव कर दिया उन्होंने कहा कि हमलावरों ने इस्लामी नारे लगाए।

## पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में तलब

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- लापता बलोच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देश
- दूसरी बार पेश नहीं होने पर न्यायाधीश ने जताई नाराजगी

पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था।

### नाबालिग के अपहरण की जांच सीबीआई को

**नई दिल्ली, एजेंसी :** पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से नाबालिग लड़की के कथित अपहरण की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है, जिसमें सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर एजेंसी कार्रवाई कर रही है जहां 14 वर्षीय लड़की के माता-पिता ने एक याचिका में आरोप लगाया था कि उनकी बेटी नौ अगस्त, 2023 को शाम छह बजे पढ़ाई करने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। माता-पिता ने कहा कि स्थानीय पुलिस जांच करने में आनाकानी कर रही थी लेकिन काफी आग्रह के बाद उसने मामला दर्ज कर लिया पर इस मामले में ज्यादा प्रगति नहीं हुई है।

## भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदगी पर जमानत में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को ऐसे मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिक इतिहास हो। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि इतनी भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतों को आरोपी को नियमित जमानत देने में धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो। अदालत उच्च न्यायालय के जनवरी 2022 के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

## इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

- गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खुलासा, मरने वालों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे, जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था।

## अट्टुकल पोंगाला उत्सव



तिरुवनंतपुरम में सोमवार को अट्टुकल पोंगाला उत्सव से पहले बच्चे अटुकल भगवती मंदिर में कुथियोट्टम अनुष्ठान करते हुए। ● एजेंसी

**नई खोज** एक अदृश्य चंद्रमा क्षुद्रग्रह के छल्लों की रचना करता है, शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने

# किसी क्षुद्रग्रह के भी होते है शनिग्रह के समान छल्ले

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** किसी क्षुद्रग्रह के शनिग्रह के समान छल्ले (वलय) भी हो सकते हैं। यह हैरान करने वाली खबर है। वैज्ञानिकों को इस क्षुद्रग्रह पता 2013 में चल गया था। मगर इसके छल्लों का रहस्य अब उजागर हो पाया है। नई खोज के अनुसार एक अदृश्य चंद्रमा इस क्षुद्रग्रह के छल्ले बनाने में मदद कर रहा है।

चारिक्लो एक छोटी सी दुनिया है, जो मात्र 320 किमी से भी कम चौड़ी है। यह अन्य क्षुद्रग्रह की तरह ही है और शनि व यूरेनस के बीच परिक्रमा करता है। चारिक्लो के दो पतले छल्ले हैं, जिनकी चौड़ाई केवल कुछ मील की है। वर्ष 2013 में इसे खोजा गया था। तब से वैज्ञानिक इस बात पर हैरान थे कि इस

क्षुद्रग्रह के छल्ले कैसे बने होंगे और वह किस तरह का व्यवहार करते हैं। इसका पता लगाने के लिए टक्सन, एरिज़ोना में प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट और सैन एंटोनियो, टेक्सास ट्रिनिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दाफाश किया है। उनका कहना है कि इसका एक छोटे से आकर का अदृश्य चंद्रमा है। शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे संभवतः पानी की बर्फ से बने हैं। लाखों वलय कणों का मॉडलिंग करके निर्धारित किया कि एक छोटा सा चंद्रमा उन्हें बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शनि ग्रह की पतली एफ रिंग भी इसी तरह की है। चारिक्लो के चारों ओर दो पतले छल्लों की खोज अपनी तरह की पहली आश्चर्यजनक खोज है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह रहस्य उजागर हो सका। पिछले साल वेब को इसकी जांच को लगाया गया था और जो डेटा हासिल प्राप्त हुआ, उसीसे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष तक पहुच पाए।



### 1600 के दशक में पहली बार दूरबीन से देखे गए थे शनिग्रह के छल्ले

**नैनीताल :** हमारे सौर मंडल में गैस के विशाल ग्रहों में रिंग सिस्टम हैं। जिनमें शनि की वलय प्रणाली को 1600 के दशक में दूरबीन से पहली बार देखा गया था। 1970 और 80 के दशक में नासा के वोयाजर अंतरिक्ष यान ने बृहस्पति और नेपच्यून के छल्ले देखे। 1977 में यूरेनस के छल्ले देखे गए थे। हमारे सौर मंडल में सभी चार गैस विशाल ग्रह को वलय के रूप में जाना जाता है।

## 'रॉ' से जुड़े आलेख हटाने वाली याचिका रद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा-राष्ट्रीय सुरक्षा में नहीं देंगे दखल

दिल्ली हाईकोर्ट ने ऑनलाइन समाचार पत्रिका में प्रकाशित उस आलेख को 'ब्लॉक' करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका रद कर दी, जिसमें गुप्तचर एजेंसी 'रॉ' के लिए काम करने वाले अधिकारियों की कथित तौर पर पहचान जाहिर की गई है। 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के ये अधिकारी अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन स्थित भारतीय राजनयिक मिशन में पदस्थ हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में दखल नहीं देना चाहिए।

अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकने वाले किसी भी आलेख को 'ब्लॉक' करने की शक्ति व प्राधिकार भारत सरकार के पास मौजूद है। याचिका में, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) को यह दिशानिर्देश तैयार करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि कोई मीडिया संस्थान भारतीय गुप्तचर एजेंसी के लिए काम करने के वास्ते विदेश में तैनात किसी सरकारी अधिकारी या राजनयिक से जुड़ी जानकारियां प्रकाशित न करे। याचिका में, केंद्र को 30 नवंबर 2023 के 'यूआरएल' (वेब पता) को 'ब्लॉक' करने के लिए निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता एवं वकील राघव अवस्थी द्वारा किये गए दावे अनुमान पर आधारित हैं। अदालत ने कहा कि भारत सरकार के पास ऐसे किसी आलेख को ब्लॉक करने की पूरी शक्ति एवं प्राधिकार है जो राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाते हों...अदालत इस क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि भारत सरकार और इसके विदेशी समकक्षों के बीच मुद्दों का निपटारा सावधानीपूर्वक करना होगा, क्योंकि ये दो देशों के बीच संबंधों पर आधारित हैं। आलेख प्रथम दृष्टया अधिकारियों के करियर को नुकसान नहीं पहुंचाता है, न ही उनके परिवार के जीवन को खतरे में डालता है। याचिका रद की जाती है।